फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 22 मार्च 2024
वर्ष 34, अंक 57, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु 16

धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान 15


## बदायूं हत्याकांड : दूसरे हत्यारोपी जावेद को ऑटो चालकों ने बरेली से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ बदायूं

- कहा, बच्चों से नफरत करता था साजिद, इसलिए दिया वारदात को अंजाम

**अमृत विचार :** बदायूं में दो बच्चों की गला काटकर हत्या के मामले में दूसरे आरोपी जावेद को गुरुवार तड़के सेटेलाइट बस स्टैंड पर कुछ ऑटो चालकों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद दिल्ली भागा जावेद लखीमपुर खीरी जाने के लिए सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था, जहां उसे एक ऑटो चालक पहचानने के बाद अपने साथियों की मदद से दबोच लिया। बदायूं पुलिस की पूछताछ में जावेद ने बताया कि उसके भाई साजिद के बच्चे नहीं हो रहे थे। वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। बच्चों से नफरत करता था।

बदायूं की बाबा कॉलोनी में ठेकेदार विनोद कुमार के दो नाबालिग बेटों की 19 मार्च की देर शाम हत्या करने वाले साजिद को पुलिस ने मुठभेड़ में उसी रात मार गिराया था मगर हत्या के दौरान उसके साथ रहा उसका भाई जावेद फरार हो गया था।

गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे उसे कुछ ऑटो चालकों ने सेटेलाइट बस स्टैंड पर दबोच लिया। बताया जा रहा है कि जावेद लखीमपुर खीरी जाने की फिराक में था और दिल्ली की बस से बरेली पुराने रोडवेज बस अड्डे पर उतरने के बाद साहिल मौर्य के ऑटो में बैठकर सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था। रास्ते में ही साहिल को उस पर शक हुआ। साहिल ने सेटेलाइट पहुंचकर अपने साथी अभिषेक प्रताप सिंह, शेखर यादव और विकास सोनकर को इकट्ठा कर जावेद को रोक लिया। ऑटो चालकों ने इसके बाद जावेद से उसका नाम पूछा तो वह हड़बड़ा गया। उसने भागने की कोशिश की तो ऑटो चालकों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया और एक ऑटो में बैठा लिया।

## निर्वाचन आयोग की विकास कार्यों की धनराशि पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने विकास कार्यों की धनराशि जारी करने पर रोक लगा दी है। आयोग ने लोकसभा चुनाव और राज्यों में उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के तहत सांसदों और विधायकों की विकास निधि को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश में सांसद और विधायक निधि के तहत संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक कोई नया फंड रिलीज नहीं होगा। जिलाधिकारियों-जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सांसद को विकास निधि के अधीन नई निधि जारी नहीं की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक विधायक-विधान परिषद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत नई निधियां जारी नहीं की जाएंगी। पत्र के जारी होने से पहले किसी विकास कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है तो ये काम चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकते हैं।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारियों को लिखा पत्र



#### वोटर आईडी न होने पर 12 विकल्पों का करेंगे प्रयोग

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में सभी लोगों के मतदाता फोटो पहचान पत्र सुनिश्चित किए गए हैं। इसके बाद भी अगर किसी का मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) नहीं बन पाता है, तो लोग 12 विकल्पों का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधानसभा सदस्यों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज शामिल हैं।

#### विकसित भारत के व्हाट्स एप संदेश पर भी रोक

निर्वाचन आयोग ने केंद्र सरकार की ओर से 'विकसित भारत' को लेकर लोगों को जारी किए जा रहे व्हाट्सएप संदेश पर रोक लगा दी है। केंद्र को भेजे पत्र में आयोग ने कहा कि देश में आचार संहिता लागू होने के बाद भी व्हाट्सएप संदेश भेजे जाने की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने केंद्र को संदेश पर रोक का पालन कराने की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।






## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की उम्मीद

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल एवं श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने यात्रा की व्यवस्था और तैयारियों पर चर्चा के लिए यहां राजभवन में एक बैठक की अध्यक्षता की। यह 52 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होने के बाद 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी।

### ईडी के अधिकारियों के खिलाफ नोटिस पर रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में राज्य पुलिस के नोटिस पर गुरुवार को रोक लगा दी। सोरेन ने 29 जनवरी को दिल्ली स्थित उनके आवास पर एजेंसी द्वारा की गई छापेमारी के संबंध में रांची के अजा/अजजा पुलिस थाने में ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# चुनाव आयोग को दी चुनावी बॉण्ड की सभी जानकारियां

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एसबीआई ने दाखिल किया शपथ पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने चुनावी बॉण्ड के संबंध में अपने पास मौजूद सारी जानकारी निर्वाचन आयोग को उपलब्ध करा दी है।

शीर्ष अदालत में दाखिल एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआई के अध्यक्ष ने कहा कि साइबर सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के बैंक खाते की पूरी संख्या और केवाईसी के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए। बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया कि इसी तरह, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए दानदाताओं के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किए गए। हालांकि, तथ्य यह भी है कि ऐसी जानकारी प्रणाली में दर्ज/संकलित नहीं की जाती है। राजनीतिक दलों की पहचान के लिए ये आवश्यक भी नहीं हैं। हलफनामे में कहा गया है कि एसबीआई ने जानकारी का खुलासा किया है, जिसमें बॉण्ड के खरीदार का नाम, उसका मूल्य और विशिष्ट संख्या, इसे भुनाने वाली पार्टी का नाम और बैंक खाता संख्या के अंतिम चार अंक दर्शाए गए हैं।



हलफनामे में कहा गया कि एसबीआई ने 15 फरवरी, 2024 और 18 मार्च 2024 को शीर्ष कोर्ट द्वारा पारित आदेशानुसार अब सभी विवरणों का खुलासा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च को एसबीआई को फटकार लगाते हुए उसे मनमाना रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा था। इससे पहले, 15 फरवरी को एक फैसले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र की विवादास्पद चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था।

### फैक्ट चेक यूनिट पर केंद्र की अधिसूचना पर लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए ' 'फैक्ट चेक यूनिट' ' से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च 2024 की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में हम निर्णय लेने से बच रहे हैं।

### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली अर्जियां गुरुवार को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक हैं और इससे अव्यवस्था और अनिश्चितता की स्थिति बनेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय शर्तें) अधिनियम, 2023 पर भी अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह अधिनियम, 2023 की वैधता को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं पर गौर करेगी। पीठ ने केंद्र से छह सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को नियत की। याचिकाकर्ताओं से पीठ ने कहा कि इस समय हम कानून पर रोक नहीं लगा सकते।

# आबकारी नीति मामले में ईडी ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार

## गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची आप, सुनवाई की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम गुरुवार शाम यहां उनके आवास पर तलाशी लेने पहुंची और उन्हें आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जांच में शामिल होने के लिए समन सौंपा। तकरीबन दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले ईडी की छह सदस्यीय टीम, दिल्ली पुलिस के कर्मियों साथ राजधानी में फ्लैगस्टाफ रोड स्थित केजरीवाल के आवास पर पहुंची।

ईडी की कार्रवाई की जानकारी पाकर भारी संख्या में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता, समर्थक मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा बढ़ता देखकर पुलिस ने तमाम कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। इनमें कई विधायक भी बताए जा रहे हैं। उधर केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप सुप्रीम कोर्ट पहुंची है और रात में ही सुनवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा है। ईडी शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया। इस बीच, केजरीवाल ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। ईडी टीम के पहुंचने के तुरंत बाद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा कि ईडी छापेमारी कर रही है।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

- ईडी ने मुख्यमंत्री के आवास पर ली तलाशी, दो घंटे तक पूछताछ

मुझे अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई।

ईडी के अधिकारी केजरीवाल के आवास पर पहुंचे, दिल्ली पुलिस और आरएएफ तथा सीआरपीएफ के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया। ईडी ने आप समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की मांग की थी। इससे पहले केजरीवाल को ईडी ने नौ बार समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। बाद में इस नीति को रद कर दिया गया था।

## कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु करने की हो रही कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी



- बैंक खाता सीज किए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता हुए मुखर
- खाते में 285 करोड़ रुपये लेकिन चुनावी खर्च के लिए संकट
- पार्टी अध्यक्ष खरगे, सोनिया व राहुल गांधी केंद्र पर हमलावर

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सीज करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराधिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है। । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि उसके खाते सोजी समझी रणनीति के तहत और मोदी तथा शाह की सह पर सीज किए गए हैं ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सीज होने की वजह से नहीं किया जा सकता है।

पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और जो अवसर एक राजनीतिक दल को लोकतंत्र में मिलने चाहिए उसे खत्म किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। एक ओर साज़िशन मुख्य विपक्षी दल के खाते सीज कर रहे हैं और दूसरी ओर मौजूदा सत्ताधारी दल ने चुनावी बॉण्ड से चुनावी चंदा लेकर अपने अकाउंट भर लिए हैं। यह सत्ताधारी दल द्वारा समान अवसर को खत्म करने के लिए एक ख़तरनाक खेल खेला गया है।

### आसन्न हार से हताश कांग्रेस बहाने बना रही

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कांग्रेस के आरोपों को गुरुवार को खारिज कर दिया और दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए वह पूरी तरह से हताशा में बहाने बना रही है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर इस मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, जिसके कारण उसके खाते फ्रीज किए गए।

## जेल के खाने में मुझे दे रहे जहर : मुख्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- अदालत में गुहार, मेडिकल बोर्ड बनाकर कराएं मेरा इलाज
- एमपी-एमएलए कोर्ट में मुख्तार के वकील ने लगाई अर्जी

**अमृत विचार :** बाराबंकी में अपर सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 पर गुरुवार को गैंगस्टर मुख्तार अंसारी की फर्जी एंबुलेंस मामले में पेशी हुई। जिसमें मुख्तार तो पेश नहीं हुआ लेकिन उसके वकील ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें मुख्तार की तरफ से लिखा गया कि 19 मार्च की रात उसे खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। वर्चुअल पेशी में बांदा जेल के डिप्टी जेलर महेंद्र सिंह हाजिर हुए। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि मुख्तार बीमार है। जिसकी वजह से वह सुनवाई में पेश होने में असमर्थ है। कोर्ट ने मामले में 29 मार्च की अगली तारीख लगा दी।



मुख्तार अंसारी के वकील रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि प्रार्थनापत्र में मुख्तार की तरफ से लिखा गया है कि खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि उसका दम निकल जाएगा। खाने के बाद से ज्यादा घबराहट हो रही है। जबकि इससे पहले स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक था। इसलिए डाक्टरों की टीम बनाकर उसका सही इलाज करवाया जाए। मुख्तार ने आरोप लगाया कि 40 दिन पहले भी उसे इसी तरह खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था जिससे उसका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। समुचित इलाज कराने के साथ ही एक मेडिकल बोर्ड बनाकर जांच कराने की मांग की है। दरअसल फर्जी एंबुलेंस मामले में 24 मार्च 2022 को तत्कालीन डीएम डा. आदर्श सिंह ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर केस को मंजूरी दी थी। इसके बाद 25 मार्च 2022 को तत्कालीन शहर कोतवाल ने मुख्तार व उसके 12 अन्य सहयोगियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। अब इस मामले का ट्रायल एमपीएमएलए कोर्ट में हो रहा है।

## 67,450 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर सोना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव मजबूत वैश्विक रुझानों के बाद 1,130 रुपये के उछाल के साथ 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की तेजी के साथ 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी।

## खेल-खेल में कक्षा चार के छात्र ने फंदा लगाया, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अलीगंज थाना क्षेत्र के त्रिवेणी नगर द्वितीय का मामला

**अमृत विचारः** अलीगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर खेल-खेल में कक्षा चार के छात्र ने फंदा लगा लिया। मां कमरे में पहुंची तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिजन ने आरोप से इनकार किया है।

मूलतः सीतापुर निवासी सिद्धार्थ त्रिवेणी नगर निवासी अमित कुमार के मकान में सर्वेंट क्वार्टर में परिवार के संग रहते हैं। वह पेंटिंग का काम करते हैं। परिवार में पत्नी बबीता के अलावा दो बेटे हैं। बबीता मकान मालिक के घर में खाना बनाती हैं। बड़ा बेटा आदर्श गौड़ (12) एलपीएस में कक्षा चार का छात्र था। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर बबीता अमित के किचन में खाना बना रहीं थी। छोटा बेटा उत्कर्ष (8) सर्वेंट क्वार्टर में था। इसी दौरान बबीता ने आदर्श को छोटे भाई के पास जाने की बात कही। कुछ देर बाद वह खाना बनाकर पहुंचीं तो आदर्श का शव फंदा से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में सिद्धार्थ ने खेल-खेल में बेटे द्वारा फंदा लगाने की बात कही।

**इनसे सीखें** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर निभा रहे नदियों के संरक्षण की जिम्मेदारी

# कुकरैल को दिलाया नदी का दर्जा, अब नदियों का संरक्षण

### विश्व जल संरक्षण दिवस आज

- जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन लिए मिला भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के कुकरैल को नदी का दर्जा दिलाने वाले बीबीएयू के प्रोफेसर अब छात्रों को नदी संरक्षण का पाठ पढ़ा रहे हैं। पर्यावरण विज्ञान के अध्येता को नदियों के संरक्षण के लिए शासन ने अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। इन्हें जल संरक्षण को लेकर कई अवार्ड भी मिल चुके हैं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रो. वेंकटेश दत्ता बताते हैं कि उनका प्रयास जल संसाधन प्रबंधन से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में नदियों के संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है। इसलिए कैचमेंट प्लानिंग, नदी पुनर्स्थापन और इको-हाइड्रोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य जल नीति 2020 की प्रारूप समिति के सदस्य का कहना है कि उप्र में 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास आरंभ हो गए हैं। हाल में इसका प्रमाण लखनऊ की कुकरैल नदी को संरक्षित किया जाना है। जल संरक्षण के सार्थक प्रयासों को लेकर प्रो. दत्ता को वर्ष 2022 में भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार दिया जा चुका है।



#### रोज लगती है पाठशाला हजारों ऑनलाइन छात्र

प्रोफेसर दत्ता यमुना नदी के किनारे छात्रों की पाठशाला लगा रहे हैं। इसमें पहले विश्वविद्यालय के ही छात्र जुड़े थे। संरक्षण की मुहिम इतनी कारगर हुई कि ये संख्या ऑनलाइन व्यवस्था के सहारे हजारों में पहुंच गई है।

#### 13 वर्षों से जारी है नदी पुनरुद्धार मुहिम

उप्र में गोमती, घाघरा, राप्ती बेसिन की 17 नदियों और छोटी धाराओं के पुनरुद्धार पर वर्ष 2011 से कार्य कर रहे प्रो. दत्ता बताते हैं कि 960 किमी की यात्रा करके 27 सहायक नदियों का दस्तावेजीकरण पूरा किया है। 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवन मिला है।

#### 25 देशों में दिया जल संरक्षण का संदेश

अमेरिका के फुलब्राइट स्कॉलर और इंग्लैंड के ब्रिटिश शेवेनिंग फेलो रहे प्रोफेसर दत्ता ने 25 से अधिक देशों की यात्रा कर जल संरक्षण का संदेश दिया है। अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय से पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कर उप्र के 2019 भूजल विधेयक के साथ केंद्र सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2020 का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

#### दुनिया के 50 प्रदूषित शहरों में 13 यूपी के

दुनिया के 50 प्रदूषित शहरों में 13 शहर यूपी के भी हैं। इनमें नोएडा, गाजियाबाद के अलावा लखनऊ को प्रदूषित शहरों की सूची में जोड़ा गया है। मेरठ, बरेली, बुलंदशहर, हापुड़, पीलीभीत, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, बदायूं, फतेहपुर जनपद भी उक्त सूची में शामिल हैं।

## एक नजर

### योगी ने की आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना



**अमृत विचार, लखनऊ :** आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव के जल्द स्वस्थ होने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने एक संदेश में कहा कि सद्गुरु जग्गी वासुदेव को सर्जरी से शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की हार्दिक शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को भारत रत्न बिस्मिल्लाह खां को उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ने शहनाई वादन को साधना एवं आराधना के रूप में आत्मसात किया।

# इस सत्र में शुरू होंगे तीन नए एटीएस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नए शैक्षणिक सत्र से तीन नए आश्रम पद्धति विद्यालय शुरू हो जाएंगे। आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) का संचालन होने से जरूरतमंद बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। विद्यालय के लिए 70 शिक्षक आउटसोर्स से रखे जाएंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों का अभी संचालन हो रहा है। इनका संचालन समाज कल्याण विभाग के अधीन होता है। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। पिछले माह नए आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट स्वीकृत हुआ था। जौनपुर में दो और अयोध्या में एक विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उपनिदेशक

- जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में होंगे दाखिले
- उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी ने तीनों का किया निरीक्षण
- छात्रों का होगा दाखिला, आउटसोर्स से रखे जाएंगे 70 शिक्षक

समाज कल्याण और जिला समाज कल्याण अधिकारी ने तीनों विद्यालयों का निरीक्षण कर रिपोर्ट निदेशक को भेज दी है।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विद्यालयों में छात्रों के दाखिले के लिए शीघ्र आवेदन कराए जाएंगे। साथ ही 70 शिक्षकों को आउटसोर्स के माध्यम से रखा जाएगा। जबकि स्थायी शिक्षकों की नियुक्त के लिए अध्याचन आयोग को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि नए शैक्षणिक सत्र से विद्यालयों का संचालन शुरू हो जाए।

### एटीएस में दाखिले के लिए तय की परीक्षा तिथि

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं के दाखिले के लिए 27 को होने वाली परीक्षा की तिथि बढ़ाकर 28 मार्च कर दी गई है। समाज कल्याण निदेश कुमार प्रशांत ने बताया कि 27 मार्च को बेसिक शिक्षा की परीक्षा होनी थी इसलिए तिथि एक दिन आगे बढ़ाई गई। उन्होंने बताया कि कक्षा छह के बच्चों के लिए किताब और ड्रेस खरीदने के लिए सभी जिलों को दो-दो लाख रुपये की धनराशि दी गई है।

# होली पर अनाधिकृत वाहनों और वस्तुओं की होगी धर-पकड़

## 1 अप्रैल तक चलेगा अभियान, प्रतिबंधित व विस्फोटक सामग्री पर रहेगी नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली के पर्व पर सभी जिलों में अनाधिकृत वाहनों के रोकथाम के लिए संयुक्त चेकिंग अभियान गुरुवार से शुरु हो गया है। इतना ही नहीं सड़कों पर दौड़ी रहीं सभी बसों के भीतर भी गैरकानूनी वस्तुओं की चेकिंग के निर्देश हैं। यह अभियान 1 अप्रैल तक चलेगा। साथ ही यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को मेनटेंनेंस के साथ चलाने को कहा गया है।

चेकिंग अभियान के दौरान यह भी देखा जाएगा कि बसों में अवांछनीय, प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री न ले जाई जा सके। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने भी सभी



- होली पर यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए सभी बसों को सड़क पर उतारने के निर्देश

संभागीय व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को गुरुवार को निर्देशित किया है कि, होली के अवसर पर उप्र. के अंदर आने वाली व यहां से अन्य राज्य में जाने वाली अथवा राज्य के विभिन्न स्थानों से बहुतायत में संचालित होने वाले अनाधिकृत वाहनों से जहां एक ओर निगम की आय प्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर व्यापक कर चोरी से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ यात्री सुरक्षा मानकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता है।

वहीं, होली पर यात्रियों के भारी संख्या में आवाजाही की संभावनाओं को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को सड़क पर उतारने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस क्रम में सभी क्षेत्रीय, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को शत-प्रतिशत बसों के संचालन के साथ-साथ बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### शत-प्रतिशत बसें होंगी ऑनरोड

उप्र. परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने गुरुवार को जारी एक सूचना में कहा कि 24 व 25 मार्च को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके बाद विभिन्न गन्तव्यों के लिए जनसामान्य का भारी संख्या में आवागमन देखते हुए यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाएगा। इस कड़ी में प्रत्येक क्षेत्र सभी बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को मजबूत व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करेगा। सभी सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाएगा।

### अतिरिक्त बैठने की भी व्यवस्था

एमडी ने कहा कि एसी बसों के संचालन को निर्धारित कर आनलाइन बुकिंग, आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ-साथ सभी बस अड्डों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

# भ्रामक कंटेंट पर प्रतिक्रिया करने से बचें

## सोशल मीडिया से जनता तक तथ्यपरक जानकारी पहुंचाएं : भूपेंद्र चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के साइबर योद्धा होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सभी भ्रामक कंटेट पर प्रतिक्रिया करने से बचे और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक तथ्यपरक जानकारी पहुंचाएं। संगठन के बड़े पदाधिकारियों ने यह सलाह पार्टी की गुरुवार को संपन्न सोशल मीडिया प्रदेश कार्यशाला में दी।

राजधानी के अटल बिहारी वाजपेयी सांइटिफिक कन्वेशन सेंटर में कार्यशाला की शुरुआत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने की। इस मौके पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और सोशल मीडिया संयोजक अंकित चंदेल मौजूद रहे। कार्यशाला में क्षेत्र एवं जिलो के सोशल मीडिया के संयोजक व सहसंयोजक और प्रभारी भी शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि वर्तमान युग डिजिटल युग है जिसमें त्वरित जानकारी और त्वरित प्रतिक्रिया प्रत्येक व्यक्ति के पास उपलब्ध है। जलशक्ति मंत्री एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक स्वतंत्र देव सिंह ने विचार रखा कि, आने वाले दिनों में विपक्ष अपने हथकंडो के साथ सोशल मीडिया पर भ्रम, झूठ, फरेब से नकारात्मक नेरेटिव क्रिएट करने का प्रयास करेंगे, लेकिन हम तथ्यों के आधार पर विपक्ष के झूठ को बेनकाब करने का काम करें।



सांइटिफिक कन्वेशन सेंटर में कार्यशाला की दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी को भगवान राम की मूर्ति भेंट करते एमएलसी पवन सिंह चौहान।

- भाजपा की सोशल मीडिया प्रदेश कार्यशाला में संगठन के बड़े पदाधिकारियों ने दी सलाह

प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि आज सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म प्रतिदिन नए फीचर्स के साथ आ रहे है। ऐसे में पदाधिकारी होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रत्येक अपग्रेड के लिए अपडेट रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से सोशल मीडिया के प्रदेश सहसंयोजक शशिकुमार एवं गौरव वार्ष्णेय और प्रदेश सोशल मीडिया टीम के सदस्य निखिल सिन्हा एवं शुभम मिश्रा मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन सौरभ मारोदिया ने किया।

### सकारात्मक लेखन करने वालों को कराएं सम्मानित : सुधांशु

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सकारात्मक लेखन कर रहे लोंगों को स्थानीय जनप्रतिनिधि से सम्मानित कराएं। साथ ही भाजपा की उपलब्धियों को लोगों को बताएं। त्रिवेदी ने उक्त बात बख्शी तालाब स्थित एसआर इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में मीडिया कार्यशाला दौरान कही। उन्होंने दशरथ नंदन राम के जन्म का सही अर्थ बताया। साथ ही कहा कि भाजपा शासन में ही सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन, रक्षा क्षेत्र में मिसाइल के सटीकता से लक्ष्य भेदन का सफल परीक्षण आदि हुए। बताया कि प्रधानमंत्री ने अबकी बार 400 पार का नारा क्यों दिया है। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने सभी अथितियों को भगवन श्रीराम का विग्रह मूर्ति रूप देकर सम्मानित किया। पीयूष सिंह चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष और डॉ. त्रिवेदी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संजय राय, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष विनय सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, हिमांशु दुबे, एसआर ग्रुप के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने तय किए यूपी के प्रत्याशियों के नाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में गुरुवार को हुई बैठक में प्रदेश की 17 लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों पर मंथन हुआ। पार्टी की ओर से प्रत्याशियों के नामों की औपचारिक घोषणा नहीं की गई। प्रत्याशियों की सूची जल्द जारी होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में ज्यादातर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अमेठी सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी के नाम पर सहमति बनी है। इसके अलावा वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, बाराबंकी से तनुज पुनिया, अमरोहा से दानिश अली अंसारी, कानपुर से आलोक मिश्रा, बासगांव से सदल प्रसाद सिंह, देवरिया से अखिलेश सिंह, झांसी से प्रदीप जैन आदित्य व सहारनपुर से इमरान मसूद के नाम तय किए गए हैं। मालूम हो कि दानिश अली अंसारी हाल ही में बसपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि पार्टी जल्द ही सूची की औपचारिक घोषणा करेगी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद पार्टी पर सूची शीघ्र जारी करने का दबाव बना हुआ है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों की ओर से केंद्रीय नेतृत्व को कहा गया है कि प्रत्याशियों की सूची शीघ्र जारी की जाए ताकि प्रत्याशी चुनाव की तैयारी समय से शुरू कर सकें।



पार्टी मुख्यालय पर बड़ी संख्या में भाजपा सहित अन्य दलों के नेता, पदाधिकारियों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद प्रेसवर्ता करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

# कई दलों के नेता, समर्थक सपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की नीतियों और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए गुरुवार को बड़ी संख्या में भाजपा सहित अन्य दलों के नेता, पदाधिकारी, समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। शामिल होने वाले सभी नेताओं ने सपा एवं इंडिया गठबंधन पर अपना भरोसा जताया। इस दौरान लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने भी सपा के प्रति अपना समर्थन जताते हुए अखिलेश यादव के नेतृत्व को मजबूती देने का भरोसा दिलाया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में अपने समर्थकों के साथ आए विभिन्न दलों के नेताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें एमआईएम के पूर्व प्रत्याशी डॉ. सुनील दिवाकर और भाजपा छोड़कर डॉ. रंग लाल दिवाकर तिर्वा, डॉ. बीएल वर्मा, गौरव शाक्य, जीशान कुरैशी, राम शंकर लोधी, तोषी कुशवाहा, अवनीश पटेल, पंकज राजपूत, अनिल दोहरे आदि शामिल रहे। वहीं, अनिल कटियार प्रभारी कन्नौज के नेतृत्व में भी दर्जनों नेता सपा के सदस्य बन गए। प्रमोद यादव के साथ नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ली। कन्नौज के नेम सिंह यादव, हसन हसीब, आकाश शाक्य, राजेन्द्र सिंह यादव, रवि यादव और अन्य बड़ी संख्या में नेता पार्टी में शामिल हुए।

## शॉर्ट फॉर्म का प्रयोग करने से बचें अदालतें

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अधीनस्थ अदालतों को आदेश दिया है कि वे आदेश पत्रक (ऑर्डर शीट) पर स्पष्ट आदेश लिखें व संक्षेप अक्षर (शॉर्ट फॉर्म) का प्रयोग करने से बचें। न्यायालय ने कहा कि यदि कोई बड़ा शब्द बार-बार प्रयोग करना हो तो एक बार पूर्ण शब्द के साथ शॉर्ट फॉर्म लिखने के बाद अन्य स्थानों पर शॉर्ट फॉर्म का प्रयोग किया जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने अजय सिंह उर्फ गोलू की याचिका पर पारित किया। याची ने लखनऊ के न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय द्वारा एक आपराधिक मामले में उसे तलब किए जाने व गैर जमानतीय वारंट जारी करने सम्बंधी आदेश को चुनौती दी थी। न्यायालय ने मामले के ऑर्डर शीट पर गौर करने पर पाया कि उसमें शॉर्ट फॉर्म का कई जगह प्रयोग किया गया था जिसकी वजह से आदेश अस्पष्ट थे। न्यायालय ने ऑर्डर शीट के कुछ शब्दों को भी उद्धत किया जैसे 'अभि.गण गैर हा.हैं'। न्यायालय ने आगे कहा कि एक ऑर्डर शीट में तो मात्र दो चार शब्दों का एक आदेश पारित किया गया है जिसे समझना संभव नहीं है।

# ढाई लाख शस्त्र जमा, 279 हुए जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग द्वारा की गई कार्रवाई में पूरे प्रदेश में कड़ी कार्रवाई की गई। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 24,59,020 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गईं। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 15,02,893 तथा निजी स्थानों से 9,56,127 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 1,63,987, पोस्टर के 6,94,513, बैनर के 4,45,461 एवं अन्य 1,98,932 मामलों में कार्यवाही की गयी। गैर कानूनी सभा, भाषण एवं अन्य मामलों में 5 एफआईआर दर्ज की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी एवं नार्कोटिक्स व अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जॉच के लिए 508 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1746 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। पुलिस विभाग द्वारा 20 मार्च तक 2,54,758 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा अपराधियों के 279 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 3,420 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 5,18,471 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 1004 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 1007 कारतूस, 4 किग्रा विस्फोटक व 70 बम बरामद किए गए। अवैध शस्त्र बनाने वाले 174 केन्द्रों पर पुलिस द्वारा रेड डालकर 34 केन्द्र सीज किए गए। उन्होंने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य एजेंसियों द्वारा 20 मार्च तक कुल 6746.11 लाख रुपये कैश जब्त किया गया।

- 6746.11 लाख रुपये कैश जब्त किया गया

## मेघालय में लखनऊ के मैकेनिक के अपहरण मामले का योगी ने लिया संज्ञान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेघालय में उप्र. के नागरिक अखिलेश सिंह के अपहरण के मामले का संज्ञान लेते हुए मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनरॉड संगमा से फोन पर बात की। गुरुवार को योगी ने संगमा से अखिलेश सिंह की सकुशल वापसी के लिए आग्रह किया। अखिलेश सिंह लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी हैं और मेघालय के साउथ गारो हिल्स में कार्यरत कंस्ट्रक्शन कंपनी में भारी वाहन के मकैनिक और सुपरवाइजर के पद पर कार्य करते हैं। 49 वर्षीय अखिलेश सिंह का मेघालय की दक्षिण गारो हिल्स में अपहरण के बाद कांट्रेक्टर ने अखिलेश की पत्नी शीला सिंह को फोन कर घटना की जानकारी दी। पति के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए शीला सिंह ने उत्तर प्रदेश और मेघालय सरकार से मदद की गुहार लगाई है। वहीं इस पूरे मामले में योगी आदित्यनाथ ने मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनरॉड संगमा से बात की है।

# पौने दो करोड़ से अधिक उत्तर पुस्तिकाएं चेक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पौने दो करोड़ से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया है। अधिकारियों की सख्ती का असर मूल्यांकन में देखने को मिल रहा है। शिक्षकों ने जिस तरह से रफ्तार पकड़ी है उससे उम्मीद है कि अब निर्धारित अवधि से पहले ही सभी बच्चों की कॉपियां चेक हो जायेंगी।

लखनऊ के पांच केन्द्रों सहित प्रदेश सभी 259 केन्द्रों पर कक्षा 10 और 12 के बच्चों की कॉपियां लगातार चेक हो रही है। मूल्यांकन प्रक्रिया पर माध्यमिक शिक्षा विभाग लगातार ऑनलाइन निगरानी बनाये हुए है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव की ओर से भेजी गई जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को कुल 43,06,210 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया।



राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार।

- अधिकारियों की सख्ती का दिखा असर, शिक्षकों ने पकड़ी रफ्तार
- निर्धारित अवधि से पहले ही पूरा हो जायेगा मूल्यांकन

मूल्यांकन पिछले 16 मार्च से जारी है। अभी तक कुल 1,78,31,337 कॉपियां चेक हुई हैं।

बता दें कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि समय से मूल्यांकन हो जायेगा तो उम्मीद है कि 7 अप्रैल तक परिणाम की रूप रेखा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

**59.49 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा :** इस बारे में माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि जिस तरह से शिक्षकों ने मूल्यांकन तेजी से किया है उससे उम्मीद है कि निर्धारित अवधि 31 मार्च से पहले पहले ही हम सभी कॉपियो को चेक करवाने में सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने बताया कि कुल 3.1 करोड़ कापियों के सापेक्ष अभी तक हमने 59.43 प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन पूरा करवा लिया है, इसमें शिक्षकों का अहम योगदान है।

### जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में पांच केन्द्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है। यहां भी शिक्षक तेजी से मूल्यांकन कर रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश पाण्डेय ने गुरुवार को राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। यहां मूल्यांकन कर रहे शिक्षकों से जिला विद्यालय निरीक्षक ने बातचीत की और मूलल्यांकन की स्थिति के बारे में जाना। जिले में अभी तक तीन लाख से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है।

## क्लेम बचाने के चक्कर में भरना पड़ेगा 2.45 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानपुर में एक फैक्ट्री में घर्षण और गर्मी से स्वत: आग लग गई। न्यू इंडिया इन्श्योरेंस कंपनी ने 1.60 करोड़ रुपये का दावा निरस्त कर दिया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने कंपनी को ब्याज समेत 2.45 करोड़ रुपये अदा करने का आदेश दिया है। कानपुर के किदवई नगर निवासी डायरेक्टर राधेश्याम अग्रवाल ने अपनी नयागंज स्थित त्रिवेणी सोल्वेक्स प्रालि फैक्ट्री का न्यू इंडिया इन्श्योरेंस कंपनी से 11 करोड़ रुपये का बीमा कराया था। फैक्ट्री में महुआ बीज और खली से तेल उत्पादित का काम होता था। इनमें गर्मी और घर्षण से स्वत: आग लगने से क्षति की संभावना अधिक रहती है। पॉलिसी भी इसी क्षतिपूर्ति के मानकों पर हुई थी। 28 दिसंबर 2019 की दोपहर फैक्ट्री में स्वत: आग लग गई। राधेश्याम ने 1,60,03,280 रुपये क्षतिपूर्ति का दावा किया। लेकिन, कंपनी ने पॉलिसी के विपरीत बताकर निरस्त कर दिया। प्रिसाइडिंग जज राजेन्द्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने कंपनी को क्षतिपूर्ति के 1,60,03,280 रुपये घटना के दिन से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ व हर्जाना समेत कुल 2,45,72,854 रुपये भरने का आदेश दिया है।





गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह समेत पदाधिकारी महिलाएं और फिल्म अभिनेता समेत दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली। अमृत विचार

# रालोद में फिल्म अभिनेता समेत दर्जनों महिलाएं हुईं शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह समेत पदाधिकारी महिलाएं और फिल्म अभिनेता आदि दर्जनों लोगों ने गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष रामशीष राय और राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की मौजूदगी में सभी ने लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 400 पार कराने का संकल्प लिया। पार्टी का गमछा व माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराने के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि रालोद की विचार धारा लोगों को दिल से जोड़ती है, पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है। उक्त क्रम में ही जनता दल लोकतांत्रिक की महिला पदाधिकारी बीना गुप्ता, सुशीला मदान, हरजीत भल्ला, चरणजीत भल्ला, मोना अरोडा, कुसुम यादव, फिल्म अभिनेता व समाज सेवक नितिन नाथ ने पार्टी की सदस्यता ली है। साथ ही मुस्लिम समाज के दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह ज्वाइनिंग कमेंटी के रजनीकांत मिश्रा, वसीम हैदर, अम्बुज पटेल, बीएल प्रेमी, सम्राट सिंह चौहान व महेश पाल धनगर आदि तमाम लोग मौजूद रहें।

# रोस्टर से चलेंगे बंद प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गांवों में 16-16 लाख रुपये से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बने अपशिष्ट प्लास्टिक प्रबंधन केंद्र शोपीस बने हैं। करीब 55-50 केंद्रों में ज्यादातर संचालित नहीं हो पाएं हैं। इससे गांवों के साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने की कवायद अधूरी है।

केंद्र के साथ राज्य सरकार ने अधिकांश यूनिट निर्मित होने के बाद क्रियाशील न होने पर नाराजगी जताई है। निर्देश के क्रम में पंचायती राज विभाग रोस्टर बनाकर गांव-गांव अपशिष्ट प्लास्टिक एकत्र करेगा और बराबर यूनिट संचालित कर निस्तारण करेगा। साथ ही सफाई कर्मी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जो सप्ताह में लक्ष्य के अनुसार प्लास्टिक एकत्र कर कलेक्शन सेंटर पर पहुंचाएंगे और वहां से यूनिट पर भेजेंगे। इस कार्य का एक सफाई कर्मी व ग्राम पंचायत का रजिस्टर बनेगा। जिस पर उपस्थिति से लेकर पूरे कार्य का ब्योरा दर्ज किया जाएगा। विकास खंड पर प्लास्टिक कलेक्शन सेंटर बनाया जाएगा। निर्माण 15वें वित्त की टाइट ग्रांट से होगा।

### सड़क निर्माण के लिए बेचनी है प्लास्टिक

इस योजना का मकसद गांवों घरों से फेंकी जाने वाली अपशिष्ट प्लास्टिक का निस्तारण कर गांवों को स्वच्छ रखना है। साथ ही प्लास्टिक का यूनिट में निस्तारण कर इसके दाने बनाकर सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग व ठेकेदारों को बिक्री करना है। इसका मिश्रण डामर में प्रयोग होता है। इससे बनी सड़कें ज्यादा टिकाऊ होती हैं। बिक्री से मिलने वाली धनराशि ग्राम पंचायत की आय है।

# शाइस्ता और जैनब के छिपे होने के इनपुट पर आधी रात पड़ा छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन और उसकी देवरानी जैनब उर्फ रूबी के शहर आने की सूचना पर बुधवार की देर रात सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही आधा दर्जन थानों की फोर्स लेकर पहुंचे पुलिस अफसरों ने आधी रात प्रयागराज के चकिया और हटवा में छापा मारना शुरू कर दिया। इस दौरान चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। रास्तों से गुजरने वाली हर लग्जरी कार को रोककर चेकिंग की गई। रात 12:00 बजे शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन सुबह चार बजे तक चलता रहा।

माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अभियुक्त है। उधर उसके देवर अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा उर्फ रूबी की भी पुलिस तलाश कर रही है। दोनों उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार हैं। प्रयागराज पुलिस के साथ ही एसटीएफ भी उनकी तलाश में लगी हुई है।

- आधा दर्जन थानों की पुलिस ने प्रयागराज के चकिया और हटवा क्षेत्र को घेरा

बुधवार रात 11:30 बजे के करीब मिले एक खुफिया इनपुट ने पुलिस अफसरों की नींद उड़ा दी। बताया गया कि शाइस्ता परवीन और जैनब किसी से मिलने शहर में पहुंची हैं। इसके बाद आधे घंटे के भीतर तमाम अफसर धूमनगंज पहुंच गए। यहां आधा दर्जन थानों की फोर्स भी बुला ली गई। रात करीब 12:00 बजे भारी पुलिस बल ने पहले हटवा गांव में छापा मारा। पुलिस फोर्स अतीक के करीबियों के घर के आसपास पहुंची और वहां रहने लोगों से पूछताछ की। गांव की ओर आने वाली हर लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई। हटवा से होते हुए पुलिस फोर्स चकिया पहुंची। यहां भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

पुलिस फोर्स अतीक के मलबे में तब्दील हो चुके पैतृक मकान पर भी पहुंची और तलाशी ली। बताते चलें कि शाइस्ता परवीन पिछले साल 16 अप्रैल को आखिरी बार शहर में देखी गई थी। अतीक और अशरफ की हत्या के अगले दिन वह माफिया के करीबी जफरुल्लाह के खुल्दाबाद स्थित घर पर पहुंची थी।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



11वां रोजा

शिया
सहरी : 4:36 बजे
इफ्तार : 6:28 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:39 बजे
इफ्तार : 6:18 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# रामसनेहीघाट क्षेत्र में जमा कराये गए 135 शस्त्र

## क्षेत्र में 779 लाइसेंसधारकों के पास हैं असलहे, बैंक व सुरक्षा गार्ड और पीएसओ को मिली है छूट

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने गुरुवार तक क्षेत्र में 135 शस्त्र जमा करा लिये हैं। कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत 779 असलहाधारक हैं। बाकी बचे लाइसेंसधारकों के यहां पहुंच कर पुलिस शस्त्र जमा करने की जानकारी दे रही है।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस द्वारा लाइसेंसी शस्त्रों को जमा करने का काम शुरू हो गया है। वहीं दूसरी तरफ रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत लगभग दो दर्जन से अधिक छूट प्राप्त लाइसेंसधारक हैं। यानी इन लाइसेंसी हथियारों को चुनाव आचार संहिता के दौरान थानों में जमा नहीं कराया जाएगा। इन लाइसेंसी हथियारों में सुरक्षा गार्ड, बैंक गार्ड, जिनको जान से खतरा है व पीएसओ (पर्सनल सिक्योरिटी अफसर) आदि शामिल हैं। इनके हथियार जमा नहीं कराये जाएंगे। इनके अलावा बाकी लाइसेंस धारकों को हर हाल में हथियार जमा कराना होगा।



मतदान करने की शपथ दिलाते एसपी दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

### मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दशहराबाग स्थित मुंशी रघुनन्दन प्रसाद सरदार पटेल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने और हर चुनाव में निडर होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए वोट देने के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. ऊषा चौधरी व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### बंकी पहुंची मतदाता जागरूकता मशाल रैली

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी के सभी बूथों पर गुरुवार को मतदाता जागरूकता मशाल रैली निकाली गई। इसमें नायब तहसीलदार प्रियंका शुक्ला, ईओ मोहिनी केसरवानी, लेखपाल इंद्रपाल, सभासद मो. रजी सिद्दीकी, मास्टर इरफान, उपेंद्र, सभासद प्रतिनिधि राहुल, प्रतिनिधि मनीष गौतम, सभी बीएलओ और नगर पंचायत के सभी कर्मचारी शामिल हुए। मशाल रैली में मौजूद लोगों ने नगर पंचायत बंकी के सभी बूथों पर जाकर सभी को मतदान करने के लिये जागरूक किया। यह रैली नगर पंचायत बंकी से शुरू होकर पूरे क्षेत्र में होते हुए वापस आकर समाप्त हुई।



बंकी में मतदाता जागरूकता मशाल रैली में शामिल अधिकारी व नागरिक। अमृत विचार



पोलिंग बूथ का निरीक्षण करते अतिरिक्त एसडीएम केडी शर्मा। अमृत विचार

# अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

जैदपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को जिले में मतदान होना है। इसके लिए प्रशासन तैयारियों में तेजी से जुट गया है। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया।

गुरुवार को नवाबगंज अतिरिक्त मजिस्ट्रेट केडी शर्मा ने टीम के साथ पहुंचकर जैदपुर कस्बे में स्थित नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के बूथों का निरीक्षण किया। यहां पर सफाई व्यवस्था के साथ प्रकाश व्यवस्था को देखा।

### अब तक हटाए गए 24489 पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए बीते 17 मार्च से लेकर 21 मार्च तक जिले भर में कुल 24 हजार 489 स्थानों से पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स हटाए गए हैं। इन पांच दिनों के अंदर प्रशासन द्वारा 842 वॉल पेंटिंग मिटाई गईं। इसके अलावा 10 हजार 707 पोस्टर, 11 हजार 386 बैनर और 1554 अन्य कार्रवाई शामिल रही। गुरुवार को आयोग द्वारा की गई वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इन आंकड़ों को साझा किया।

## एक नजर

### पुलिस ने चाकू के साथ शातिर को पकड़ा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। त्रिपुला नहर पुल के नजदीक एक संदिग्ध को पकड़ कर पुलिस ने तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास अवैध चाकू मिलने पर हिरासत में ले लिया गया। पकड़ा गया आरोपी राम बक्स पुरवा गांव का अरुण कुमार बारी बताया जा रहा है।

### साढ़े तीन लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र मसौली के टेरा सद्दीपुर दौलतपुर निवासी रमेश को 34 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में साढ़े तीन लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चार वांछित दबोचे गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को जनपद के अलग- अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। देवा पुलिस ने आरोपी अनवर, सुबेहा पुलिस ने मोहन रावत, लोनी कटरा पुलिस ने दीपू व हैदरगढ पुलिस ने अजीत कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी।



फतेहपुर कस्बे में गुरुवार को रूट मार्च निकालते पुलिस व बीएसएफ के जवान।

### पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने दिलाया सुरक्षा का अहसास

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** होली के पर्व व लोकसभा चुनाव मद्देनजर पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने गुरुवा को कस्बे में रूट मार्च निकल कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। गुरुवार को फतेहपुर कोतवाली परिसर से सीओ बीनू सिंह के नेतृत्व में रूट मार्च निकाला गया। रूट मार्च ब्लॉक चौराहा, सट्टी बाजार, बेलहरा चौराहा, मुंशीगंज, मस्तान रोड, बस स्टॉप पटेल चौराहा होते हुए कोतवाली पहुंचकर समाप्त हो गया। इस दौरान रास्ते पर खड़े बेतरतीब वाहनों का चालान भी सीओ के आदेश पर किया गया।

## 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को 20 हजार रुपये के इनामी गैंगेस्टर आरिफ को रघई मोड पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त के पास से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया।

आरिफ का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। गोतस्करी, गैंगेस्टर, मादक पदार्थों की तस्करी सहित विभिन्न अपराधिक गतिविधियों मे जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक दर्जन से मुकदमे दर्ज हैं। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में गुरुवार को पुलिस ने कुख्यात इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की।

# चकमार्ग से कब्जा हटने पर भाकियू का धरना समाप्त

बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पिछले तीन दिनों से चल रहा भाकियू का धरना गुरुवार को मांगों के निस्तारण होने के बाद समाप्त हो गया। भाकियू की मांग पर तहसील प्रशासन ने गुरुवार को चकमार्ग से अतिक्रमण हटवा दिया।

भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट के जिलाध्यक्ष मायाराम यादव द्वारा 13 मार्च 2024 को चकमार्ग को खाली कराए जाने के लिए एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया था। सुनवाई न होने पर 18 मार्च से धरना शुरू किया था। इस पर गुरुवार को नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय, कानूनगो महेश वर्मा सहित राजस्व टीम द्वारा दो दिन लगातार पैमाइश करने के बाद पुलिस बल के साथ अवैध कब्जा धारक वेदप्रकाश पुत्र शिव दास के द्वारा नवीन परती पर लगी गेहूं की फसल नष्ट करवा दी गयी।

तहसील प्रशासन की टीम ने पट्टेदार इसराइल का भी अतिक्रमण चकमार्ग से हटवा दिया। चकमार्ग से अवैध अतिक्रमण हटने के बाद भाकियू (धर्मेंद्र) के पदाधिकारियों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

## सार-संक्षेप

### लोगों में भ्रम है सुदामा निर्धन थे, दरिद्र नहीं

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नरौली गांव में श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने सुदामा चरित, दत्तात्रेय जी के 24 गुरुओं और परीक्षित मुक्ति के संदर्भों का विश्लेषण किया। की कथा में भौमासुर, मुसलमान भक्त काले खां, पौंड्र, द्विविद वानर और बलराम जी से सम्बंधित प्रसंगों का वर्णन किया। श्री कृष्ण के परम प्रिय मित्र सुदामा के चरित्र चित्रण करते हुए उन्होंने कहा कि जो सुदामा को दरिद्र कहते हैं, वह भ्रम में हैं, वस्तुत: सुदामा निर्धन थे, दरिद्र नहीं। निर्धन वह है जिसके पास धन नहीं, दरिद्र वह है जो असंतोषी है। सुदामा परम संतोषी थे। इस साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में आचार्य हरिशंकर भारद्वाज, श्यामबिहारी, विकास परासर, श्यामसुंदर और झांकी प्रस्तुत करने वाले राकेश शर्मा, पं. रामशंकर मिश्र, अभिषेक, भूपेंद्र, प्रियांशु, ओमप्रकाश, परशुराम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



व्यास मुरली मनोहर शास्त्री।

### श्याम भजनों पर थिरके भक्त, खेली गई फूलों की होली

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री खाटू श्याम मन्दिर जारक बीर बाबा प्रांगण में मां उजली देवी सेवा संकीर्तन ग्रुप महादेव तालाब द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। भक्तों द्वारा इस दौरान फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम की शुरुआत रामनगर से आये गायक संजीव सावन ने गणेश वंदना के साथ की। लखनऊ से आये अंशु गोस्वामी ने गाया पलकों घर तैयार सवांरे खाटू श्याम आयेंगे तेरे द्वारे, गोरखपुर से आई आशी मिश्रा ने गाया तू क्यों घबराता है तेरा श्याम से नाता है। देर रात बहराइच से सोनू रस्तोगी ने गाया होली आई होली आई मस्ती छाई जैसे गीत प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर मुकेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सतीश वर्मा, बेचेलाल, केसरी, किशन सोनी, प्रखर शर्मा, सूरज गुप्ता, श्रवण कुमार के साथ बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे। भक्तो ने इस मौके पर फूलों की होली खेली व भजनों पर खूब थिरके।

### विशाल ने सब इंस्पेक्टर बनकर पूरा किया पिता का सपना

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेही घाट के एक किसान परिवार ने बेटे के लिये जो सपना देखा उसे बेटे ने पूरा कर दिखाया। भीखरपुर के निवासी किसान अरुणेंद्र कुमार सिंह के 25 वर्षीय पुत्र विशाल सिंह अब उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हो गए हैं। तैनाती के बाद जब वह पहली बार अपने गांव आए तो सभी ने उनका स्वागत किया। बेटे की इस कामयाबी को देखकर मां गदगद थीं।



माता-पिता के साथ विशाल सिंह।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक टैक्टर में बंधी सेरावन की चपेट में आकर बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक से उसे मृत घोषित कर दिया। मसौली थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पूरे किन्हौली मजरे लोहरवनपुरवा निवासी 20 वर्षीय उमापति पुत्र शिव सरन दीक्षित बुधवार की शाम करीब सात बजे हसनपुर मोड़ पर बाइक पर बैठा था। तभी हसनपुर की ओर से बाराबंकी-रामनगर हाईवे पर ट्रैक्टर आ रहा था। ट्रैक्टर के पीछे बंधी सेहरावत की चपेट में आकर उमापति गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सा ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि घटना के बाद चालक मय वाहन मौके से भाग निकला। मसौली थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### कब्जेदार पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे आरोपी के विरुद्ध तहसील प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली हैदरगढ़ के पोखरा गाव में कार्यरत लेखपाल स्वाति सिंह ने एसडीएम अनुराग सिंह को सौपी अपनी रिपोर्ट में बताया कि पोखरा ग्राम पंचायत की भूमि सरकारी अभिलेखों में बंजर के रूप में दर्ज चली आ रही है। आरोप लगाया कि इस सरकारी भूमि पर पोखरा ग्राम के ही निवासी अनिल चंद पुत्र दुर्गा प्रसाद ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। मना करने के बाद भी अवैध तरीके से निर्माण कार्य को अंजाम दे रहे है। लेखपाल की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अनुराग सिंह ने कोतवाली पुलिस को आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। एसडीएम के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने दी नामजद तहरीर

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर भ्रामक दुष्प्रचार और अवैध वसूली के प्रयास का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष इरशाद अहमद कमर ने गुरुवार को फतेहपुर कोतवाली में साक्ष्यों समेत कुछ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। उन्होंने कुछ लोगों पर दो लाख की अवैध मांग कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

चैयरमैन इरशाद ने तहरीर में बताया कि बीते कई दिनों से फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों पर नगर पंचायत में हुए वाटर एटीएम के टेंडर आदि को लेकर गलत व निराधार तथ्य पोस्ट किए जा रहे हैं। जबकि यह दुष्प्रचार पूरी तरह भ्रामक व आधारहीन हैं। इस कार्य में नगर पंचायत का एक ठेकेदार तथा अन्य लोग शामिल हैं। इन लोगों द्वारा ऐसे गलत कार्यों पर रोक लगाने के एवज में दो लाख की मांग की गई है। साथ ही मानसिक रूप से परेशान करते हुए अन्य अवैध भुगतान कराने का दबाव बनाया जा रहा है। तहरीर के साथ संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत कर इरशाद कमर ने तत्काल कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# ठेकेदार ने निकाले 40 लाख, प्रधान को नहीं लगी भनक

बनीकोडर, बाराबंकी

**लापरवाही**
- पांच साल बाद प्रधान ने दर्ज कराया मुकदमा
- 10 माह तक ग्राम पंचायत के खाते से निकालता रहा रकम

**अमृत विचार :** एक अनधिकृत व्यक्ति सरकारी खाते से दस माह तक लाखों की धन निकासी करता रहा, लेकिन सचिव व प्रधान को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। विकास खंड बनीकोडर के एक गांव में सरकारी धन हड़पने के अनोखे मामले में करीब पांच वर्ष बाद प्रधान ने एक गैर जनपदीय व्यक्ति पर पांच वर्ष बाद मुकदमा दर्ज कराया है।

प्रधान द्वारा पांच साल बाद मुकदमा दर्ज कराया जाना कहीं न कहीं कई सवाल भी खड़े कर रहा है। आरोप है कि उसने कूटरचित दस्तावेज तैयार करके ग्राम पंचायत के खाते से करीब 40 लाख रुपए की निकासी की है।

विकासखंड बनीकोडर के दुल्लापुर निवासी हरीषचंद्र की तहरीर पर दर्ज मुकदमा के अनुसार वह 2018 में दुल्लापुर का ग्राम प्रधान था। तो भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण का ठेका वीरेंद्र सिंह उर्फ पिंकू सिंह निवासी औरी थाना मोहनगंज अमेठी ने लिया था। लेकिन कुछ शौचालय बनवाने के बाद उसने बाकी नहीं बनवाये। आरोप है कि 14 अगस्त 2018 से 11 जून 2019 के बीच कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसने करीब 40 लाख रुपए खाते से निकाल लिए। प्रधान ने पैसे मांगे तो आरोपी बहाने बनाता रहा। वहीं अब असंद्रा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

**एसबीएम की जमकर उड़ाई धज्जियां, कागजों में ओडीएफ :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एसबीएम (जी) को दो अक्टूबर, 2014 को आरंभ किया गया था। जिसका उद्देश्य दो अक्टूबर, 2019 तक देश के सभी गांवों में सभी ग्रामीण परिवारों को शौचालयों देकर खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) का लक्ष्य प्राप्ता करना था। एसबीएम (जी) के तहत सभी बीपीएल परिवारों और चिन्हित एपीएल परिवारों के लिए व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल) के निर्माण के लिये 12 हजार रुपए देने का प्रावधान है। लेकिन दुल्लापुर में शौचालय निर्माण का कार्य ठेकेदारी प्रथा व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। सूत्रों की मानें तो विकास खंड बनीकोडर में तत्कालीन खंड विकास अधिकारी, तत्कालीन सचिव व प्रधानों ने ज्यादातर लाभार्थियों को चेक या धनराशि न देकर ठेकेदारी प्रथा के तहत शौचालय निर्माण कराया। जानकारी के मुताबिक दुल्लापुर तो महज बानगी भर है। पूरे बनीकोडर क्षेत्र को कागजों पर ही ओडीएफ कर दिया गया। जबकि असलियत में एसबीएम जमीन पर है ही नहीं।

**निर्णय** — रामनवमी से विश्व हिन्दू परिषद शुरू करेगा आयोजन

# 150 स्थानों पर होंगे रामोत्सव कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की जिला योजना की बैठक गुरुवार को लखपेड़ाबाग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुई। प्रभु श्री राम के चित्र के समक्ष विहिप अवध प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल नगीना व प्रांत मंत्री देवेंद्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की।

दो सत्रों में हुई बैठक में रामनवमी से शुरू होने वाले रामोत्सव कार्यक्रम की योजना को मूर्त रूप दिया गया। इसके आधार पर 150 से अधिक स्थानों पर रामोत्सव के कार्यक्रम विहिप के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव आयोजित किये जाएंगे।

प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल नगीना ने कहा कि विहिप हिंदू समाज के जागरण, संरक्षण व संवर्धन का कार्य कर रहा है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अब जाग्रत हिंदू समाज रामराज्य की ओर आगे बढ़ा है। बैठक में आगामी प्रखंड की बैठकें, रामोत्सव, सीता नवमी, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी, बजरंग दल, परिषद शिक्षा वर्ग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जाने वाले कार्यकर्ताओं की संख्या पर चर्चा की गयी। मंत्री देवेंद्र ने बताया कि सभी प्रखंडों में 14 अप्रैल से 23 अप्रैल के मध्य रामोत्सव के गांव-गांव कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिले के सभी प्रखंडों में 15 मई से 17 मई के मध्य दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति द्वारा सीता नवमी मनाई जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला मंत्री राहुल कुमार, जिलाध्यक्ष बृजेश वैश्य, इंद्रेश समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



विहिप की बैठक में मौजूद अवध प्रांत के अध्यक्ष कन्हैयालाल नगीना व प्रांत मंत्री देवेंद्र।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

मोहम्मदपुर खाला, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ललपुरवा मजरे बडनेरा गांव से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर गुरुवार को एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। परिजिनों ने फिलहाल कोई आरोप नहीं लगाया है।

गांव निवासी पृथ्वीराज यादव (20) का शव गांव से महज 200 मीटर की दूरी पर बड़हल के पेड़ पर मफलर के सहारे लटकता मिला। सुबह ग्रामीणों ने शव को पेड़ से लटकता देख परिजनों के साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिवारवालों के अनुसार युवक बुधवार की रात किसी को बिना बताए घर से कहीं बाहर चला गया था। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह का कहना है कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की तहकीकात की जा रही है।

परिजनों ने अभी तक किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बीमारी से परेशान महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीमारी से त्रस्त एक महिला ने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सतरिख थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव निवासिनी रजनी वर्मा (38) पत्नी अलोक वर्मा लीवर में इंफेक्शन की समस्या से कई वर्षों से काफी परेशान चल रही थीं। उसका इलाज काफी समय से चल रहा था। बीमारी से त्रस्त रजनी वर्मा ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में पंखे में फंदा लगाकर जान दे दी। वहीं सूचना पर सीओ सदर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### मधुमक्खियों के हमले में महिला घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बकरी चराने गई महिला मधुमक्खियां के हमले में ह घायल हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उसका उपचार किया जा रहा है। क्षेत्र के दाउदपुर मजरे रौनी गांव निवासिनी नाजिमा पत्नी अब्दुल जब्बार गुरुवार की सुबह गांव के बाहर बकरी चराने गई थी। तभी मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया। एंबुलेंस से महिला को सीएचसी त्रिवेदीगंज में उपचर के लिए भर्ती कराया गया है।

### 20 लीटर व आठ पाउच देशी शराब के साथ दो दबोचे गये

**बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न स्थानों की पुलिस ने गुरुवार को देशी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।** रामसनेही घाट पुलिस ने मस्त राम के पास से 20 व रामनगर पुलिस टीम ने संतोष के पास से 8 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया।

### पीस कमेटी की हुई बैठक

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर थाने में आगामी लोकसभा चुनाव, होली और रमजान को देखते हुए गुरुवार को थाना अध्यक्ष की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक शब्दों व फोटो को न शेयर करें। बैठक में ग्राम प्रधान जसीम खान, रामराज सिंह, दिलीप, मोहम्मद मेराज, अजीत यादव, अशोक कुमार आदि थे।

### विशेष शिविर शुरू

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय ज्यौरी मसौली में गुरुवार से शुरू हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रदीप सारंग, विशिष्ट अतिथि रजत बहादुर वर्मा रहे। स्वागत समन्वयक डॉ. दिनेश सिंह ने किया।

# खुद प्यासे हैं अमृत सरोवर, उड़ रही है धूल

**विश्व जल दिवस**

**काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** बारिश के पानी को सहेजने और भूगर्भ जलस्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से ब्लॉक क्षेत्र में बनवाए गए अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। तेज हवा चलने पर इनमें धूल उड़ती है। यह हाल तब है जब अमृत सरोवरों के निर्माण पर पानी की तरह पैसा बहाया गया है। गर्मी के शुरुआती दिनों से ही पानी न होने से अमृत सरोवर खुद प्यासे हैं। पशु -पक्षियों की प्यास बुझाने व गिरते भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने का दावा थोथा साबित हो रहा है।

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार की ओर से अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों की दशा सुधारने व भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से दरियाबाद ब्लॉक क्षेत्र की 71 ग्राम पंचायतों में 75 तलाबों को अमृत सरोवर के रूप में चयनित किया गया था। तालाबों का पुनरोद्धार का कार्य 14 अगस्त 2023 तक पूरा कर लिया जाना था। स्वतंत्रता दिवस के दिन 15 अगस्त को सभी अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण किया जाना था। अब इन अमृत सरोवरों को पूर्ण करने का लक्ष्य 15 अगस्त 2024 रखा गया है। इसके बावजूद इसके तय समय सीमा तक अधिकांश तालाबों के किनारे रैंप आदि का निर्माण पूरा नहीं हुआ है और न ही पौधरोपण हुआ है। जिन अमृत सरोवरों पर पूर्व में पौधरोपण किया गया था वह भी देखरेख के अभाव में सूख गए हैं। वहीं अधिकांश अमृत सरोवर सूखे पड़े है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि कार्य में तेजी लाई जाएगी। कभी-कभी बजट जारी होने में देरी से दिक्कतें आती हैं। निर्धारित समय सीमा तक कार्य पूर्ण करने का प्रयास होगा।



सूखा पड़ा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई अमृत सरोवर। अमृत विचार

**दरियाबाद ब्लाक का हाल**

| | |
|---|---|
| ग्राम पंचायत – | 71 |
| चिह्नित तालाबों की संख्या | 75 |
| मॉडल अमृत सरोवर | 1 पूर्ण |
| कच्चा कार्य पूर्ण अमृत सरोवर | 17 |
| निर्माणाधीन अमृत सरोवर | 45 |
| कार्य ठप | 30 |

# रंग-गुलाल व पिचकारियों से सजीं दुकानें

## चढ़ने लगा होली का खुमार, 10 से लेकर 250 रुपये तक की पिचकारी बाजारों में मौजूद

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** क्षेत्र में रंगों के पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दुकानों पर सजे रंग-गुलाल व पिचकारियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

तहसील रामसनेहीघाट अंतर्गत बाजारों में रंगों और पिचकारियों की खरीदारी शुरू हो गई है। अधिकांश जगहों पर लोगों ने एकादशी से रंग खेलना शुरू भी कर दिया है। रंग बिरंगी पिचकारियों और गुलाल की दुकान सुमेरगंज, भिटरिया, कोटवा सड़क, बेलहा चौराहा, देवी गंज, बड़ेला सहित अन्य बाजारों में दुकान सज चुकी हैं।

बच्चों से लेकर युवाओं तक रंगों की खरीदारी करना शुरू कर दिया है। छोटे-छोटे बच्चे अपनी मनपसंद पिचकारी खरीद रहे हैं। स्पाइडर-मैन से लेकर छोटू, लंबू किस्म की पिचकारियां बाजार में मौजूद हैं। कस्बों की बाजार में पिचकारी 10 रुपये से लेकर ढाई सौ रुपये तक उपलब्ध है। वहीं बहुत से लोग हर्बल गुलाल व रंग तथा हर्बल स्प्रे खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं। सोनू वर्मा ने बताया कि एकादशी से रंग खेला जाना शुरू हो जाता है। इसी के साथ क्षेत्र के चौराहे पर अगल-बगल की गलियों में रंगों की पिचकारियों की दुकान नजर आने लगी है। अभिषेक गुप्ता ने बताया कि इस बार टोटल मेड इन इंडिया पिचकारी और गुलाल देखने को मिल रहा है। दुकानदार कृष्णा ने बताया पिचकारी के अलावा पक्के रंग, हर्बल गुलाल, गुब्बारे, मुखौटे और टोपी भी लोगों की पसंद है।



विभिन्न प्रकार के रंगों, अबीर–गुलाल, मुखौटों और पिचकारियों से सजी एक दुकान। अमृत विचार

### होलिका दहन के लिए सवा घंटे तक रहेगा शुभ मुहूर्त



**बाराबंकी, अमृत विचार :** इस बार होलिका दहन पर सर्वार्थ सिद्ध और रवि योग बन रहा है। रंगों का पर्व होली 25 मार्च को मनायी जाएगी। ज्योतिषाचार्य पं. अखिलेश चंद्र शास्त्री के अनुसार पूर्णिमा 24 मार्च को सुबह 9 :54 बजे से शुरू होगी, जो 25 मार्च की दोपहर 12 :29 बजे तक रहेगी। भद्रा का योग रात 10 :28 बजे तक रहेगा। पूर्णिमा में ही होलिका में अग्नि दी जाती है। इसलिए 24 मार्च की रात्रि में 11 :13 बजे से 12 :32 बजे तक के अंतराल में होलिका दहन करना फलदायी होगा।

### खाद्य विभाग की टीम ने दो प्रतिष्ठानों से लिये नमूने



एक दुकान पर जांच करतीं सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रियंका सिंह व उनकी टीम।

**बाराबंकी : अमृत विचार :** सहायक आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा प्रियंका सिंह के निर्देश पर टीम ने गुरुवार को दो दुकानों से दो खाद्य सामग्रियों के नमूने भरे। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन लता तिवारी, प्रिया त्रिपाठी, अनुराधा मिश्रा ने शहावपुर स्थित सद्दाम किराना स्टोर से नटखट इमली लड्डू और रसौली स्थित सरयू एग्रो इंडस्ट्रीज के प्रतिष्ठान से हल्दी, धनिया और मिर्च का नमूना भर कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। जांच रिपोर्ट में खाद्य सामग्रियों में मिलावट होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नजर गुरुवार को फ्लाइंग स्क्वायड टीम द्वारा नगर क्षेत्र के बिसवां तिराहा स्थित लहरपुर गेट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम के प्रभारी डिप्टी रेंजर हरीश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम के द्वारा आने जाने वाले चौपहिया वाहनों की तलाशी ली गई। गेट पर चेकिंग होते हुए देखकर हड़कंप मच गया और चेकिंग से बचने के लिए भारी संख्या में वाहन इधर से उधर मार्गो से निकल गए।

## सार-संक्षेप

### यज्ञ व भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन



श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर यज्ञ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा मसौली के भुलीगंज में सत्यनामी ब्रम्हयज्ञ गुरुग्रंथ श्रीमद्भागवत कथा पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुई। उसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा में व्यास पूर्णानन्द शरण दास ने कहा कि स्वामीजी ने हमें बताया की कलि काल में सिर्फ काशी का महात्म्य है और काशी कोई और नहीं, हमारा जो शरीर है इसी में काशी है। ऐसा हमारे सतगुरु ने हमें बताया है और हमारा शरीर तब ही काशी कहलाएगा जब इसमें सुकर्म की गंगा बहेगी। वहीं सवा दो लाख आहुतियों के संकल्प के साथ पूर्णाहुति हुई। तत्पश्चात कन्या भोज के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में कस्बा मसौली, कटरा, ज्योरी, नौबस्ता, देवलिया, बड़ागांव समेत आसपास गांवों के बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेस का प्रशिक्षण शुरू

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मरीज को सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाकर उनकी जान बचाने में एंबुलेंस कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा व्यक्ति समय से अस्पताल पहुंच जाता है और उसे इलाज मिल जाता है। उसकी जिंदगी बच जाती है। उक्त बातें रामनगर चेयरमैन रामशरण पाठक ने एंबुलेंस सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेस के द्वारा गुरुवार को आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण में बोलते हुए कहीं। रामशरण पाठक ने उपस्थित कर्मचारियों से और कम समय में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की अपील की। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डा. मुकुंद पटेल, डा. स्वपनिल सिंह ने सभी ईएमटीएस को जीवन बचाने के उचित परामर्श दिए। प्रशिक्षण टीम में शामिल प्रशिक्षक अनुज वर्मा, हिमांशु बाजपाई ने एंबुलेंस की सुरक्षा और तकनीकी रखरखाव, मेडिकल उपकरणों की जानकारी एंबुलेंस ईएमटी को दीं। एंबुलेंस सेवा के कार्यक्रम प्रबंधक शिवांश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में ट्रेंनिग का आयोजन संस्था द्वारा किया गया है। एंबुलेंस में तैनात ईएमटीएस के द्वारा मरीज को बेहतर से बेहतर सेवा मिले। इसके लिए यह प्रशिक्षण समय–समय पर ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस संस्था के द्वारा करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिले के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### आठ पशु तस्कर 64 गोवंशीय पशुओं के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजस्थान के अलग– अलग जिलो से आठ पशु तस्करों को जैदपुर पुलिस ने 64 गोवंशीय पशुओं के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन आठों तस्करों के पास से चापड़, कुल्हाड़ी, व पशुओं व गोमांस को बेचने के लिए इस्तेमाल के उपयोग किये जाने वाले ट्रक के साथ 20 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की सख्ती के बाद पता चला कि पकड़े गये पशु तस्कर अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर सुनसान जगह पर घूम घूम कर गोवंशीय व छुट्टा जानवरों को पकड़ लेते थे। आरोपियों के पास से मिले मोबाइल फोन का इस्तेमाल वे साथियों व व्यापारियों से बात करने व पकड़े गये पशुओं का वीडियो बना कर व्यापारियों तक भेजने मे इस्तेमाल कर उन्हें व्यापारियों तक पहुचाने में करते थे।

### देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार होली पर्व और चुनाव के मद्देनजर सुमेरगंज, भिटरिया बाजार में पुलिस विशेष चौकसी बरत रही है। इसी क्रम में भिटरिया बाजार में हैदरगढ़ रोड पर मुखबिर की सूचना पर एसआई अशोक कुमार और आबकारी निरीक्षक धर्मेंद्र वर्मा ने सिपाहियों के साथ मस्तराम पुत्र रामवृक्ष गुप्ता निवासी भिटरिया को काले रंग के झोले में 20 पौवा देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जो बिना लाइसेंस के अवैध तरीके से बेच रहा था। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं ओमकार पुत्र स्वर्गीय शिवदुलारे निवासी बन्दीपुर, मल्लावां, तहसील बिलग्राम ,जिला हरदोई का निवासी हूं। मेरी पुत्रवधू सरिता देवी का आचरण व चाल चलन ठीक ना होने के कारण उसको अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। मेरा व मेरे परिवार का आज से कोई सरोकार नहीं होगा। सरिता के द्वारा किए गए अच्छे बुरे कृत्यों की वह स्वयं जिम्मेदार होगी। घर पर रहकर लड़ाई झगड़ा कर परिवार के लोगों को परेशान किया करती है।

**RAVI CHILDREN'S ACADEMY**
**Situation Vacant**
Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

# रसोइया खोलता है स्कूल का ताला

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ के कुछ विद्यालयों को छोड़कर अधिकांश परिषदीय विद्यालय समय से न तो खुल रहे हैं और न ही समय से बंद हो रहे हैं। जहां कहीं भी विद्यालय समय से खुल भी रहे हैं वहां पर यह जिम्मेदारी रसोईया या फिर सफाईकर्मी उठा रहे हैं।

गुरुवार को शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सराय चौबे में भी अन्य दिनों की तरह महिला रसोइयों द्वारा विद्यालय का ताला खोला गया और उसके बाद बच्चे स्वयं ही कतारबद्ध होकर प्रार्थना करते हुए दिखाई पड़े। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों ने बताया कि रसोइया द्वारा ही विद्यालय खोला जाता है। यहां पर कार्यरत दो स्थानीय शिक्षामित्र सहित पांच शिक्षकों में से कोई भी शिक्षक साढ़े 9 बजे से पहले विद्यालय नहीं आता। बच्चों ने बताया कि ज्यादातर शिक्षक लखनऊ या बाहर से आते हैं। जिसकी वजह से विद्यालय पहुंचने में उनको अक्सर देरी हो जाती है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ से उनके मोबाइल नंबर पर बात करने की कोशिश की गई तो नेटवर्क क्षेत्र में न होने की वजह से उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



प्राथमिक विद्यालय सराय चौबे में शिक्षकों का इंतजार करते बच्चे। अमृत विचार

# हवन के साथ महायज्ञ का समापन

**सीतापुर**

**अमृत विचार :** हवन-पूजन व मंत्रोच्चार के बीच निकटवर्ती वासेपुर गांव में विगत सात दिनों से चल रही श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन गत 14 मार्च से शुरू हुआ था। जो गुरुवार को पूर्णाहुति और विशाल भण्डारे के साथ समाप्त हो गया। भण्डारे में देर रात तक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रतिदिन यज्ञ पूजन, हवन, आरती एवं परिक्रमा के अलावा दोपहर और सायंकाल से देर रात्रि तक कथा व्यास कमलेश कुमार पाण्डेय मृदुल महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा को मंच पर सुन्दर रासलीला के प्रदर्शन के साथ सुनाया। रासलीला में सुन्दर मनमोहक झांकियों तथा अन्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। यज्ञमान मास्टर हरगोविंद वर्मा व ताराचन्द्र वर्मा तथा प्रह्लाद वर्मा ने सपत्नीक प्रतिदिन वैदिक विधान से यज्ञशाला में हवन पूजन आरती आदि कार्यक्रम संपादित किये। भक्तों, महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर अपने को धन्य किया। इस दौरान प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण कार्यक्रम में शामिल होते रहे।



रामलीला का मंचन करते कमेटी के कलाकार। अमृत विचार

**लापरवाही** | सतरिख स्थित राजकीय यूनानी चिकित्सालय का हाल

# डाक्टर गायब, वार्ड ब्वाय दे रहा दवाएं

**सतरिख, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** राजकीय यूनानी चिकित्सालय सतरिख में चिकित्सक की कुर्सी खाली रही। वार्ड ब्वाय ने मरीजों का इलाज किया। कुछ मरीजों को बगैर इलाज के भी लौटा गया। लोगों का आरोप है कि इस यूनानी चिकित्सालय का यही हाल है। यहां आए दिन डाक्टर और स्टाफ नदारद रहता है।

सतरिख में सीएचसी के पीछे राजकीय यूनानी चिकित्सालय संचालित है। आयुष हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर भी बना है। गुरुवार की दोपहर वार्ड ब्वाय जसवंत ने मरीजों का उपचार किया। सरायं अकबराबाद गांव निवासी राम लल्लन, राम सिंह इलाज के लिए पहुंचे तो उन्हें डॉक्टर मौजूद नहीं मिलीं। वार्ड ब्वाय ने बताया कि डाक्टर नहीं हैं। पर्चा देखकर उसने राम लल्लन को खांसी की दवाई दी। इसके पहले जसवंत कई अन्य मरीजों का इलाज कर चुके थे। राम लल्लन का कहना है कि वह दो दिन पहले भी अस्पताल आए थे। डाक्टर नहीं थे। इस संबंध में राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुशील चौधरी ने बताया कि सतरिख अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट का तबादला शरीफाबाद अस्पताल हो गया है। इसलिए सतरिख में एक डाक्टर और एक वार्ड ब्वाय ही तैनात है। इसकी जांच करायी जाएगी कि डाक्टर अपनी ड्यूटी पर क्यों नहीं पहुंचीं।





सतरिख स्थित राजकीय यूनानी चिकित्सालय। अमृत विचार

# शिवकुमार ने नेत्रदान कर दो लोगों को दी रोशनी

**सीतापुर,**



**अमृत विचार :** सक्षम संस्था सीतापुर के द्वारा गुरूवार को 239 वा नेत्रदान करवा कर नेत्रहीन लोगों के जीवन में प्रकाश भरने का कार्य निरंतर करवाया जा रहा है। सक्षम के जिला मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने बताया कि विजय लक्ष्मी निवासी शिवकुमार गुप्ता पुत्र मुन्नू लाल (72) का बीमारी के चलते गुरुवार सुबह निधन हो गया था। शिवकुमार गुप्ता गल्ला मंडी सीतापुर के प्रमुख व्यवसाई व गौशाला सीतापुर के महामंत्री थे। सक्षम संस्था ने उनके पुत्र दीपक एवं दामाद अखिल से संपर्क कर नेत्रदान करवाने के लिए आग्रह किया। आंख अस्पताल के डॉक्टर अरुणेश मिश्रा को सूचित किया गया। जिनकी टीम ने नेत्रदानी के आवास विजय लक्ष्मी नगर मे जाकर उनकी दोनों कॉर्निया छोटे से ऑपरेशन द्वारा नेत्र बैंक में सुरक्षित कर ली जो कि दो जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क लगा दी जाएगी। महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने परिवार के लोगों का आभार व्यक्त किया।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अरूण विक्रम सिंह पुत्र अरिमर्दन सिंह, निवासी– 235, सुन्दर नगर कालोनी, शहर व जिला–फतेहपुर,** मेरी पुत्री का नाम अनुषा विक्रम सिंह था जो कि अब परिवर्तित होकर अलंकृता विक्रम सिंह हो गया है तथा उससे संम्बन्धित पैन, आधार और बैंक खाते में अलंकृता विक्रम सिंह नाम दर्ज है। अत: अब उसे अनुषा विक्रम सिंह के स्थान पर अलंकृता विक्रम सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय तथा मेरी पुत्री की माता का नाम पूनम परिहार है।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे स्व . पति धीरेंद्र बहादुर सिंह पुत्र सूर्य बक्स के बीमा पॉलिसी संख्या– 214947401 में मेरा नाम शिवदेवी दर्ज है , जबकि मेरा नाम ममता सिंह भी है। दोनो नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के है। **शिवदेवी उर्फ ममता सिंह पत्नी स्व. धीरेंद्र बहादुर सिंह निवासिनी – ग्राम– गोकना, पो .– कोटिया चित्रा, ऊंचाहार – रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं जहीर पुत्र समीउल्ला मैने अपने पुत्र आशिक खान के खराब चाल–चलन से काफी परेशान हूँ। वह अपराधिक कृत्य का युवक है। उसके कृत्यों से परिवार के लोगों को प्रताड़ना उठाना पड़ रहा है। ऐसे में मैं अपने पुत्र आशिक खान को अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **–जाहिर खान पुत्र समीउल्ला खान, निवासी– ग्राम–यादवपुर सबलापुर कोतवाली देहात बहराइच**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी महराजगंज के आदेश दिनांक 14. 03.2024 के अनुपालन में ग्राम चितवनियां विकास क्षेत्र शिवगढ़, परगना कुम्हरावां, तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली स्थित गाटा संख्या 1478 दर्ज तालाब पर लगे 101 यूकोलिप्टस के पेड़ों की नीलामी दिनांक 28.03. 2024 को सार्वजनिक खुली बोली के द्वारा अपराह्न 1 बजे पंचायत भवन चितवनियां में सम्पन्न की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।
**नीलामी अधिकारी, तहसीलदार महराजगंज, रायबरेली**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं **शिवकुमार पुत्र रघुवीर, निवासी–मदईखेड़ा, परगना– सरेनी, तहसील–लालगंज, जिला रायबरेली** अपने पुत्र राकेश और राजेश के गलत आचरण से परेशान हूं। दोनों पुत्रों को अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री क का नाम SNEHA GARG से बदलकर AKSHARA GARG रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। AKSHARA GARG D/O-MANOJ KUMAR GARG Add: B-1/37 opp-ROADWAYS- DEPO, VIBHUTI KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW-226010 (UP)



**11वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.35 बजे
इफ्तार : 06.28 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.40 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# हर किसी को स्मृति और राहुल के बीच महामुकाबले का इंतजार

**गांधी परिवार का गढ़ रही अमेठी सीट पर अभी सिर्फ भाजपा ने घोषित किया है प्रत्याशी**

**संवाददाता, परशदेपुर, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** देश की चर्चित सीट अमेठी से भाजपा ने तीसरी बार केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को चुनावी मैदान में उतारा है। 'इंडिया' गठबंधन में अमेठी सीट कांग्रेस के खाते में गई है लेकिन कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। वायनाड से प्रत्याशी बनाने के बाद कांग्रेस राहुल गांधी को अमेठी से भी लड़ाएंगी या नहीं इस पर संशय बना है। हालांकि लोगों को लगता है अमेठी में लगातार तीसरी बार स्मृति और राहुल के बीच महामुकाबला हो सकता है।

1967 में गठित अमेठी सीट पर 1977 के चुनाव में गांधी परिवार ने पदार्पण किया था। संजय गांधी और राजीव गांधी के बाद 1999 में सोनिया गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने आईं। उन्होंने 1999 में भाजपा के संजय सिंह को 3,00,012 वोटों से पराजित किया। उसके बाद सोनिया गांधी के रायबरेली आ जाने से 2004 में राहुल गांधी ने अपना पहला चुनाव अमेठी से लड़ा। राहुल गांधी ने 2004 और 2009 का चुनाव अच्छे खासे वोट प्रतिशत से आसानी से जीत लिया। 2014 में स्मृति ईरानी को 1,07,903 वोटों से हराकर उन्होंने हैट्रिक भी लगाई लेकिन उनका वोट प्रतिशत कम हो गया।

अमेठी से हारने के बाद भी स्मृति ईरानी कैबिनेट मंत्री बनी और उन्होंने अपनी सक्रियता बनाए रखी। 2019 के चुनाव में स्मृति ईरानी ने इतिहास रचते हुए राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित कर दिया।

जीत के बाद स्मृति ईरानी लगातार अपने संसदीय क्षेत्र में सक्रिय हैं और स्मृति ने अपना चुनावी अभियान भी तेज कर रखा है। स्मृति की आईटी सेल वायनाड से प्रत्याशी बनाए जाने पर राहुल गांधी को लेकर आक्रामक होते लगातार तंज भी कस रही है। वहीं कांग्रेसियों को पूरा यकीन है कि राहुल गांधी वायनाड के साथ ही अमेठी से भी जरूर चुनावी मैदान में उतरेंगे। यदि ऐसा होता है तो स्मृति ईरानी और राहुल गांधी के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

**वर्ष 2014**

| | |
|---|---|
| राहुल गांधी को मिले मत | 408651 |
| स्मृति ईरानी को मिले मत | 300748 |

**वर्ष 2019**

| | |
|---|---|
| राहुल गांधी को मिले मत | 413394 |
| स्मृति ईरानी को मिले मत | 468514 |



स्मृति ईरानी



राहुल गांधी

**अमेठी की हार-जीत में सलोन विस का रहता 'तगड़ा' असर**

अमेठी संसदीय क्षेत्र में रायबरेली जिले का सलोन विधान सभा भी शामिल है। लोक सभा चुनाव की हार जीत में सलोन का भी 'तगड़ा' असर रहता है। 2014 के लोक सभा चुनाव में स्मृति ईरानी को सलोन से 55014 वोट तो वहीं राहुल गांधी को 88111 वोट मिले थे। स्मृति ईरानी की हार में सलोन के भी 33097 वोटों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। स्मृति की टीम ने 2019 के चुनाव में 33097 वोटों के अंतर की खाई को पाटने में पूरी ताकत लगा दी यही कारण है कि 2019 के लोक सभा चुनाव में राहुल गांधी पर स्मृति ईरानी की एतिहासिक जीत में भाजपा को सलोन से जहां 90195 वोट मिले वहीं कांग्रेस को 88285 वोट ही मिले। राहुल गांधी को सलोन विधान सभा में 1910 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।

**अमेठी में अब तक हुए सांसद**

- 1967 विद्याधर बाजपेई, कांग्रेस
- 1971 विद्याधर बाजपेई, कांग्रेस
- 1977 रवींद्र प्रताप सिंह, भालोद
- 1980 संजय गांधी, कांग्रेस
- 1981 (उप चुनाव) राजीव गांधी, कांग्रेस
- 1984 राजीव गांधी, कांग्रेस
- 1989 राजीव गांधी, कांग्रेस
- 1991 राजीव गांधी, कांग्रेस
- 1996 सतीश शर्मा, कांग्रेस
- 1998 संजय सिंह, भाजपा
- 1999 सोनिया गांधी, कांग्रेस
- 2004 राहुल गांधी, कांग्रेस
- 2009 राहुल गांधी, कांग्रेस
- 2014 राहुल गांधी, कांग्रेस
- 2019 स्मृति ईरानी, भाजपा

## एक नजर

### आग से मवेशी की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूपखेड़ा मजरे कुर्री गांव में सुबह आग लगने से स्थानीय भीखा पुत्र मन्ना की गाय आग में झुलस कर मर गई। प्रार्थी ने बछरावां थाने में दिये अपने प्रार्थनापत्र में गांव के रहने वाले खेलावन पुत्र घुरू पर आग लगाये जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी बिजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि मौजूदा समय मे उनके पास इसकी जानकारी नही है घटना की जांच करने के बाद दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### धारदार हथियार से हमला

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** लोडर लेकर अपने घर जा रहे युवक को रास्ते में रोककर चार युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार की दोपहर क्षेत्र के अकोढिया गेट के पास हुई है। क्षेत्र के गांव कोटरा बहादुर गंज निवासी युवक सोनू कुमार का कहना है कि वह लोडर से अपने घर जा रहा था। रास्ते में अकोढिया गेट के पास चार लोगों ने उन्हें घेर लिया और उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके बाद हमलावर उसे धमकी देते हुए चले गए। घटना के बाद कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के लाही बॉर्डर गुमावां स्थित संकट मोचन हनुमान मन्दिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम के समापन पर हवन पूजन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया। श्रीराम कथा एवं भण्डारे का आयोजन पंडित लालमन शुक्ला, पंडित आनंद कुमार शुक्ला, लवलेश शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। कथा के समापन पर आयोजित भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मन्दिर में माथा टेक कर प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी।

# डीएम के आदेश पर खुले सात नए गेहूं क्रय केंद्र

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** अन्नदाताओं को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए शासन की ओर से विशेष निर्देश है। इसी क्रम में डीएम हर्षिता माथुर के आदेश पर सात नए गेहूं क्रय केंद्र खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही जिले में गेहूं क्रय केंद्रों की संख्या बढ़कर 121 हो गई है।

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद में विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार 114 गेहूं क्रय केंद्रों को खोले जाने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 55, पीसीयू के 19 और भारतीय खाद्य निगम के आठ गेहूं क्रय केंद्र शामिल हैं। वहीं जिलाधिकारी द्वारा क्रय एजेन्सी मण्डी परिषद और नैफेड से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार सात नये गेहूं क्रय केन्द्रों को खोले जाने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को गेहूं क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद से सम्बन्धित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते शासनादेशानुसार/ नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करने को कहा है।



### यात्रियों को लेकर परिवहन विभाग ने की खास तैयारी

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** होली के त्योहारी सीजन में यात्रियों को बेहतर सुविधा देते हुए कम समय में मुसाफिरों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए रायबरेली परिवहन निगम ने खास तैयारी की है। होली पर्व को लेकर रायबरेली डिपो से लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, अयोध्या, दिल्ली मार्ग पर बसें ज्यादा दौड़ेंगी। परिवहन निगम द्वारा 22 मार्च से 1 अप्रैल तक होली स्पेशल बसे संचालित होंगी। वहीं डिपो को मिली 8 नई बसों के साथ दिल्ली रुट पर 14 बसें संचालित होंगी। वहीं लखनऊ मार्ग पर 16, प्रयागराज मार्ग पर 9, अयोध्या मार्ग पर 10 के साथ ही सबसे ज्यादा कानपुर मार्ग पर 25 बसे संचालित होंगी। वहीं होली में चालक व परिचालक के लिए निगम ने प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की है। एआरएम दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जो चालक परिचालक 11 दिन उपस्थित रहेंगे या निगम के मानक के मुताबिक बस संचालित करेंगे उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में 400 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से दिया जाएगा।

# ऑटो चालक व सहयोगियों ने की मेडिकल स्टोर संचालक से मारपीट

**सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

**बछरावां, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के टोडरपुर गांव के रहने वाले शिव सिंह पुत्र बदली दीन कुंदनगंज में कृष्णा मेडिकल स्टोर नाम से दुकान संचालित करते हैं। 21 मार्च को कस्बे के वर्मा मेडिकल स्टोर से दवा लेकर ऑटो से कुंदनगंज जा रहे थे। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में शिव सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह जैसे ही कुंदनगंज उतरे तो उनसे ऑटो चालक ने गत्ते का किराया मांगा।

उन्होंने कहा कि गत्ते का किराया नहीं पड़ता है। फिर ऑटो चालक किराया लेकर वहां से चला गया और उसी दिन शाम लगभग 5 बजे के करीब तीन-चार लोग आए और किराए को लेकर उसे धमकाने लगे और धमकाकर फिर चले गए। इसके बाद शाम 7 बजे रामलली पत्नी श्यामलाल, शशि पुत्री श्यामलाल, सुमन पत्नी रानू, कविता पुत्री श्यामलाल, रामू पुत्र श्यामलाल तथा राजा का ड्राइवर आया और पंकज साहू ने वहीं ऑटो के किराए की बात को लेकर उन्हें तथा उनके पुत्र मयंक से मारपीट करने लगे। जब उन्हें बचाने के लिए शेरी गांव के रहने वाले सतीश कुमार शुक्ला तथा राजकुमार शुक्ला आए तो उन्हें भी विपक्षियों ने मारा पीटा, जिससे सतीश के सिर पर चोट आ गई।

शिव सिंह का आरोप है कि विपक्षियों ने दुकान में घुसकर दुकान का सारा सामान तोड़ दिया और गाली-गलौज की और जान से मार देने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

# आग लगने से हजारों का सामान जलकर नष्ट



आग लगने से जला छप्पर, फैला सामान। अमृत विचार

**सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के केसौली में बुधवार की देर रात लगभग 10 बजे गांव निवासी रामनरेश थारू पुत्र बडकऊ के घर के बाहर रखे छप्पर में अचानक मोमबत्ती से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक छप्पर के नीचे रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। घर में रखा अनाज, बर्तन, चारपाई, कपड़ा, जरूरी कागजात, पंखा, टीवी, तीस हजार रुपए नगद सहित करीब साठ हजार रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान अशोक लोधी ने घटना की सूचना राजस्व विभाग को दी। क्षेत्रीय लेखपाल रिंकू सिंह ने बताया कि क्षति का आकलन कर उच्चाधिकारियों को भेज करके पीड़ित परिवार की सहायता दिलाई जाएगी।

# होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी

**पुलिस के साथ पीएसी के जवान रहेंगे सतर्क, ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी**

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** होली और रमजान को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। पर्व पर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को पूरी तरीके से मुस्तैद रहने के निर्देश दिए है।

एसपी ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्यार और सौहार्द, भाईचारे का पर्व है। सभी को इसे सद्भाव के साथ मनाना चाहिए। पुलिस कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि छोटी से छोटी घटना की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर उसका समाधान कराए। एसपी ने कहा कि चौराहो, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

होलिका दहन को लेकर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस के साथ ही पीएसी भी मौजूद रहेगी। वहीं ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी जाएगी। हुड़दंग, हंगामा व अफवाह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पर्व पर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि पर्व को लेकर पहले ही शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। एसपी ने होली को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है।



एसपी अभिषेक अग्रवाल।

## सार-संक्षेप

### नाटक के माध्यम से मतदान के लिए किया जागरूक



मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित लोग। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी के छात्रों ने तहसील परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए लोगों को शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व को बताते हुए बेहतर राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी के छात्रों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के अंतर्गत चलाए जा रहे सात दिवसीय अभियान के तहत गुरुवार को तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि प्रत्येक मतदाता को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट जरूर देना चाहिए। इस दौरान बीईओ राममिलन, एडीओ पंचायत राघवेंद्र चतुर्वेदी, प्राचार्य डॉ. प्राजंलि शुक्ला, अमित पांडे, पूजा अवस्थी एवं प्रधानाचार्य बेबी सिंह सहित अन्य शिक्षक साथी और छात्र उपस्थित थे।

### गड्ढों में तब्दील भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र का भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गया है जिस पर चलना दुश्वार हो रहा है। गौरतलब हो कि 7 किलोमीटर लम्बे क्षेत्र के भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण वर्ष 2017-18 में पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा कराया गया था। जिसके चलते निर्माण के कुछ ही दिन बाद सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई थी। भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग बाराबंकी जनपद की सीमा से जुड़ा होने के कारण इस सम्पर्क मार्ग पर 24 घण्टे आवागमन रहता है। जिस पर आए दिन स्कूली छात्र-छात्राएं एवं राहगीर गिरकर दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पीडब्लूडी विभाग को हस्तांतरित हुए 6 माह से अधिक का समय बीत गया है किन्तु अभी तक सड़क की रिपेयरिंग नही हो सकी। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगो में रोष व्याप्त है। पीडब्लूडी विभाग के जेई अमन यादव ने बताया कि 7 किलोमीटर लम्बे भवानीगढ़- सूरजपुर सम्पर्क मार्ग को पैच मरम्मत कार्ययोजना में डाला गया था। धन आवंटित होते ही रिपेयरिंग कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा।

### मित्रता का प्रसंग सुन भक्त हुए भाव-विभोर

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के महावीरन मुहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें और अंतिम दिन कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज द्वारा भगवान कृष्ण व सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुन भक्त भाव-विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि सुदामा का पहला गुण था वो भगवान के मित्र थे। दूसरा जहां बैठते थे वहां ध्यान लगा लेते थे। तीसरा इंद्रियों से विरक्त थे। ना कुछ लेना और ना देना सिर्फ मगन रहना। उनके पास इतनी गरीबी आ गई थी कि खाने को भी कुछ नहीं बचा। तब सुदामा की पत्नी सुशीला ने तीन मुट्ठी चावल देकर उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के घर भेजा। वहीं आयोजित नगर भोज में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा में आचार्य धर्मेश महाराज, अंशुमान मिश्रा, संतोष कौशल, केतन कौशल, , बंशी लाल कौशल, रामू कौशल, कमल चंद्र वैश्य सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

### दिव्यांगता प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**लालगंज, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय हेतु दिव्यांगता परीक्षण शिविर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमे अस्थि, सीपी, दृष्टि, मानसिक, मूकबधिर दिव्यांगता के कुल 15 बच्चो ने प्रमाण पत्र के लिए परीक्षण कराया इसमें डॉ. एमपी सिंह, डॉ. विवेक द्विवेदी, डॉ. योगेंद्र सिंह, रुबी चौधरी, डॉ. अंबिका प्रकाश एसीएमओ द्वारा परीक्षण किया गया। इस अवसर पर राजीव कुमार ओझा खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अभिभावकों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम व्यवस्था में महेंद्र यादव प्रधानाध्यापक एवम *स्पेशल एजुकेटर नवीन पाण्डेय, मोहित, शुभम, सलीम, हरिकेश, दिलीप, अभयराज द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### आरेडिका के मुख्य सामग्री प्रबंधक की हुई विदाई

**लालगंज, रायबरेली।** प्रमोशन आदेश आने के उपरांत पूर्व रेलवे मे प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक का पदभार संभालने के लिए भंडार विभाग आरेडिका में वर्ष 2017 से कार्यरत मुख्य सामग्री प्रबन्धक संदीप शुक्ला ने 20 मार्च 2024 को अपना कार्यभार छोड़ दिया। भंडार विभाग के परचेज सेक्शन के कर्मचारियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में बोलते हुए मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कहा कि संदीप शुक्ला की कुशल कार्यशैली और समग्र ज्ञान की रेल कोच के भंडार विभाग को विकास के पथ पर लगातार बनाए रखा और सदैव रेल कोच के हित के साथ-साथ कर्मचारी से भी उनका मेल जोल सराहनीय रहा। इस अवसर पर प्रबंधक मुख्यालय दीपक कुमार, वरिष्ठ सामग्री प्रबंधन अशोक कुमार, गणेश दत्त, अरशद अली, भूपेंद्र पाल सिंह, रोहित कुमार, कपिल कुमार, जमील अख्तर, चेतन श्रीवास्तव, सोनू सिंह, विकास चौधरी, पूनम यादव, डीएमएस संजय कुमार अनिमेष त्रिपाठी संदीप शुक्ला आदि रहे।

# रिश्तेदारी में आई बच्ची की कुएं में गिरने से मौत

**राही, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मौसा के घर आई मासूम बच्ची खेलते-खेलते कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों की मदद से उसे कुएं से बाहर निकाल कर उसे चिकित्सा के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज की दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

भदोखर थाना क्षेत्र के बसाढ गांव प्रतापगढ़ जनपद के थाना उदयपुर के राजापुर निवासी अतुल सिंह की तीन वर्षीय पुत्री आरुषि अपनी मां के साथ मौसा अखंड प्रताप सिंह के घर आई थी। गांव में खेल रहे अन्य बच्चों के साथ आरुषि भी शामिल थी जो खेलते-खेलते अचनाक कुएं के पास जा पहुंची तभी वह कुएं में गिर गई। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन व गांव के अन्य लोगों ने तुरंत कुएं में गिरी मासूम को बाहर निकाला और उसे इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सा के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा गया उत्साह

**लालगंज, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव को लेकर सरेनी विधानसभा के लालगंज, गेगासो, डलमऊ, सरेनी, बेनीमाधवगंज मंडलों की बुलाई गई। बैठक में शक्ति केंद्र और बूथ की बैठके तय हुईं। बैठक में विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह में कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरते हुए कहा कि हम सबको राष्ट्रवाद और विकास के नारे को लेकर जनता के बीच जाना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे, महेंद्र पटेल, दिवाकर मिश्रा, गोविंद सविता, आशीष मिश्रा, परीक्षित सिंह, मनीष अग्रवाल, रमाकांत मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड, शुभम गौड़, जेपी सिंह, हरिशंकर पांडे, नागेंद्र गुप्ता, दिनेश त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्रा, विकेश द्विवेदी, राम प्रकाश साहू, राम प्रकाश सिंह, संतोष पांडे, संतोष सिंह, सुनील मिश्रा, राजेश निर्मल व आलोक तिवारी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सतांव, रायबरेली**

**अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कोड़र मजरे सतांव गांव में गुरुवार दोपहर एक विवाहिता ने अपने मायके में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोड़र मजरे सतांव गांव निवासी मुन्नीलाल ने अपनी बेटी ममता की शादी छह वर्ष पूर्व भगवंत नगर जनपद उन्नाव में हुई थी।

पिछले छह माह से ममता अपने मायके में ही रह रही थी। ममता अपने बेटों रवी, कृष्णा का एक आदर्श मां के रूप में पालन-पोषण कर रही थी, तो फिर गुरुवार की अपराह्न ऐसी क्या बात हुई कि मां-बाप के खेतों में जाने के बाद ममता ने बिना अपने बेटों के भविष्य के बारे में सोंचे घर के अन्दर ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, लोगों में यही चर्चा बनी रही। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटनास्थल का निरीक्षण करती गुरुबक्शगंज पुलिस। अमृत विचार

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया दमखम

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय रायबरेली में 28वें वार्षिक क्रीडा समारोह के उदघाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्या प्रो. डॉ. सुषमा देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात खेल प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं बैज अलंकरण द्वारा किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं ने विद्या प्रजापति, अनुपम, शिवासनी, रोशनी, दिव्यानी, आरती, महिमा, खुशी, प्रगति, मुस्कान द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। क्रीडा प्रभारी व सहायक प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा द्वारा क्रीडा आख्या प्रस्तुत की गयी। जिसमें उन्होंने क्रीडा विभाग द्वारा वर्ष भर संचालित होने वाले खेलों एवं क्रीडा प्रतियोगिताओं के विषय में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या प्रो. डॉ. सुषमा देवी द्वारा ध्वजारोहण के साथ सलामी दी गयी। क्रीडा चैंपियन अदिति द्विवेदी ने मशाल दौड़ से शुभारंभ किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा दो दिवसीय क्रीडा समारोह के शुभारंभ की घोषणा की गयी एवं प्रतिभागियों को शपथ ग्रहण दिलाई। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल हमें टीम भावना के साथ रहना, एक-दूसरे का सहयोग करना, अनुशासन एवं समय प्रबंधन के विषय में प्रशिक्षित करता हैं। जीवन में जितना महत्व सफलता का है उतना ही असफलता का भी है।

क्योंकि ये हमारी कमियों का विश्लेषण करके हमारे व्यक्तित्व को पुनर्गठित करने में योगदान देते हैं और संघर्ष करने के लिये हौसला, जुनून व जज्बा पैदा करते हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में ट्रिपल जंप, जैवलिन थ्रो, लांग जम्प, हाई जम्प आदि प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शिखा मौर्या, प्रियंका, गौसिया नायाब, डॉ. सारिका सिंह, डॉ. स्नेहा सिंह, डॉ. सलोनी भसीन, डॉ. स्वर्णिमा जायसवाल, शशांक सिंह, रामकरन आदि मौजूद रहे।



गोला फेंकती प्रतिभागी छात्र।



रायबरेली में 28वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

### शिक्षा के उद्देश्य रोजगार के साथ समाज का सृजन

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** शिक्षा संस्कारपरक और सृजन कारक हो, तभी सामाजिक उन्नति होगी, मात्र रोजगार के उद्देश्य से हासिल की गई शिक्षा केवल अपना हित करती है। भाजपा नेता राजा जितेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र के सलीमपुर भैरों गांव में स्थित एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि एक समय था जब पढ़े लिखे लोगों का गांव में बहुत महत्व था, लोग उनसे सलाह लेते थे। उन्होंने कहा कि समाज के सृजन और चेतना के लिए शिक्षा होनी चाहिए। शिक्षित व्यक्ति में संस्कार होना चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से रूपेश श्रीवास्तव प्रबंधक, पूर्व प्रधान बृजेश श्रीवास्तव, वीडीसी फूलकली, श्याम लाल यादव, ऊषा पांडेय, नैंसी, सरिता, इंद्रपाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बिजली का पोल गिरा, लोगों ने भाग कर बचाई जान

अमावां, रायबरेली


देवानंदपुर में बिजली पोल को लगाते कर्मचारी।

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के देवानंदपुर में बुधवार की रात जर्जर बिजली का पोल भरभरा कर गिर गया। आसपास के लोगों ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई और बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने रात में ही विद्युत पोल बदलवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल की।

त्रिपुला बिजली घर से निकल कर नई बस्ती देवानंदपुर को जाने वाली विद्युत लाइन में लगा लोहे का एक पोल जंग खाकर काफी समय पहले जर्जर हो गया था। जर्जर पोल को बदलने के लिए, मोहल्ले के लोगों ने दर्जनों बार बिजली विभाग को सूचना दी। बुधवार की रात जब मोहल्ले के लोग बिजली के पोल के पास ही जमा थे। इस दौरान लोहे का बिजली का पोल भरभरा कर जमीन पर गिर गया। पोल को गिरते देख आसपास के लोगों की नजर पड़ी। आसपास के लोगों ने तत्काल मामले की जानकारी बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। सभासद जय प्रकाश की सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों ने विद्युत पोल को हटवाकर उसके स्थान पर नया विद्युत पोल लगवा कर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई और मोहल्ले के लोगों ने राहत की सांस ली।

# सावधान, कहीं खुशियों में बाधक न बन जाए केमिकल रंग

» बाजारों में बिक रहे सस्ते और केमिकल रंग, त्वचा के लिए हैं घातक

हर्षित द्विवेदी, रायबरेली

**अमृत विचार।** नाजुक त्वचा में केमिकल रंग कितना घातक हो सकता है, शायद ही किसी ने सोचा होगा। बाजार में उपलब्ध सस्ते और केमिकलयुक्त रंग से होली की खुशियों पलभर में बेरंग हो सकती है। वैसे तो होली रंगों का त्योहार है, पर क्या आप जानते हैं सुंदर लगने वाले यह लाल, गुलाबी, पीले, हरे रंग त्वचा के लिए कितने हानिकारक हैं।

हर बार केमिकल सस्ते और मिलावटी रंगों के कारण न जाने कितने लोगों की होली जैसा खुशी का त्यौहार बेरंग हो जाता है। होली में बाजार रंगों की दुकानों से सजने लगा है। महंगे से लेकर सस्ते गुलाल, अबीर, रंगों की दुकानें लोगों को आकर्षित करने में लगी है। होली में कहीं रंग कम न पड़ जाए, इसके लिए खरीददार अमूमन सस्ते और केमिकलयुक्त रंग ही पसंद करते है। इस बात से बेपरवाह रहते है कि यह सस्ते रंग उनके चेहरे और आंखों के लिए कितने हानिकारक हैं।

बाजार में आ रहे इन सस्ते रंगों में तरह-तरह के केमिकल मिलाए जाते हैं, जो चेहरे पर लगते ही उसमें खरोच, दाने, फफोले, कालापन आदि पैदा कर सकते हैं। इतना ही नहीं कई रंग इतने घातक होते है कि चेहरे पर दाग, गड्ढे और घाव तक हो जाते है। इसके बावजूद कोई सतर्कता नहीं बरती जाती है।



होली पर बाजार में रंगों की सजी दुकानें और खरीदारी करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### घटिया रंग से किया तौबा

खालीसहाट रानी चौरसिया, छोटी बाजार गुड़िया की माने तो होली में रंग खेलना पसंद ही नहीं है। उनका कहना है कि अधिकांश घटिया किस्म के रंग होते है। इससे कई बार उनके चेहरे पर दाने निकल आए। काफी उपचार के बाद राहत मिली। सुशील कुमार, विवेक शुक्ला, आनंद कुमार का कहना है कि होली में कई बार उन्हें आंख में परेशानी होती है। वहीं चेहरे पर जलन भी हो जाता है। इसीलिए काफी संभलकर रंग खेलते है।

### केमिकल रंगों में प्रयोग होने वाला रसायन व नुकसान

| रंग का नाम | केमिकल | नुकसान |
|---|---|---|
| लाल | मरकरी सल्फाइट | स्कीन कैंसर, पैरालाइसिस |
| काला | लेड आक्साइड | किडनी |
| हरा | कॉपर सल्फेट | आंखों में जलन |
| बैंगनी | क्रोनियम आयोडाइड | सांस बीमारी, एलर्जी |
| सिल्वर | एल्यूमीनियम ग्रोमाइड | कैंसर |
| साइनी | ग्लास पाउडर | त्वचा पर चोट |

### घातक रसायनों से तैयार होते हैं रंग


डॉ. नीलम सिंह

नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. नीलम सिंह का कहना है कि केमिकल रंग से आंख में जलन होने के साथ त्वचा को भी नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है। साथ ही आंखों की रोशनी भी जा सकती है। केमिकल रंग में काफी घातक रसायन प्रयोग होते है। इससे एलर्जी, डरमाइटिस, आर्टीकएरिया जैसी बीमारी से लोगों को जूझना पड़ता है। कई ऐसे केमिकल भी होते है, जिनका प्रयोग अमूमन लोग घरों की सफाई में करते है। इनके चेहरे पर लगाने खुजलाहट होने लगती है।

# संदिग्ध हालात में दुकान में लटकता मिला शव

» लालगंज कोतवाली क्षेत्र के निराला नगर की घटना

लालगंज, रायबरेली


शेखर की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** कस्बे से सटे निराला नगर मुहल्ले में व्यापारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने दुकान पर आकर देखा तो अवाक रह गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना बुधवार रात में हुई है।

निराला नगर निवासी शेखर श्रीवास्तव (22) पुत्र निकुंज लाल श्रीवास्तव परचून की दुकान मोहल्ले में ही करता था। हमेशा की तरह घर से दुकान आया था। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हो गए। घर वालों ने दुकान पर जाकर देखा तो शेखर फांसी पर लटका हुआ था। परिजनों के द्वारा लालगंज पुलिस को सूचना दी गई।

मामले में पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शेखर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं शेखर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। शेखर तीन बहनों और दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से सभी का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। अगर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# अमृत सरोवर में डूबकर दो सगे भाइयों की मौत

संवाददाता, अमेठी

» तीन घंटे की तलाश के बाद गोताखोरों ने निकाले शव

**अमृत विचार।** गुरुवार की शाम साइकिल से अमृत सरोवर के पास घूमने गए दो नाबालिग सगे भाइयों की सरोवर के पानी में डूबने से मौत हो गई। लगभग तीन घंटे की तलाश के बाद गोताखोरों ने दोनों बच्चों के शव निकाले तो परिजनों में हाहाकार मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस बल मौजूद रहा। शव मिलने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू की है।

अमेठी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कटरा हुलासी निवासी जितेन्द्र तिवारी के दो पुत्र 14 वर्षीय सुदीप व 11 वर्षीय आयुष गुरुवार की अपरान्ह रेंजर साइकिल से घूमने के लिए बगल के गांव लोहरता में बने अमृत सरोवर की तरफ गए थे। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। शाम लगभग पौने छह बजे कुछ ग्रामीणों ने अमृत सरोवर के पास साइकिल पड़ी होने की सूचना दी।

जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो बच्चों की साइकिल व एक बच्चे के कपड़े अमृत सरोवर के पास पड़े मिले। जिससे दोनों बच्चों के सरोवर में डूबने की आशंका से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रभारी निरीक्षक अमेठी केएम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ ग्रामीणों ने तालाब में घुसकर बच्चों की तलाश की कोशिश की। लेकिन पानी अधिक भरा होने के कारण सफलता नहीं मिली। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक ने संग्रामपुर, मुसाफिरखाना से गोताखोरों को बुलवाया।

रात लगभग सवा आठ बजे के करीब मुसाफिरखाना से आए गोताखोर ने दोनों बच्चों के शव सरोवर से ढूंढ़ कर बाहर निकाले। अपने बच्चों के शव देखते ही मां चीखकर बेहोश हो गई। पिता व अन्य परिवारीजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। लोग परिजनों को ढांढस बंधाने का प्रयास कर रहे थे। गौरतलब है कि जितेन्द्र तिवारी के दो पुत्र व एक तीन साल की पुत्री है। दोनों बेटों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों बच्चों के शव मिल गए हैं। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जीआरपी एसपी ने किया स्टेशन का निरीक्षण

**रायबरेली।** होली व लोकसभा चुनाव को लेकर यात्रियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशांत वर्मा, अनुभाग लखनऊ द्वारा थाना जीआरपी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना जीआरपी रायबरेली के प्लेटफार्मों, सर्कुलेटिंग एरिया, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया। ट्रेनों में होली त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई रेलवे स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक और चौकी इंचार्ज को ब्रीफ कर ड्यूटी प्वाइंट पर सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। रेलवे ट्रेक, आउटर आदि स्थानों की संवेदनशीलता एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यात्रा के दौरान जहरखुरानी से बचने के लिए लगातार लोगों को जागरूक करने व पार्किंग में खड़े दो पहिया वाहनों व ज्वलनशील पदार्थ की चेकिंग लगातार चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

## सार-संक्षेप

### डंपर की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर अनियंत्रित डंपर की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत हो गई। बृहस्पतिवार देर शाम थाना क्षेत्र निवासी आलोक मौर्य 15 वर्ष पुत्र रामसनेही निवासी कचौंदा मोहद्दीनपुर साइकिल से रायबरेली से घर वापस आ रहा था तभी मोहम्मद पुर कुचरिया के निकट अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। कुछ ही देर में उधर से गुजर रहे राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। हल्का दरोगा अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि डंपर को पकड़ लिया गया है।

### फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**अमेठी।** थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने प्राण घातक हमले में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक राजेश कुमार मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर प्राणघातक हमले में वांछित सत्यम सिंह पुत्र रामराज सिंह व अनुराग सिंह उर्फ सोहित सिंह पुत्र हरिनारायन सिंह उर्फ हन्नू सिंह निवासीगण ग्राम दिछौली थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को गांव के बाहर तालाब के पास तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

### 35 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना कमरौली पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत 30 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर आजाद अहमद पुत्र मकसूद अहमद (35) निवासी ग्राम चादगढ़ बनभरिया थाना कमरौली को लोहिया पुल से रोड नम्बर चार की तरफ ग्राम उतेलवा के पास से गिरफ्तार किया गया।

### आज आयेंगे कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नन्दी

**अमेठी।** मिशन–2024 की तैयारी को धार देने तथा पार्टी द्वारा बूथ व ग्राम स्तर पर चलाए जा रहे एक दर्जन से अधिक अभियानों की समीक्षा एवं आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी अमेठी लोकसभा में पहुंच रहे हैं। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नंदगोपाल गुप्ता नन्दी विधानसभा क्रमशः जगदीशपुर, तिलोई, सलोन, अमेठी की कोर कमेटी एवं संचालन समिति की बैठक अलग स्थानों पर करेंगे।

### सार्वजनिक स्थानों व निजी स्थानों से हटाई गई प्रचार सामग्री

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को अधिसूचना जारी कर दी गई है। उक्त के दृष्टिगत जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। जनपद में आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया पालन सुनिश्चित कराने के लिए कस्बों व संवेदनशील स्थानों पर स्थानीय प्रशासन तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इसी क्रम में आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए 12973 विभिन्न प्रचार सामग्रियों को हटाया गया है। जिसमें 1184 वॉल राइटिंग, 3971 पोस्टर, 5737 बैनर तथा 2081 अन्य प्रचार सामग्रियां शामिल हैं। इसी प्रकार निजी संस्थाओं से 3587 विभिन्न प्रचार सामग्रियां हटाई गई है। जिनमें 1103 वाल राइटिंग, 1165 पोस्टर, 1028 बैनर तथा 291 अन्य प्रचार सामग्रियां शामिल हैं।

### चिकित्सक की लापरवाही से नवजात की मौत, हंगामा

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** विभागीय आला अफसरों की उदासीनता के चलते क्षेत्र में फल फूल रहे नर्सिंग होमों में मरीजो के साथ खुलेआम लूट जारी व बोलने पर तीमारदारों के साथ अभद्रता व चिकित्सकों की लापरवाही से गुरुवार को एक नवजात शिशु की मौत हो गई। जिस पर भुक्तभोगी द्वारा थाने मे तहरीर देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। थानाक्षेत्र के अंतर्गत पुलिस बूथ गुलाबगंज से चंद कदमों की दूरी पर केनरा बैंक के बगल स्थित सिटी हास्पिटल मे उस वक्त हंगामा मच गया जब चिकित्सकों की घोर लापरवाही के चलते एक नवजात शिशु की दर्दनाक मौत हो गई। भुक्तभोगी की तहरीर के अनुसार थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के अंतर्गत स्थित ग्राम पूरे दला मजरे इमलीगांव चूंपी निवासी सुभाष कुमार ने थाना जगदीशपुर मे तहरीर देकर आरोप लगाया कि मैं अपनी पत्नी को एक दिन पूर्व प्रसव कराने हेतु सिटी हास्पिटल मे भर्ती कराया था। जहां दूसरे दिन चिकित्सकों की लापरवाही के चलते नवजात शिशु ने दम तोड दिया। जबकि पूर्व में सबकुछ ठीक ठाक था।

# छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**जगतपुर, रायबरेली।** कस्बा स्थित पंडित जालिपा प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने मौजूद लोगों का मनमोह लिया तथा मेधावी छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

गुरुवार को कस्बे के सलोंन रोड स्थित पंडित जालिपा प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीपत पीठ के पीठेश्वर गोविंद महाराज ने की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोहा विद्यालय तथा विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।


पंडित जालिपा प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव समारोह में पुरस्कृत मेधावी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र तिवारी ने बताया है कि हमारे विद्यालय में प्रत्येक वर्षों कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर प्रबन्धक दिनेश पांडेय, सुरेश पांडेय, एसबीआई बैंक के मैनेजर वीरेंद्र बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह, राकेश सिंह राना, अशोक त्रिवेदी, गुड्डू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## गुमशुदा की प्रयागराज में मिली लाश, दोस्त पर हत्या का केस दर्ज

**रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे टिकई गांव मजरे विनोहरा गांव निवासी रविशंकर यादव की प्रयागराज में बोरे में लाश मिली थी। युवक की हत्या उसके ही साथ रायबरेली में आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करने वाले साथी रॉबिन ने की थी। रॉबिन इस बात से नाराज था कि मृतक की शादी उस लड़की से हो रही थी जिससे उसके भी सम्बन्ध थे। कुछ दिन पूर्व मृतक के घर से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकला था लेकिन यह वह रॉबिन उसे अपने साथ प्रयागराज लेकर चला गया था जहां उसने अपने साथियों के साथ उसकी गला दबा कर हत्या कर दी थी। मृतक के पिता जगदीश ने शहर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जहां अब पिता की ही तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर दिए निर्देश

**अमेठी।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा गौरीगंज क्षेत्रांतर्गत विगत चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर 50 फीसदी से कम मतदान हुआ था वहां के बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विगत चुनाव में विधानसभा गौरीगंज अंतर्गत 87 मतदान केंद्रों पर 50 फीसदी से कम मतदान हुआ था जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने-अपने बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हमें लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने का अधिकार मिला है इसे यूं ही व्यर्थ न होने दें, मतदाता सूची को पढ़ लें उसमें जो त्रुटियां हैं उसे ठीक कर ले। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची जितनी स्वच्छ व पारदर्शी होगी चुनाव उतना ही अच्छा होगा साथ ही मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा।

# न्याय न मिलने पर बेटी के साथ आत्मदाह का किया प्रयास

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव रामपुर मजरे कोंची की एक महिला अपनी बेटी के साथ तहसील पहुंची। महिला के हाथ में ज्वलनशील पदार्थ का डिब्बा था। यह देखकर आसपास के लोगों को किसी अनहोनी की आशंका सताने लगी। जमीनी विवाद में खुद के साथ तहसीलदार द्वारा अन्याय करने की बात कहते हुये तहसीलदार कार्यालय के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। तहसील प्रांगण में मौजूद लोगों की सतर्कता के चलते एक बड़ी अनहोनी टल गई और आक्रोशित मां बेटी धरने पर बैठ गई। यह नजारा देखकर तहसील से तहसीलदार भाग खड़े हुये और घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल तहसील पहुंच गया और मां बेटी से मान मनौव्वल में जुट गया। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी राजेन्द्र सिंह की लकवा बीमारी से करीब चार वर्ष पूर्व मौत हो गई थी।

पति की मौत के बाद मृतक की पत्नी माया देवी ने भूमि वरासत के लिए आवेदन किया तो लेखपाल द्वारा अपनी रिपोर्ट लगाकर अग्रसरित कर दिया गया। लेकिन राजस्व निरीक्षक ने उक्त भूमि को विवादित दर्शाकर उसे निरस्त कर दिया। मृतक की पत्नी माया देवी की मानें तो पति की मौत के बाद कूटरचित दस्तावेजों के सहारे उसके देवर ने फर्जी वसीयत कविता सिंह के नाम तैयार कराकर पति की मौत के छह माह बाद सब रजिस्ट्रार तिलोई को अनुचित लाभ देकर रजिस्ट्री करा ली थी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# धरपकड़ के लिए स्वास्थ्य विभाग कर रहा कसरत

**अवैध अस्पतालों की भरमार**

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शहर और कस्बों में अवैध अस्पतालों की भरमार है। अकुशल एवं अयोग्य लोग भी अस्पताल के संचालक बन बैठे हैं। बाहर डिग्री धारक डॉक्टरों के नाम का बोर्ड लगाया गया है, अंदर इलाज करने वाले कोई और मिल रहे हैं। लोगों का आरोप है कि मर्ज कोई भी हो दवा एक जैसी दी जा रही है। बिल भी मोटी धनराशि की तैयार हो रही है। स्वास्थ्य सेवा के नाम पर कुछ ही दिन में तरक्की का मार्ग प्रशस्त कर दे रही है। स्वास्थ्य विभाग ने अब ऐसे छद्म किस्म के अस्पतालों को बंद कराने की जहमत तक नहीं उठा रही है।

> बीच-बीच में अभियान चलाकर फर्जी नर्सिंग होंम, क्लीनिक, अस्पताल पर कार्यवाही की जाती है, अनर्गल तरीके से चल रहे क्लीनिक, अस्पताल, नर्सिंग होम की जांच करायी जाएगी अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> –डॉ. अंशुमान सिंह
> सीएमओ अमेठी

मुख्यालय से लेकर जिले के प्रमुख कस्बों में बिना पंजीकरण के अस्पताल एवं मेडिकल क्लीनिक चलाने की होड़ मची है। इस धंधे में महानगरों के प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के अस्पतालों के नाम का दुरुपयोग करने से भी ऐसे लोग चूक नहीं रहे हैं। छद्म किस्म के अस्पताल अक्सर मुख्य मार्गों से हटकर गली-मोहल्लों में खोले जा रहे हैं, ताकि आते-जाते समय किसी जिम्मेदार की नजर न पड़े। कुछ संचालक तो डिग्री धारक नामी चिकित्सकों का बोर्ड भी लगा रखे हैं, ताकि मरीज गुमराह होकर उनके यहां पहुंचे। अधिकतर किराए के भवनों में ही इस तरह के अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। यहां बिना मानक के ही कमरों में भर्ती वार्ड और ऑपरेशन थियेटर तक बनाए गए हैं। खून, पेशाब, अल्ट्रासाउंड आदि जांच की भी सुविधा दी जा रही है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



11वां रोजा

सहरी : 04 .54 बजे, शनिवार

इफ्तार : 06 .22 बजे, शुक्रवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# जितना ज्यादा मतदान उतना ही मजबूत होगा लोकतंत्र

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए किया प्रेरित

## देश में सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाने के लिए मतदान में युवाओं की भागीदारी जरूरी : सीडीओ

## मतदान से रोकने या किसी तरह का दबाव बनाने पर होगी कार्रवाई : एसपी

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में स्वीप गतिविधियों के तहत गुरुवार को सीएसएन पीजी कॉलेज में गुरुवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इससे पहले जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई तथा मतदाता जागरूकता के विभिन्न बिंदुओं पर विद्यार्थियों से संवाद किया। छात्रों ने विभिन्न सवाल पूछे जिनका जिलाधिकारी ने जवाब दिया, डीएम ने छात्रों से भी मतदाता जागरूकता को लेकर प्रश्न पूछे।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासनिक टीम की मेहनत की वजह से बड़ी संख्या में युवा वोटर बढ़े है और जेन्डर रेशियो व इपी रेशियो में बड़ा सुधार हुआ है तथा दोनों संसदीय क्षेत्रों की सभी विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं को समर्पित 2-2 मतदान केंद्र और प्रत्येक विधानसभा में दिव्यांगों को समर्पित तथा युवाओं को समर्पित बूथ बनाये जायेगें तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में आदर्श बूथ बनाये जा रहे हैं और 13 मई को सभी लोग मतदान करने अवश्य जाएं।



युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम में शपथ दिलाते डीएम मंगला प्रसाद सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुनानी। अमृत विचार

### हर सप्ताह सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को होगी बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं निर्वाचन सम्बन्धी अन्य गतिविधियों को लेकर प्रत्येक सप्ताह के सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को समय शाम 4 बजे बैठक आयोजित की जायेगी। बताया कि समस्त नोडल अधिकारी अपने सह नोडल अधिकारियों के साथ बैठक में प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ-साथ व्यय अनुवीक्षण से सम्बन्धित वीएसटी, वीवीटी एवं लेखा टीम के प्रत्येक सदस्य द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों/सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने दायित्वों की प्रगति एवं भविष्य की कार्ययोजना एवं समय सारिणी के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि मतदान के दिन अपना वोट अवश्य डालें। सभी संवेदनशील बूथों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मतदान से रोकने या दबाव डालने के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों के बारे में तत्काल जानकारी दें। सभी लोग निर्भीक होकर मतदान करें। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए युवाओं की भागीदारी जरूरी है। 13 मई को मतदान करने अवश्य जाएं और अंगुली के निशान को दिखाकर दूसरों को भी प्रेरित करें। चुनाव को एक पर्व की तरह मनाना है। उन्होंने क्यू आर कोड के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। प्रधानाचार्य कौशलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ने से राष्ट्र ऊपर आता है। कुछ माह बात रिटायर होने वाले प्रोफेसर संदीप सिन्हा ने जोशीले अंदाज ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### निकाली जाएं मतदाता जागरूकता रैली

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रमों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की जाए। कार्यक्रम, पंचायती राज, उद्योग, जिला पंचायत, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग की रैली निकाली जाये। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाता जागरूकता गोष्ठी आयोजित की जाये। अधिवक्ताओं की रैली मुख्यालय स्तर पर आयोजित की जाये। मीडिया बन्धुओं के सहयोग से एक जागरूकता रैली निकाली जाये। पूर्ति विभाग की ओर से कोटेदारों की रैली निकाली जाये। कलेक्ट्रेट परिसर व अन्य विभागों में नियमित रूप से मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी जाये। सभी तहसील मुख्यालयों, विकास खण्ड कार्यालयों, आइसीडीएस कार्यालयों, पंचायत भवनों पर जागरूकता से सम्बंधित बैनर लगवाए जाएं। जिले की सीमाओं पर होर्डिंग्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी ने बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### उड़न दस्ता टीम ने पकड़े दो लाख रुपए

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आचार संहिता के लागू होने पर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के पास ज्यादा से ज्यादा पचास हजार की नगदी रखी जा सकती है इससे ज्यादा की धनराशि मिलने पर जब्त किए जाने का प्रावधान है। गुरुवार को हरदोई सीतापुर बार्डर पर बरगदिया पुल के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था उसी दौरान हरदोई से सीतापुर जा रहे वाहन को चेकिंग के लिए रोका गया, जिसमे बैठे कमल वर्मा निवासी पुराना बोडिंग हाउस हरदोई के पास से दो लाख रुपए की नगद धनराशि प्राप्त की गई जोकि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। उक्त प्राप्त धनराशि को एफएसटी टीम प्रभारी विवेक वर्मा द्वारा जब्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।



जानकारी देते टीम प्रभारी विवेक वर्मा।

### जिला शिकायत निवारण समिति की हुई बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि नियमानुसार अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज कराया जाये। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। चुनाव के प्रशिक्षण स्थलों पर एम्बुलेंस व डॉक्टरों की टीम को तैनात किया जाये। रवानगी स्थल व कलेक्शन सेंटरों पर भी दवा आदि की व्यवस्था की जाये। मतदान केन्द्रो पर भी प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शराब के खिलाफ अभियान तीन लोगों को भेजा जेल

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव और होली के मद्देनजर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र सण्डीला-3 गिरीश कुमार ने गुरुवार को अवैध ढंग से शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाया। आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीमों ने लखनऊ प्रवर्तन टीम के साथ गिरीश कुमार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सण्डीला द्वारा 70 लीटर कच्ची शराब जब्त की तथा लगभग 200 किग्रा लहन को मौके पर ही नष्ट किया। टीम ने तीन लोगों को केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## एक नजर

### रोडवेज कर्मचारी परिषद का किया गया विस्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद में श्रमिक समाज कल्याण संघ का विलय हो गया। रोडवेज संघ में आए इन लोगों का स्वागत कर इन्हें नई कार्यकारिणी में मनोनीत किया गया। क्षेत्रीय संयोजक रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद अखिल बाजपेई ने बताया कि श्रमिक समाज कल्याण संघ का उनके संघ में विलय हो गया है। उन्होंने संघ में आए लोगों का स्वागत किया। श्रमिक संघ के अध्यक्ष राजीव कुमार व महामंत्री रमाकांत सहित इस संघ के अन्य लोग भी नए संघ में समाहित हो गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री जितेंद्र बहादुर, संदीप दीक्षित, जितेंद्र तिवारी, अनुराग, सुजीत गौड़ सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### शराफत अली के सपा जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने शराफत अली को हरदोई का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। संडीला विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि जिलाध्यक्ष शराफत अली के नेतृत्व में सपा की दोनों सीटें जीतेंगी। कहा कि भाजपा के वादे झूठे हैं कोई विकास कार्य नहीं किए। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। भाजपा सरकार में नौकरी मिलना काफी मुश्किल हो गया है । लोकसभा चुनाव से पहले घरेलू सिलेंडर पर 100 रुपए कम करने से जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आयेगी। आम जनता ने अब भाजपा को हराने का मन बना लिया है । नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शराफत अली को बधाई देते हुए कहा कि अब हरदोई जनपद में समाजवादी का परचम लहराएगा। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सम्मान करते हुए आभार प्रकट किया। बधाई देने वालों में सपा नेता अभिषेक दीक्षित, आलम खान एडवोकेट, मो. तालिब एडवोकेट, नगर अध्यक्ष अकील अंसारी, कांग्रेस नेता महताब अहमद आदि ने बधाई दी ।

# बच्चों की अदाओं पर बड़े फिदा

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के स्ट्रांग रूट्स प्री-स्कूल का एनुअल रिज़ल्ट डे का आयोजन रिज पैलेस में हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती मां की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन और ओम साईं राम गीत पर नन्हे मुन्ने बच्चों की मनोहर प्रस्तुति के साथ शुरू हुआ।

स्ट्रांग रूट्स प्री स्कूल के प्रबंधक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब मिलकर बच्चों के भविष्य को संवारने के लिये कार्यरत हैं, उनका प्रयास है कि बच्चों के चहुंमुखी विकास हो और सभी बच्चे परिवार का नाम रोशन करें। बच्चों के हुनर को देखकर लोग स्कूल की शिक्षा व्यवस्था की तारीफ करते दिखे। बेस्ट स्टूडेंट्स ऑफ ईयर का अवॉर्ड प्रतिभाशाली बच्ची प्रगति गुप्ता, और बेस्ट स्टडी बॉल के लिये अथर्व गुप्ता, मानवी अरोड़ा और प्रथम को दिया गया। स्कूल की डायरेक्टर निकिता श्रीवास्तव ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर डॉ शारिक परवेज, अम्बरीष कुमार सक्सेना, डॉ सौरभ गुप्ता, डा पारुल गुप्ता, डॉ श्याम गुप्ता, डॉ पूजा गुप्ता, डा मेहताब आलम, ताहिर ख़ान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव में राखी त्रिपाठी, सदफ खान, निशा सिंह, हंसिका अरोड़ा, ऐमन ख़ान आदि ने खासा योगदान किया।



स्कूल के एनुअल रिजल्ट डे पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रुप डांस प्रस्तुत करते बच्चे।

# सुखी जीवन का राज सीमित परिवार

हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद में गुरुवार को जिला महिला चिकित्सालय सहित समस्त ब्लाक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सभी जन आरोग्य मंदिरों में खुशहाल परिवार दिवस आयोजित हुआ। इसी क्रम में जिला महिला चिकित्सालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारम्भ एरा मेडिकल कालेज की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. उमा गुप्ता तथा डॉ. सुबोध कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि साल 2020 से हर माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य नवविवाहित दंपतियों को परिवार नियोजन साधनों की जानकारी देते हुए साधन मुहैया कराना है, जिससे काफी हद तक परिवार सीमित रखने के लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही अनचाहे गर्भधारण की स्थिति से भी महिला को बचाया जा सकता है।

इस मौके पर डा. उमा गुप्ता ने कहा कि परिवार नियोजन के साधनों पर बात करने में लोग हिचकते हैं। इस हिचक को दूर करना बहुत जरूरी है। सही समय पर परिवार नियोजन के सही साधनों के उपयोग से महिला और बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर होता है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी देने के साथ ही उपलब्ध भी कराए जाएं। यह साधन स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध हैं जिसमें त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, साप्ताहिक नॉन हार्मोनल गर्भनिरोधक गोली छाया, माला-एन, कंडोम प्रमुख हैं। इस अवसर पर 22 अंतरा डोज लगवाने वाली सुषमा निवासी लालपालपुर तथा 11 डोज पूर्ण करने वाली खुशबू निवासी मंसूरनगर को डॉ. उमा गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया है। इस मौके पर डॉ. अमिताभ श्रीवास्तव तथा परिवार नियोजन काउंसलर गरिमा द्विवेदी इत्यादि उपस्थित रहे।



महिला को सम्मानित करतीं चिकित्सक। अमृत विचार

माह-ए-रमजान | पहला अशरा हुआ पूरा, दूसरा अशरा शुरू

# ऐ बंदे...मांग ले गुनाहों की माफी

हरदोई

**अमृत विचार।** रमज़ान के 30 रोज़े तीन अशरों में गिने जाते है। पहले 10 रोज़े रहमत के अशरे, उसके बाद 11 वें से 20 वें रोज़े तक मग़फिरत यानी गुनाहों से माफी का अशरा होता है और 21 वें से आखिर तक के रोज़े तीसरे अशरे जहन्नुम से निजात के होते है। पहला अशरा पूरा हुआ और 11 वें रोज़े से दूसरा अशरा शुरु हो गया। कहा जाता है कि इस अशरे में खुदा अपने बंदों के लिए माफी के सारे दरवाज़े खोल देता है और कहता है कि है कोई जो अपनी मग़फिरत कराने के लिए अपने गुनाहों की माफी मांगे।

वैसे तो हर मोमिन इबादत गुज़ार कहा जाता है, लेकिन साल के 12 महीनों में एक महीना कसरत से इबादत करने का होता है, जिसे रमज़ान कहा जाता है। रमज़ान का रहमतों वाला पहला अशरा गुज़र गया, अब मग़फिरत का अशरा शुरु हो गया। मग़फिरत के माने गुनाहों से माफी के होते है। इस अशरे में अल्लाह के इबादत गुज़ार बंदे रोज़ा रख कर खुदा की बारगाह में हाथ उठा कर और गिड़गिड़ाते हुए अपने गुनाहों की माफी मांगते। उलेमा कहते है कि खुदा को अपने बंदो की आजिज़ी काफी पसंद है। खुदा अपने बंदो की आजिज़ी से मांगी गई हर दुआ को कुबूल करता है। 11 वें रोज़े से दूसरा अशरा शुरु होते ही रोज़ेदारों ने और कसरत से इबादत शुरु कर दी है।

### बच्चे घर-घर पहुंचा रहे अफ्तारी

वैसे तो रमज़ान हर एक नेकी का 70 गुना मिलता है। इस महीने ज़रूरतमंदों की मदद करना लाज़िम है। वहीं एक घर से दूसरे घर अफ्तारी पहुंचाने का काफी पुराना चलन है। इसके लिए सबसे ज्यादा बच्चों में खुशी देखी जा सकती है। अफ्तार होने से पहले बच्चे अपने-अपने घरों से अफ्तारी देने के लिए निकल पड़ते है। इसके अलावा अफ्तार पार्टियों का सिलसिला भी शुरु हो गया है।

### बाज़ार भी होने लगे गुलज़ार

रमज़ान का दूसरा अशरा शुरु होते ही ईद की तैयारियां भी तेज़ हो गई है। अफ्तार होने के बाद लोग खरीददारी करने के लिए बाज़ार पहुंच रहें है। जिससे वहां काफी भीड़-भाड़ देखी जा सकती है। जहां एक तरफ कपड़ो की दुकानों पर चहल-पहल है, वहीं चूड़ी और जूते-चप्पल की दुकानों में भी खरीददार उमड़ रहें है।

VAMCRH
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### तमंचा-कारतूस और कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**हरदोई।** पचदेवरा पुलिस टीम ने एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ जबकि दो लोगों को 10-10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। एसएचओ पचदेवरा रमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने बुधवार को सुरेश निवासी नगला हुसैन और तिलक निवासी गौटिया मजरा जमालपुर को कच्ची शराब के साथ पकड़ा। वहीं उदयपुर निवासी अनिल कुमार को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

### दीवार गिराने के आरोप में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के विधौरी नेवादा निवासी कपिल पुत्र छविनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के अरविंद, मोहन, बलवंत व कुछ अज्ञात लोगों ने मिलकर घर के बाहर खड़ी दीवार को गिरा दिया। विरोध करने पर विपक्षियों ने जानमाल की धमकी दी। कपिल का कहना है कि मेरे पूर्वजों द्वारा लगभग 70 वर्ष पूर्व उसकी जमीन का बंटवारा किया था, उसी जमीन पर वह काबिज है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं जांच की जा रही है।

### भक्त प्रहलाद कथा एवं श्री राम कथा का हुआ आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** ब्रजरस प्रवाहक पंडित रमण बिहारी महाराज ने कथा के चतुर्थ दिवस में ब्रह्माजी और प्रिय व्रत का दृष्टांत से जनमानस को कथा के माध्यम से माया मोह के जाल से निकल कर प्रभु स्मरण में ध्यान लगाना चाहिए। गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यासी सभी को पालता है। गृहस्थ आश्रम में रहते हुए प्रभु के ध्यान में मन को एकाग्र रखना चाहिए। कथा में रीना गुप्ता, अतुल गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, प्रदीप गुप्ता, इंजीनियर नवीन सिंह, सुधीर अवस्थी, विवेक सिंह, उदय अग्रवाल, अशोक सिंह आजाद, सुशील अवस्थी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कभी दिल्ली दरबार में रहता था शाहाबाद लोकसभा सीट का दबदबा

## 2008 में समाप्त हो गया संसदीय सीट का अस्तित्व

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** सियासत में स्थायी कुछ भी नहीं है। सियासत में नारे के साथ नेता भी बदलते रहे। कभी कपड़ों की तरह दल बदलते हैं। तो कभी रणक्षेत्र। बदलाव के इस परिवेश में बदले एक रणक्षेत्र शाहाबाद संसदीय क्षेत्र की कहानी भी कुछ ऐसी ही है।

इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुके संसदीय क्षेत्र शाहाबाद का कभी दिल्ली दरबार में दबदबा कायम था। यहां पर कभी नफाशत पसंद कुलीन राजनेताओं द्वार सियासत की जाती थी। सेवा भाव लेकर राजनीति में आए कुछ लोग शाहाबाद संसदीय सीट पर चार-चार बार सांसद चुने गए। मूल्यों की राजनीति करना उनका धर्म रहा। लेकिन बदलते परिवेश में राजनीति के का व्यवसायीकरण हो गया है। सन 2008 में हुये परिसीमन में शाहाबाद संसदीय सीट का वजूद समाप्त कर इस क्षेत्र को हरदोई संसदीय क्षेत्र में जोड़ दिया गया। इससे पहले इस संसदीय सीट में विधानसभा सभा शाहाबाद, पिहानी, बावन के अलावा लखीमपुर-खीरी की विधानसभा मोहम्मदी, व हैदराबाद (गोला) को जोड़कर सृजन किया गया था। इस संसदीय सीट पर






कुल 11 बार चुनाव हुए। 1962 में पहली बार वजूद में आये शाहाबाद संसदीय सीट पर प्रथम चुनाव में जनसंघ से युवराज दत्त पहले सांसद बने। 1967 के चुनाव में नवसृजित संसदीय सीट को फिर समाप्त कर दिया गया। 1971में पुनः अस्तित्व में आयी। 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने धर्मगज सिंह को चुनाव मैदान में उतारा। धर्मगज सिंह ने कांग्रेस को जीत दिलाते हुए इस सीट पर कांग्रेस का झंडा गाड़ दिया। सन1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे गंगा भक्त सिंह ने कांग्रेस के विजयीध्वज को उखाड़ कर अपनी जीत दर्ज करायी। 1980 के चुनाव में फिर वापसी करते हुए कांग्रेस के धर्मगज सिंह सांसद चुने गये। इसके बाद 1984,1989 के लोकसभा चुनाव में धर्मगज सिंह लगातार जीतते रहे और सांसद बने रहे।1991के चुनाव में भाजपा से चुनाव मैदान में उतरे सुरेंद्र पाल पाठक ने कांग्रेस के धर्मगज सिंह को करारी पटखनी देते हुए सीट भाजपा की झोली में डाल दी। 1996 के चुनाव में इस सीट पर बीएसपी ने इलियास आजमी को प्रत्याशी घोषित किया। इलियास आजमी ने हांथी पर सवार होकर भाजपा का कमल उखाड़ कर सीट बीएसपी की झोली में डाल दी।

1998 में भाजपा ने राघवेन्द्र सिंह को चुनावी मैदान में उतारा। राघवेन्द्र सिंह सभी को धता बताते हुए भाजपा के टिकट पर दिल्ली पहुंच गए। 1999के चुनाव में बसपा ने दाउद अहमद को प्रत्याशी घोषित किया। उन्होंने इस सीट को फिर भाजपा से छीन लिया। 2004 के चुनाव में बसपा से इलियास आजमी चुने गये। 2004 तक अस्तित्व में रही

### चार बार सांसद रहे धर्मगज सिंह



हरदोई जिला मुख्यालय के रहने वाले ठाकुर धर्मगज सिंह चार बार सांसद चुने गए। 1971 में पहली बार सांसद बने धर्मगज सिंह ने अपना सफर 1980 1984 1989 में जारी रखा। नफासत पसंद राजनीति करने वाले श्री सिंह क्षेत्र में काफी लोकप्रिय रहे हैं। उसे समय के लोग मूल्यों के आधार पर राजनीति करते थे।

### धर्मगज सिंह को छोड़कर हर बार बदलता रहा चेहरा

1989 में आखिरी चुनाव जीतने के बाद धर्मगज सिंह ने दो चुनाव और लड़े लेकिन वह जीत नहीं सके। धर्मगज सिंह से पहले और धर्मगज सिंह के बाद जितने भी सांसद चुने गए उनमें से इलियास आजमी को छोड़कर कोई भी अपनी वापसी नहीं कर सका और लगातार दो बार कोई भी सांसद नहीं रह पाया। इलियास आजमी बहुजन समाज पार्टी से सांसद चुने गए। उसके बाद उन्होंने दूसरा चुनाव समाजवादी पार्टी से लड़ा और चुनाव हार गए। फिर पुनः बहुजन समाज पार्टी में वापसी की तब पुनः सांसद चुने गए थे।

शाहाबाद लोकसभा सीट 2008 के परिसीमन में समाप्त कर दी गयी।तथा इस क्षेत्र को हरदोई संसदीय क्षेत्र में जोड़ दिया गया।

# युवक ने दोस्त को मारी गोली, लखनऊ रेफर

## किसी बात को लेकर विवाद के बीच घटना को दिया अंजाम, हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र का मामला

हरदोई

**अमृत विचार।** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर युवक ने आपसी कहासुनी के बीच दोस्त को तमंचे से गोली मार दी। हाथ में गोली लगने से घायल हुए युवक को सीएचसी से मेडिकल कालेज भेजा गया, जहां से डाक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया है कि सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। मामला हरपालपुर कोतवाली के लमकन पुल के पास की है।



गुरुवार की सुबह दो वहां दो दोस्तों के बीच आपसी कहासुनी होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि एक दोस्त कल्लू ने अपने दोस्त मैनपुरी ज़िले के हरीपुर थाना किशनी निवासी विकास उर्फ गौरव को तमंचे से गोली मार दी। हाथ में गोली लगते ही विकास उर्फ गौरव वहीं पर गिर पड़ा। उसे देख कर कल्लू वहां से भाग निकला। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने ज़ख्मी युवक को आनन-फानन में एम्बुलेंस-108 से सीएचसी पहुंचाया, जहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया। मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने उसकी हालत देख कर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। इस बारे में एसएचओ हरपालपुर आनंद नारायण त्रिपाठी का कहना है कि ज़ख्मी युवक विकास उर्फ गौरव के खिलाफ मैनपुरी और कन्नौज में चोरी के अलावा और कई मामले दर्ज है। फिलहाल गोली मारने की वजह का पता लगा रही है। साथ ही सारे मामले की जांच की जा रही है। घटना के पीछे वजह सामने नहीं आ सकी है। आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### शराब कैंटीन संचालक ने ग्राहक को पीटा, केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली कस्बे के अल्लाहपुर तिराहे पर देशी शराब की दुकान के सामने कैंटीन वाले ने ग्राहक पर साथियों के साथ मिलकर डंडों से हमला कर दिया। जिससे ग्राहक लहूलुहान हो गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली अल्लाहपुर तिराहे पर देशी शराब की दुकान के सामने कैंटीन पर आए दिन शराबियों का विवाद हुआ करता है। यही नहीं अंग्रेजी शराब की दुकानों के आसपास भी आए दिन शराबी उपद्रव किया करते हैं। लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग आंख मूंदे रहता है। गुरुवार की दोपहर कस्बे के काशीराम कालोनी के ब्लॉक दस में रहने वाला सूरज पुत्र कालिका अल्लाहपुर देशी शराब की दुकान पर शराब पीने गया था। शराब लेकर उसने कैंटीन से गिलास, पानी, चना लेकर पीना शुरू ही किया था, तभी किसी बात को लेकर कैंटीन संचालक पिंटू ने उसे गाली गलौज करना शुरू कर दिया। पीड़ित ने बताया उसने गाली देने से मना किया तो कैंटीन संचालक ने अपने साथियों सहित उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। डंडे से पिटाई में उसका सिर फट गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी सहित अन्य के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# पति की हत्या करने में पत्नी और उसका प्रेमी गिरफ्तार

हरदोई





**अमृत विचार।** ससुराल में दामाद का शव घर के अंदर पड़ा मिला था। मामले में मृतक के भाई ने उसकी पत्नी, प्रेमी और प्रेमी के दोस्त के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि प्रेमी का दोस्त फरार है।

कछौना कोतवाली के नई कालोनी निवासी नजमुद्दीन की शादी 29 फरवरी को सण्डीला कस्बे के मोहल्ला मलकाना के फहीम की पुत्री फरीन के साथ हुई थी। नजमुद्दीन के भाई कुतुबद्दीन ने बताया था कि उसका भाई मां के साथ ससुराल जा रहा था, लेकिन उसे बहाने से अकेले बुलाया गया और रविवार की रात वहीं रोककर हत्या कर दी गई। नजमुद्दीन का शव सोमवार की सुबह घर के अंदर पड़ा मिला। पुलिस ने इस मामले में नजमुद्दीन की पत्नी फरीन, उसके प्रेमी अंसार और अंसार के दोस्त अरशद के खिलाफ केस दर्ज करते हुए फरीन और अंसार को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अरशद अभी भी फरार है।

# महिला उत्पीड़न की रोकथाम के बारे में दी गई जानकारी

हरदोई

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में विनोद कुमार त्रिवेदी प्रशासनिक अधिकारी तहसील बिलग्राम की उपस्थिति में कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न व ठोस अपशिष्ट पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ।

पंचायत भवन इसरापुर में हुए कार्यक्रम में लीगल एड क्लीनिक आशीष तिवारी ने कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 के प्रावधानों की जानकारी दी। बताया कि वर्तमान समय में जो महिलाएं अपने घरों से बाहर निकल कर कार्य करती हैं। यह अधिनियम उन सभी महिलाओं के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न की रोकथाम किस प्रकार की जाएगी। इसके अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2016 नियम के अंतर्गत प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस नियम के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति स्वयं उत्पन्न ठोस कचरे को अपने परिसर के बाहर सड़कों, सार्वजनिक स्थानों, नालियों इत्यादि क्षेत्रों न फेंकेगा, न ही जलाएगा, न दफनाएगा।

### खेत जा रहे अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बीमार चल रहा अधेड़ अपने खेत पर जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार रहा था, उसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के सेवा गांव निवासी राजेश (48) काफी दिनों से बीमार चल रहा था। गुरुवार की सुबह खेत पर जाने के लिए अकेले निकल पड़ा। खेत पर जाने के लिए वह गांव के बाहर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, उसी बीच वहां से गुजरी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर रोते-बिलखते घर वाले भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लककर पोस्टमार्टम कराया है। परिवार में पत्नी मंजू, बेटा साहिल और बेटी बिट्टू है।

# विद्युत बिल जमा कर पाएं छूट

हरदोई

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग वित्तीय वर्ष के समापन पर उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान योजना का लाभ दे रहा है। उप खंड अधिकारी ने मोहल्लों में जाकर लोगों को बकाया कि भुगतान अदा करने के लिए जागरूक किया।

उप खंड अधिकारी केपी सिंह ने गुरुवार को विभागीय कर्मचारियों के साथ लेकर मोहल्लों में निकले। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक बकाया अदा करने के लिए प्रेरित किया। 1 अप्रैल 2023 से निजी नलकूप उपभोक्ताओं को (एलएमवी-5 निजी नलकूप) शर्तों व प्रतिबन्धों के अधीन निःशुल्क विद्युत आपूर्ति की जाएगी। बिलग्राम



उपभोक्ताओं को जागरूक करती विद्युत विभाग की टीम। अमृत विचार

उपखंड अधिकारी संजीव द्विवेदी ने बताया है कि उक्त संयोजन के सापेक्ष 31 मार्च 2023 तक के सम्पूर्ण बकाये का भुगतान योजना में दिए गए प्राविधान के अनुसार किया जाएगा। योजना का लाभ 1 अप्रैल 2023 से उन्हीं उपभोक्ताओं को दिया जाएगा, जिनके द्वारा संयोजन के सापेक्ष 31 मार्च 2023 तक के बकाये का पूर्ण भुगतान कर दिया होगा। अवर अभियंता विजय कुमार व मुकेश कुमार ने बताया कि ब्याज / विलम्ब अधिभार (एलपीएससी) की गणना 31 मार्च तक के कुल बकाये पर की जायेगी। योजना की अन्तिम तिथि 30 जून है।

## सार-संक्षेप

### विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित नेशनल आदर्श कंप्यूटर इंस्टिट्यूट और ग्राम तिलोइयां खुर्द, संडीला में एक दिवसीय विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस आयोजन के द्वारा लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष राशिद अली वारसी ने बताया कि इससे ग्रसित व्यक्ति के प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए और साथ ही साथ इसपर अधिक से अधिक जागरूकता फ़ैलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट में डायरेक्टर शाहनवाज़ ने इसके लक्षण जैसे हाथ पैर उठाने में समस्या, जीभ मोटी और बाहर निकलना, कानों का छोटा होना, वातावरण में बदलाव को नोटिस नहीं कर पाना, आईक्यू कम होना और बचाव को लेकर विस्तार के जानकारी दी। इस अवसर पर हिमांशु कुमार यादव सचिव, बोर्ड सदस्य गौरव गुप्ता, लीगल एडवाइजर आरएन तिवारी, उपसलाहकर जगत नारायण द्विवेदी, मो. नसीम वारसी, रफीउद्दीन वारसी, पूजा देवी शाहनवाज़, शुभम रिज़वान ट्रस्ट के मेंबर और इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कथा वाचक पर महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** कथा वाचक ने पहले शादी करने का झांसा देते हुए दूसरी कथा वाचक का शारीरिक शोषण किया। जब शादी करने की बारी आई तो आरोपी ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि धमकाना भी शुरू कर दिया। पुलिस ने पीड़िता महिला कथा वाचक की तहरीर पर आरोपी कथा वाचक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पिहानी कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि वह एक कथावाचक है और उसके साथ में ही आर्येन्द यादव निवासी तौकलपुर भी कथा कहता है। दोनों साथ-साथ कथा करने जाते हैं। उसी दौरान दोनों इतने नज़दीक हो गए कि उनके बीच शारीरिक संबंध बन गए। कथा वाचक का आरोप है कि कथा वाचक आर्येन्द ने उसे शादी का झांसा देते हुए घर बुलाया, जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दोनों के बीच कई बार ऐसे संबंध बने, लेकिन जब शादी करने को कहा तो आरोपी कथा वाचक न सिर्फ गाली-गलौज करने लगा, बल्कि जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने दी गई तहरीर पर कथा वाचक आर्येन्द यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### सड़क पर खड़े ट्रक से 200 लीटर डीजल चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस लगातार सवालों के घेरे में है। पुलिस पर लगातार सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र से ही जुड़ा हुआ है जहां चोरों ने हीरो मोटरसाइकिल शोरूम के बाहर खड़े ट्रक से डीजल चोरी कर लिया हैं। इसकी जानकारी ट्रक ड्राइवर द्वारा पुलिस को दी गई है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के अस्पताल रोड पर 19 मार्च की शाम शोरूम के बाहर नई बाइकों की डिलेवरी लेकर पहुंचे ट्रक से 200 लीटर डीजल चोरी हो गया। ड्राइवर ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की जानकारी दी है। कोबरा के होते हुए भी सड़क पर खड़े ट्रक से डीजल चोरी हो गया। ऐसे में शहर कोतवाली की कोबरा पर सवाल खड़े हो गए हैं यदि कोबरा गशत कर रही थी तो चोर इतने निर्भीक कैसे हो गए। इससे पहले 13- 14 मार्च की रात जिन्दपीर चौराहे के निकट चोरों ने लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया था। लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी थी।

### वकील और दस्तावेज लेखक की कुर्सियां तोड़ी गईं

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय पर उपद्रवियों ने बीती रात वकील और दस्तावेज लेखक के तख्त, कुर्सियां और बॉक्स तोड़ डाले। यह सारा उपद्रव कोतवाली के ठीक सामने और प्रभारी निरीक्षक के आवास के निकट होता रहा लेकिन न पुलिस को भनक लगी। अधिवक्ता नीरज शुक्ला और दस्तावेज लेखक अभय शर्मा कंचन के तहसील मुख्यालय के पुराने द्वार के सामने तख्त पड़े हुए हैं जिन पर बैठकर वह काम करते हैं। बीती रात किसी समय उपद्रवियों ने दोनों की कुर्सियां तोड़ डालीं। तख्त तोड़े और यह सारा उपद्रव होता रहा। तोड़फोड़ की भनक न तो प्रभारी निरीक्षक के आवास तक पहुंची और नहीं कोतवाली में रात्रि के वक्त मौजूद पहरा ड्यूटी पर तैनात सिपाही ने सुनी। उपद्रवी उपद्रव करके चलते बने।

### बच्चों से नाश्ता-चाय बनवाने में चार संकुलों को नोटिस

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** बीते मंगलवार को भरावन क्षेत्र के यूपीएस हयातगंज हुई संकुल की बैठक में छात्र से कराई गई मेहमान नवाजी के मामले में बीईओ ने चार संकुल शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए दो दिन में जवाब तलब किया है, जबकि प्रधानाध्यापक से कोई जवाब तलब नहीं किया गया। संकुल की बैठक में न्याय पंचायत पीपरगांव के संकुल शिक्षक राजेंद्र कुमार, श्याम किशोर तिवारी, संदीप आर्य , प्रकाश दुबे को खंड शिक्षा अधिकारी डीएल राना ने नोटिस जारी की है। वहीं बीईओ हेड टीचर कविता त्रिपाठी से यह पूछना मुनासिब नहीं समझा कि बच्चे से मेहमान नवाजी क्यों करवाई गई।

### चेकिंग अभियान में जिला बदर गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** थाना मंझिला पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान में जिला बदर अपराधी को गांव के तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना मंझिला के प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव और त्योहार को देखते हुए थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। आलम नगर चौकी प्रभारी राम लखन अवस्थी क्षेत्र में चैना तिराहे पर चेकिंग के दौरान जिला बदर अपराधी अकुल्ले निवासी चैना को गिरफ्तार किया गया। कानून का उल्लंघन कर अपने घर में निवास कर रहा था, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### परिषदीय स्कूलों में बच्चों ने दूसरे दिन दी परीक्षा

**हरदोई, अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। बीएसए ने कहा है कि किसी भी तरह की कोई लापरवाही न बरती जाए। इतना ही नहीं एक तरफ बीएसए पूरी नज़र बनाएं हुए है, वहीं बीईओ, एसआरजी, एआरपी और शिक्षक संकुल की टीमें वार्षिक परीक्षाओं की लगातार चौकसी कर रहीं है। बीएसए विजय प्रताप सिंह का कहना है कि किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीईओ बावन आरके द्विवेदी ने कहा है कि शासन के दिशा-निर्देशों के तहत परीक्षाएं होनी है। परिषदीय स्कूलों के शैक्षिण स्तर को और बेहतर बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश की जा रही है।



गुरुवार को परीक्षा देते परिषदीय स्कूल के बच्चे। अमृत विचार।

# बैंक में आपस में भिड़े अध्यापक

हरदोई

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा की नई नीति के तहत बैंक में पीपीए जमा करने के दौरान शिक्षक बैंक में आपस में भिड़ गए। बैंक आफ बड़ौदा में हुए इस टकराव का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। पीपीए जमा करने के लिए शिक्षकों को बैंक में घंटो लाइन में लगना पड़ रहा है। बैंककर्मियों की लापरवाही और अनदेखी पर नाराज शिक्षक आपस में ही विवाद करने लगे।

परिषदीय स्कूलों में शुरु हुईं वार्षिक परिक्षाएं और कंपोज़िट ग्रांट के हिसाब-किताब देने को मिली सीमित मोहलत ने गुरु जी चकरघिन्नी बना दिया है। उधर वार्षिक परीक्षा का बोझ और इधर पीपीए जमा करने के लिए बैंक के चक्कर लगाते-लगाते शिक्षक परेशान हो रहे हैं। पीपीए फार्म जमा करने के लिए बैंक आफ बड़ौदा में लाइन लगाए कुछ शिक्षक जल्दबाजी के चक्कर में आपस में धक्का-मुक्की करते हुए उलझ गए। मारपीट होने पर बैंक कर्मियों ने बीच-बचाव किया। बैंक में भीड़ के बावजूद पीपीए फार्म जमा करने के लिए सिर्फ एक काउंटर चल रहा था। देरी के चलते शिक्षकों के बीच हुई मारपीट के बाद आनन-फानन में दूसरा काउंटर खोला गया।

### मारपीट में तीन पर केस

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेढ़मा में कूड़ा डालने के लिए मना करने पर मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। पीड़ित रजनीश कुमार की तहरीर पर विपक्षी शिवम, ललित व हरिओम पर केस दर्ज किया गया है।

# सिटी मजिस्ट्रेट के बचाव में उतरी प्रहलाद नगरी जन-कल्याण समिति

हरदोई

**फॉलोअप**

**अमृत विचार।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और सिटी मजिस्ट्रेट के बीच हुई नोंकझोंक के बाद से ही सियासी गलियारों में चर्चा जारी है। मामला अखबार की सुर्खियों में आने पर न केवल भाजपा के वर्तमान और पूर्व सांसद ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया बल्कि विरोधी दल सपा ने भी सिटी मजिस्ट्रेट के व्यवहार की निंदा की।

वहीं दूसरी तरफ समाजसेवी संस्था प्रहलाद नगरी जन-कल्याण समिति सिटी मजिस्ट्रेट के बचाव में उतर आई। समिति ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को ही घेरते हुए कहा कि मामले को बढ़ाचढ़ाकर बताया जा रहा है, जैसा आरोप लगाया जा रहा है, वैसा सिटी मजिस्ट्रेट ने कुछ नहीं कहा। समिति ने मुख्यमंत्री को भेजी चिट्ठी में कहा है कि सिटी मजिस्ट्रेट ने किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचाई, बल्कि उन्होंने ज़िम्मेदारी से अपने कर्तव्यों को निभाया।

बताते चलें कि बीते शनिवार को चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट नगर पालिका परिषद की टीम के साथ राजनैतिक दलों के होर्डिंग्स, बैनर हटाने का अभियान शुरू किया। उसी बीच लखनऊ रोड पर पूर्व भाजपा ज़िलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा के आवास के सामने लगे उनके नाम के बोर्ड को भी उखड़वा दिया। जिस पर श्री वर्मा ने ऐसा करने के लिए मना किया। उसी बात पर पूर्व ज़िलाध्यक्ष व सिटी मजिस्ट्रेट के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। उस बीच के वायरल वीडियो में सिटी मजिस्ट्रेट भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को केस दर्ज कराने की धमकी देते हुए सुने गए। उसके अगले ही दिन पूर्व ज़िलाध्यक्ष की पत्नी की हालत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई, कहा गया कि पति के साथ सिटी मजिस्ट्रेट के अभद्र व्यवहार से परेशान होकर विद्यासागर वर्मा की पत्नी की मौत हो गई। खबर जब अखबारों में छपी तो अगले सोमवार को भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में आक्रोश छा गया। भाजपा जहां सड़क पर आ गई तो सपा को भी सियासत की पिच पर बैटिंग करने का पूरा मौका मिल गया। उसी बीच सिटी मजिस्ट्रेट के बचाव में उतरी समिति के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को भेजी चिट्ठी में कहा कि जो कहा जा रहा है, सिटी मजिस्ट्रेट ने वैसा कुछ नहीं बोला, बल्कि उन्होंनें एक ज़िम्मेदार अफसर के कर्तव्यों को पूरा किया। श्री द्विवेदी का कहना है कि सिटी मजिस्ट्रेट ने आचार संहिता का उल्लंघन करने का केस दर्ज हो सकता है। कहा था, लेकिन उन्होंने कोई धमकाने वाली बात नहीं की थी।

## लोगों में चर्चा : सरकार क्यों नहीं हो रही असरदार

**हरदोई, अमृत विचार।** पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा के साथ भीड़ के बीच सिटी मजिस्ट्रेट का अभद्र व्यवहार और उसके सदमे से उनकी पत्नी मौत के मामले में भाजपा की जो हालत है, उससे चुनाव आयोग के संरक्षण में अधिकारियों की ताकत और सत्ताधारी होने के बावजूद राजनीतिक दलों की बेबसी का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना के अगले दिन भाजपा के वर्तमान और पूर्व सांसद, वर्तमान जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतर कर आरोपी सिटी मजिस्ट्रेट पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने कार्रवाई के लिए प्रशासन को कुछ घंटों का अल्टीमेटम दिया, लेकिन चौथा दिन बीत गया, फिर भी कुछ नहीं हुआ। इससे माना जा रहा है कि आखिर सरकार में रहते हुए भाजपा के तेवर असरदार क्यों नहीं हुए। कहा जा रहा है कि निर्वाचन आयोग के आगे सरकार की भी नहीं चल रही है।

### उच्च स्तरीय जांच कराने की उठी मांग

पूर्व ज़िलाध्यक्ष और सिटी मजिस्ट्रेट के बीच छिड़ी रार के रास्ते में आकर खड़ी हुई प्रहलाद नगरी जन-कल्याण समिति के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजी चिट्ठी में कहा है कि सारे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि उसके बाद ही दूध का दूध और पानी का पानी होगा।

### सीडीओ को सौंपी जांच

पूर्व भाजपा ज़िलाध्यक्ष और सिटी मजिस्ट्रेट के बीच हुई नोंकझोंक के मामले की जांच सीडीओ सौम्या गुरुरानी को सौंपी गई है। कहा जा रहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कोई कार्रवाई की जाएगी।

### वायरल वीडियो प्रमाण नहीं

वायरल हुए वीडियो में पूर्व ज़िलाध्यक्ष के साथ अभद्र भाषा में बात करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट उनके खिलाफ केस दर्ज करने की धमकी दे रहे हैं, सारा कुछ पानी की तरह साफ है, लेकिन प्रशासन ने इसे साक्ष्य नहीं माना है, जांच होने की बाद ही दोषी या निर्दोष साबित होने की बात कही जा रही है। भाजपाइयों का कहना है कि किसी और मामला होता तो इतना साक्ष्य काफी था, लेकिन चूंकि अधिकारी पर आरोप है तो प्रशासन इसे साक्ष्य नहीं मान रहा है।



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 4.38 बजे
इफ्तार : 6.31 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4.43 बजे
इफ्तार : 6.22 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# जेल में बंद आजम खां से मुलाकात कर सकते हैं अखिलेश यादव

**सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी में लोकसभा चुनाव के टिकट को लेकर चल रहे घमासान के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज जेल में बंद आजम खां से मुलाकात करेंगे। समाजवादी पार्टी की तरफ से जारी प्रोटोकाल के अनुसार अखिलेश यादव सुबह 11 बजे जिला कारागार पहुंचकर 12 बजे जेल मैनुअल के अनुसार आज़म से मुलाकात करेंगे। चुनाव से ठीक पहले आज़म और अखिलेश की मुलाकात रामपुर सहित अन्य लोकसभा सीटों का भविष्य तय कर सकती है।

**तैयारी**

- **लोकसभा चुनाव की कुछ अहम सीटों पर दोनो के बीच होगा मंथन**
- **मुलाकात के बाद रामपुर समेत अन्य सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर सकते है अखिलेश**

बताते चलें कि पूर्व मंत्री व सपा नेता आज़म खां करीब 4 माह से अधिक समय से जिला कारागार सीतापुर में बंद है। रामपुर से सीतापुर जेल में शिफ्ट होने के बाद आज़म से अखिलेश यादव ने दूरी बनाए रखी थी। लोकसभा के पहले चरण के नामांकन का दौर शुरू होते ही शुक्रवार को दोनो के बीच जेल में होने वाली अहम मानी जा रहा हैं। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव की कुछ अहम सीटों पर आज़म से राय मशवरें के बाद अखिलेश यादव प्रत्याशियों की घोषणा कर सकते है। सूत्रों की माने तो अखिलेश यादव जेल में आज़म से मुलाकात कर मुस्लिम वोट साधने की भी कोशिश करेंगे। जेल में आजम से मुलाकात के दौरान जिले के वरिस्ठ नेता और कार्यकर्ताओ ने प्रोटोकॉल आने के बाद उनके आगमन की तैयारी शुरू कर दी है।

## जांच के लिए भेजे खोआ और पनीर के सैंपल

**सीतापुर, अमृत विचार।** गुरूवार को खाद्य टीम ने तहसील बिसवां में सघन चेकिंग की। टीम-एक ने उपजिलाधिकारी बिसवां के निर्देशों के क्रम में नायब तहसीलदार जितेन्द्र त्रिवेदी के नेतृत्व में गुरूवार को स्थान-बस स्टैण्ड बिसवां में एक खोया, एक छेना व एक बर्फी, स्थान-जुलाही टोला में दो पनीर, स्थान-शंकरगंज में एक रंगीन कचरी व एक बेसन कुल 07 नमूना संग्रहीत किया गया। टीम में जितेन्द्र त्रिवेदी, नायब तहसीलदार-बिसवां ज्ञान प्रकाश सिंह पटेल, शोभनाथ, प्रभु कुमार चौधरी, संदीप कुमार सिंह, सुभाष बाबू यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। वहीं दूसरी टीम में परसदा मिश्रिख से एक पापड़ का, मयूर होटल रस्यौरा से एक बेसन व एक पनीर का नमूना संग्रहीत किया। टीम में अजय कुमार, विनय कुमार राजेन्द्र प्रसाद, प्रीति वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहें। इस प्रकार गुरूवार को कुल 10 नमूनें संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गये।

# सीबीआई अफसर बनकर विशेष सत्र न्यायाधीश को फोन पर दी धमकी

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट रामविलास सिंह को एक बार फिर जान से मारने की धमकी देने से हड़कंप मचा हुआ है। धमकी देने वाले युवक ने स्वयं को सीबीआई अफसर बताकर पहले न्यायाधीश से बात की और फिर पैसे की डिमांड करते हुए जान से मारने की धमकी दी। न्यायाधीश की तहरीर पर साइबर थाने में पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जिला सत्र एवं न्यायालय सीतापुर कोर्ट परिसर में स्थापित विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट राम विलास सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि बीती 18 मार्च को वह कोर्ट रूम के बाहर कमरे में लंच कर रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर स्वयं को सीबीआई अफसर बताया। आरोप है कि इस दौरान फोन करने वाले युवक ने न्यायाधीश से अवैध पैसे की डिमांड की और पैसे न देने की स्थिति में न्यायाधीश और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फोन रख दिया। न्यायाधीश ने धमकी मिलने के बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की बात कही है। पुलिस ने न्यायाधीश की तहरीर पर केस दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**केस दर्ज**

- **कुछ माह पूर्व भी न्यायाधीश को दो युवकों ने पत्र भेजकर जान से मारने की दी थी धमकी**
- **फोन करने वाले युवक ने न्यायाधीश से अवैध पैसे की डिमांड की**

बताते चलें कि कुछ माह पूर्व भी न्यायाधीश राम विलास सिंह को दो युवकों ने रजिस्ट्री के जरिये पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी थी। धमकी के बाद पुलिस और एसटीएफ ने अलग अलग दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वारदात के बाद कुछ माह बाद फिर से न्यायाधीश को धमकी देकर पुलिस की नींदें फिर उड़ा दी है।

**एक नजर**

### संदेश वॉल पर मतदान को लेकर करें जागरूक

**सीतापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में जन सामान्य की शत प्रतिशत भागीदारी, पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सरोजिनी वाटिका में संदेश वॉल स्थापित की जा रही है। चुनाव के इस महा अभियान में अपनी सार्थकता सिद्ध करने के लिए मतदाताओं से आग्रह है कि शुक्रवार को प्रात: 10.30 बजे सरोजनी वाटिका में आकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना संदेश अंकित कर मतदान के महापर्व में अपना योगदान दें।

### संदिग्धावस्था में लटका हुआ मिला युवक का शव

**कमलापुर।** बुधवार दोपहर सलेमपुर निवासी खुशीराम का 22 वर्षीय पुत्र रामलखन बुधवार को दोपहर में घर से निकला था। देर रात तक वापस न आने पर परिजनों ने ढूंढना शुरू किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सुबह लोग जब खेतों की तरफ गये तो गांव के पश्चिम सरायन नदी के किनारे लगे शीशम के पेड़ से अंगोछे से उसके शव को लटका हुआ देखा। थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने बताया कि जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।



### पुलिस ने किया पैदल गश्त

**सकरन।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने क्षेत्र में पैदल गश्त कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया है। थाना सकरन पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने सकरन, सैदापुर, कल्ली, नकैला, पटनी आदि गांवों में पैदल गस्त कर आने वाले चुनाव के मद्देनजर जनता को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## साथी युवक घायल, पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शुरू की फरार चालक की तलाश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** महोली कोतवाली अंतर्गत पिसावा बरगावा तिराहा मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में बाइक स्वर एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा साथी गंभीर घायल हो गया। टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़ गये। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची महोली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली के लिए भेजा गया है।

क्षेत्र के पिसावा बरगावा तिराहे के निकट गुरुवार को एक अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि बाइक सवार काफी दूर तक घिसटता हुआ चला गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में बाइक सवार जसवंतलाल (40) पुत्र पुत्तीलाल पासी निवासी मोहम्मद नगर सरोनी थाना पिसावा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दौरान बाइक सवार दूसरा साथी आल्हा पुत्र हरनाम आरख निवासी गांव चैंकनिया बुरी तरह से चोटिल हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी महोली ले जाया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। घटना के कारण सड़क पर लगे जाम को खुलवाने के लिए स्थानीय पुलिस को काफी मशक्कत भी करनी पड़ी। फिलहाल पुलिस ने घटना से जुड़े ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज चालक की तलाश की जा रही है।



हादसे के बाद घायल को अस्पताल ले जाती पुलिस व लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार

### बाइक ने पैदल जा रहे बच्चे को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**सिधौली।** कोतवाली इलाके में बाइक सवार ने सड़क पर जा रहे एक किशोर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे अंशू (13) पुत्र विनोद रस्तोगी निवासी संतनगर पूर्वी पैदल अपने घर आ रहा था। इस दौरान महमूदाबाद चैराहे से गलत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में नाबालिग को सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। ट्रामा सेंटर में उसकी हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बाइक की पहचान सुपर स्पेंडर व बाइक सवार की किसान एग्रो एजेंसी में काम करने वाले कर्मचारी के रूप में की गई है। पुलिस का कहना है कि जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर पलटने से किसान की दबकर मौत

**पहला, सीतापुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैया शंकर बख्श के मजरे कैथा निवासी किसान सुरेश चंद्र 55 वर्ष पुत्र श्री केशन गुरुवार की दोपहर ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करके ट्रैक्टर लेकर घर वापस आ रहे थे। वापस आते समय खेत से निकलकर उंचाई के कारण उनका ट्रैक्टर बेहंण नहर पटरी मार्ग पर पंहुचते ही अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सुरेश चंद्र ट्रैक्टर के नीचे दब गये। जिसे देखकर खेत पर साथ गई उनकी पत्नी विमला देवी ने शोर मचाया और ग्रामीणों की मदद से सुरेश को बाहर निकाला गया, तब तक सुरेश चंद्र की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संबंध में रामपुर कलां थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया कि ट्रैक्टर से दबकर सुरेश की मौत हो गई है तथा शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मृतक सुरेश अपने पीछे पत्नी विमला देवी के अलावा एक पुत्र पंकज 28 वर्ष और पुत्री पूनम 25 वर्ष छोड़ गए हैं।

### ट्रैक्टर टैंकर से दबकर बालिका की मौत

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। हरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव मे निर्माणाधीन मार्ग पर पानी ढोल रहे ट्रैक्टर टैंकर से दबकर एक बालिका की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुद्रासन से ककराही मार्ग पर निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माणाधीन मार्ग पर गुरुवार को एक पानी के टैंकर (ट्रैक्टर) से अटरा गांव निवासी जाहिद अली की 10 वर्षीय पुत्री निशा बानों की दबकर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हरगांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी हरगांव अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया वाहन को कब्जे मे लेकर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

**सार-संक्षेप**

### पिता की हत्या कर फरार बेटा असलहे सहित गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** रेउसा पुलिस ने तीन वर्ष पूर्व पिता की हत्या कर फरार चल रहे बेटे को गिरफ्तार करने का दावा किया है। लम्बे समय तक फरार चल रहे आरोपी बेटे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी बेटे को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि वर्ष 2021 में ग्राम बम्भनावा में संपत्ति के लालच में बेटे सहजराम ने पिता रामसहज की निर्मम हत्या की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था। पुलिस आरोपी बेटे सहजराम की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी लेकिन पुलिस की पहुंच से दूर होने के चलते सहजराम पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रूपये के इनाम की घोषणा की थी। पुलिस का दावा है कि गुरुवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तम्बौर रोड पर स्थित शुक्ला धर्म काटा के पास हत्या की वारदात में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त सहजराम पुत्र स्व0 रामसहाज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी युवक के कब्जे से अवैध असलहे को भी जब्त किया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के खिलाफ अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेजा गया है।



सहजराम।

### निर्वाचन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है सेक्टर मजिस्ट्रेटः सीडीओ



सभागार में अधिकारियों को निर्देश देतीं सीडीओ निधि बंसल। अमृत विचार

**सीतापुर।** मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा क्षेत्र मिश्रिख, सिधौली एवं महमूदाबाद क्षेत्र में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक एवं प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संबंधित नियमावली का भलीभांति अध्ययन कर लें एवं उनका अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्वाचन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, क्योंकि पीठासीन अधिकारी अपनी समस्या सबसे पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट को ही अवगत कराते हैं। बूथ पर कोई भी समस्या आने पर सबसे पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट को ही एक्शन लेना होता है। इसलिये सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी जिम्मेदारियों को भलीभांति समझ लें और पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारियों से बूथों पर भ्रमण के दौरान मिली समस्याओं के विषय में भी जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं में जो भी कमियां है, उन्हें जल्द पूर्ण कराते हुये आख्या दें। वल्नरेविलिटी मैचिंग के विषय में की गयी कार्यवाही पर भी चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बूथों के सम्पर्क मार्ग पर यदि कहीं जलभराव की समस्या हो तो तत्काल उसे ठीक कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### भूमि पूजन कर कार्यदायी संस्था ने शुरू किया ड्रिल का कार्य

**तंबौर।** सीतापुर और लखीमपुर को जोड़ने वाला डाबर घाट पर गुरूवार को पुल निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था ने शारदा नदी के किनारे भूमि पूजन कर ड्रिल खुदाई का कार्य शुरू कर दिया। किसी कार्यवश या वैवाहिक समारोह में जाने के लिए लोगों को नावों से सवारी कर उस पार जाना पड़ता था। अब पुल का निर्माण शुरू होने से लोग खुशी जाहिर कर रहे हैं। पुल 1751 मीटर लंबा है इसकी लागत एक अरब छाछठ करोड़ चैहत्तर लाख चैरासी हजार की है। जिसमें शासन ने 41 करोड़ 68 लाख अवमुक्त करा दिया है। इस पुल के निर्माण का दायित्व राज्य सेतु निगम को मिला है। कार्यदाई संस्था ने गुरूवार को भूमि नींव पूजन कर खुदाई निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया है। प्रथम खुदाई वाली भूमि स्थित ग्राम अकबरपुर भूमि स्वामी छन्नूलाल, उमाशंकर, हरिशंकर के खेत से शुरू हुई। भूमि स्वामी इस पुल के निर्माण से अत्यन्त प्रसन्न नजर आए। लोगों ने बताया कि इस पुल के बनने से जिला सीतापुर व लखीमपुर खीरी के निवासियों को अपनी जान जोखिम मे डाल कर शारदा नदी के डाबर घाट पुल पर से नाव के जरिए नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि अब टू लाइन पुल बनने जा रहा है। ऐसे में इस पुल के जरिए लोग अब लखीमपुर सहित लोग नेपाल तक सुगमता से आ जा सकेंगे। स्थानीय परिक्षेत्र के लोगों ने इसका श्रेय स्थानीय सांसद राजेश वर्मा और जितिन प्रसाद को दिया है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जयकुमार वर्मा, रामदुलारे, उमाशंकर, अनुपम, अफजाल हुसैन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बुजुर्ग पर युवक ने फेंका तेजाब

- **वर्ष 2019 के पुराने विवाद के चलते आरोपी ने दिया वारदात को अंजाम- पुलिस**

**इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर निवासी बोधे (60) पुत्र उदन गुरुवार की देर शाम कोतवाली देहात की कचनार बाजार से वापस घर आ रहे थे। बताया जाता है कि कचनार मिल के पास एक साइकिल सवार युवक सोनू ने अचानक बुजुर्ग के ऊपर तेजाब फेंक दिया और मौके से फरार हो गया। युवक की यह करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सूचना पाकर मौके पर पुलिस ने पीड़ित को इलाज के लिए सीएचसी ऐलिया भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात विमल गौतम का कहना है कि पीड़ित और हमलवार सोनू के बीच वर्ष 2019 का पुराना विवाद चल रहा था। इसी के चलते रास्ते में आरोपी सोनू केमिकल फ़ेंककर मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि छानबीन के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्वाई की जायेगी।



हमले के बाद सीएचसी में मौजूद बुजुर्ग व परिवारीजन। अमृत विचार

# कुएं में मिले बच्चे के पेट में कीचड़ और गन्दा पानी जाने से हुई थी मौत

- **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं हुई किसी भी चोट पर शरीर पर निशान की पुष्टी**

**सीतापुर, अमृत विचार।** राग्राम लोधनपुरवा निवासी आदित्य (5) वर्ष पुत्र रामचन्द्र बीती 11 मार्च की शाम अचानक लापता हो गया। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर ग्रामीणों ने कुएं में शव उतराता देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। बच्चे की तलाश में जुटे परिजन और सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सीढ़ी डालकर मासूम के शव को बाहर निकलवाया। बच्चे के शव की हालत देखकर परिजनों नें ने गांव के ही एक युवक श्रीराम पर हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया था। परिजनों का आरोप था कि 11मार्च को ही श्रीराम के घर शादी समारोह का आयोजन था। जहां पर मृतक मासूम आखिरी बार खेलते हुए ग्रामीणों ने देखा था जिसके बाद वह लापता हो गया। पुलिस ने बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आशंका के आधार पर युवक श्रीराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। गुरुवार को परिजनों ने बच्चे का अंतिम संस्कार ग्रामीणों की मौजूदगी में किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे के पेट में गंदा पानी मिलने की पुष्टी ही है। पोस्टमार्टम एक्सपर्ट की माने तो बच्चे के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले है। जबकि हत्या और मारपीट के दौरान शरीर पर चोट के निशान मिलना स्वाभाविक बात थी। लिहाजा बच्चे की मौत कुएं में गिरने से होना पोस्टमार्टम रिपोर्ट इशारा कर रही है। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पांडेय का कहना है कि संदेह के आधार पर युवक से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आते ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



प्रिंस (फाइल फोटो)

**आस्था** जो लोग 84 कोसी परिक्रमा से वंचित रह जाते हैं, वह पंच कोसी परिक्रमा कर उतना ही पुण्य प्राप्त कर सकते हैं

# अंतिम पड़ाव मिश्रिख पहुंचे श्रद्धालु करेंगे पंचकोसी परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** रामनाम की गूंज के बीच मिश्रिख क्षेत्र से गुरूवार को पंच कोसी परिक्रमा शुरू हो गई। श्रद्धालुओं का उत्साह देख माहौल भी भक्तिमय हो गया। लोग रात-दिन लगातार चलकर परिक्रमा कर रहे हैं। मान्यता है कि जो लोग 84 कोसी परिक्रमा से वंचित रह जाते हैं, वह पंच कोसी परिक्रमा कर उतना ही पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। इस वजह से क्षेत्रीय लोगों की संख्या काफी अधिक है। मिश्रिख पहुंचे रामादल ने 84 कोसी परिक्रमा पूरी कर ली। इस परिक्रमा के मिश्रिख पहुंचने के बाद ही पंच कोसी परिक्रमा प्रारंभ होती है। यही वजह है कि बुधवार की रात से ही श्रद्धालु पंच कोसी परिक्रमा की तैयारी में जुट गए। महर्षि दधीचि कुंड में स्नान व पूजन के बाद श्रद्धालु पंच कोसी परिक्रमा पर निकले।



परिक्रमा कर अंतिम पड़ाव की तरफ जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

परिक्रमा की सबसे अहम बात यह है कि इस परिक्रमा को मिश्रिख में किसी भी स्थान से प्रारंभ कर सकते हैं। संतों व महंतों का कहना है कि इस परिक्रमा का पुण्य लाभ भी 84 कोसी परिक्रमा के समान है। इस वजह से क्षेत्रीय नागरिक अधिक संख्या में शामिल हैं। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ विभिन्न देवी-देवताओं के जयकारे बोल रहे हैं। कोई दंडवत करते हुए परिक्रमा कर रहा है, तो कोई किसी को सहारा देकर परिक्रमा करवा रहा है। हर तरफ बस आस्था नजर आ रही है। मिश्रिख क्षेत्र में तकरीबन 20 किलोमीटर की परिधि में श्रद्धालुओं ने अपना डेरा जमा रखा है। बताया जाता है कि करीब तीन लाख श्रद्धालु मिश्रिख कस्बे में पहुंचे हैं।

### 84 कोसी छूटे तो श्रद्धालु करें पंच कोसी परिक्रमा

संतों व महंतों का कहना है कि स्कंद पुराण के अनुसार ऐसा माना जाता है कि जो मनुष्य 84 कोसी की परिक्रमा किसी कारणवश नहीं कर पा रहा है। जो भक्त मिश्रित की पंचकोसी परिक्रमा पूरी कर ले उसे 84 कोसी परिक्रमा का फल मिलता है।

### महर्षि दधीचि की नगरी है मिश्रिख

मिश्रिख महर्षि दधीचि की नगरी है। जहां पर महर्षि दधीचि ने वृत्तासुर के संहार के लिए देहदान किया था। उनकी हड्डियों से ही वज्र बनाया गया, जिससे वृत्तासुर का संहार किया गया। महर्षि दधीचि की तपस्थली होने के कारण इस धरती को बेहद पवित्र माना गया है। यहां पर महर्षि दधीचि ने जिस स्थान पर स्नान किया था। उसे दधीचि कुंड कहा जाता है।

# मुख्य बाजार में भारी वाहनों की नो इंट्री




लालबाग चौराहे पर नहीं गुजरेंगे रिक्शा वाहन। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** होली के त्यौहार शहर की सड़कों पर वाहनों के जाम से शहरवासियों को निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रुटप्लान तैयार किया है। इस प्लान के तहत शहर के मुख्य बाजार मार्ग पर कारों की इंट्री पर आज से पाबन्दी लग जाएगी। भीड़ को नियत्रित करने के लिए पुलिस ने रुट डायवर्जन के साथ बैरियर भी लगाने के निर्देश दिए है। होली से दो दिन पहले यानी आज शुक्रवार से ही ट्रैफिक प्लान लागू हो जायेगा। शहर के मुख्य बाजार जाने वाले शहर वासियों को बाइक और पैदल ही बाजार तक सफर तय करना पडेगा। ऑटो और ई-रिक्शा पर भी शहर के मुख्य बाजार मार्ग पर पाबंदी रहेगी। इस ट्रैफिक प्लान को संभालने के लिए एक सैकड़ा से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

### इन मार्गों पर रहेगा डायवर्जन

यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने बताया कि शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए आज से शहर के पांच कार और ई-रिक्शा वाहनों का डायवर्जन किया जायेगा। इसमें चुंगी चैकी से आने वाले ऑटो रिक्शा को जीआईसी चैराहे से होते हुए तरणताल स्टेडियम मार्ग पर डायवर्ट किया जायेगा। इसके साथ ही बस स्टॉप से आने वाले रिक्शा वाहनों को ट्रांसपोर्ट चैराहे से और पुराने सीतापुर से आने वाले वाहनों को उजागर लाल स्कूल सहित अन्य मार्गों से लालबाग चैराहा पहुंचने वाले वाहनों को अग्रसेन पार्क से आगे नहीं जाने दिया जायेगा। इस पार्क से लोग पैदल ही बाजार में प्रवेश कर सामानों की खरीददारी कर सकेंगे।

मूर्खस्तु परिहर्तव्य : प्रत्यक्षो द्विपद : पशु : ।
भिनत्ति वाक्यशूलेन अदृश्ययं कण्टकं यथा ॥

मूर्ख व्यक्ति को दो पैरों वाला पशु समझकर त्याग देना चाहिए, क्योंकि वह अपने शब्दों से शूल के समान उसी तरह भेदता रहता है, जैसे अदृश्य कांटा चुभ जाता है।

## संपादकीय

# केंद्र के फैसले पर रोक

केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की उस तथ्य जांच इकाई (एफसीयू) पर रोक लगा दी है, जिसे आनलाइन कंटेट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड पर रोक लगाकर भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों को झटका दिया था। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए एफसीयू से संबंधित केंद्र सरकार की एक दिन पहले की अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। इस इकाई को 2023 में कानून में शामिल किया गया था। मगर इस यूनिट को कानून में शामिल करने की कोशिश विवादों के घेरे में रही है। सरकार ने एक दिन पूर्व ही अधिसूचना जारी कर इसे लागू किया था। कई पत्रकारों और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकार की आलोचना करने वाली मीडिया की स्वतंत्र रिपोर्टिंग को कुचलने की कोशिश है। बांबे हाईकोर्ट ने 11 मार्च को इस अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। याचिकाकर्ताओं कहना था कि सबके लिए एक स्वतंत्र एफसीयू रहनी चाहिए जबकि केंद्र सरकार इसे सिर्फ अपने लिए ला रही है, जो मनमाना है। क्या गलत है या क्या नहीं, यह तय करने के लिए एफसीयू केंद्र के फैसले पर निर्भर नहीं हो सकता। चुनाव के समय एफसीयू केंद्र के लिए एक हथियार बन जाएगा, जिससे वे तय करेंगे कि मतदाताओं को कौन सी जानकारी दी जाए। पीठ ने कहा मामला गंभीर संवैधानिक सवालों से जुड़ा है। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) पर मुख्य प्रश्नों से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार परिषद भी इंटरनेट के अधिकार को मौलिक स्वतंत्रता और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के उपकरण के रूप में मानता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक बांबे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में पेश संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। अब लोकसभा चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और प्रमुख कर्मियों को चुनाव कार्य में व्यस्त कर दिया गया है। केंद्र के एक अलग तथ्य-जांच इकाई बनाने के प्रयास फिलहाल विफल हो गए हैं। महत्वपूर्ण है कि विचारों की आजादी लोकतंत्र का आधार है। देखना होगा कि सोशल मीडिया को जिम्मेदार व जवाबदेह बनाने की दिशा में कैसे जागरुकता बढ़ाई जाए।

# मंदिर-मठों के बौद्धिक नवजागरण पर चिंतन


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं।

अधिकांश भारत मूर्तियों और मंदिरों में ही उलझा हुआ है। प्राचीन समय में मंदिरों का निर्माण नगर और गांव से बाहर किया जाता था और इन्हें या तो मठों के निकट या भीतर निर्मित किया जाता था या इन्हें नागर शैली में नगर से बाहर एक जल स्रोत के निकट के शांत और वनाच्छादित क्षेत्र में स्थापित किया जाता था ताकि ये एक इंस्टिट्यूशंस ऑफ आर्ट एंड नॉलेज की तरह से कार्य कर सकें। यहीं रहकर एकाग्रता से चिंतन, अध्ययन और अन्वेषण की प्रक्रिया पूरी होती थी।

कुछेक ऐसे ही देवालय-मठ इतने विशाल थे जिनकी व्यवस्था राजकोष से या इन्हें दान में दी गई भूमि से हुआ करती। इस भूमि पर कृषि कार्य करके फसल उगाकर अन्न पैदा किया जाता था और गोचारण में गाय रखने के अलावा अन्य भारवाहक पशु रखने की भी व्यवस्था हुआ करती। अनेक मठों में हाथी भी रखे जाते थे। छात्रों और अध्येताओं से शुल्क नहीं लिया जाता था। भारत की व्यवस्था ऐसी ही थी, लेकिन डेमोक्रेसी और इलेक्शन्स ने भारत के लोगों में एक आदत यह पैदा की कि, ज्ञान के इन पारंपरिक 'अस्थानों' (आस्था-स्थल अथवा संस्थान) को वास्तु कला और ज्ञान-सृजन की परिधि से निकाल कर सिर्फ दर्शनीय और कर्मकांड स्थल बना दिया गया। राजनेताओं की जमात सत्ता-सुख की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद स्थल के रूप में इन्हें ऐसे इस्तेमाल करने लगी जैसे की यह इनका निजी अधिकार हो गया है।

एक मिनी विश्वविद्यालय के रूप में काम करने वाले प्राचीन समय में स्थापित मठों और ज्ञान-संस्थाओं का ह्रास चिंतित करता है, क्योंकि इन्हें अपेक्षाकृत कर्मकांड और पूजा-पाठ का स्थल समझा जाने लगा है। इसलिए कि हिम्मत करके कोई यह बताने वाला नहीं रहा कि सैकड़ों और हजार से अधिक साल से आबाद रहे मंदिर संस्थानों-मठों की स्थापना का वास्तविक उद्देश्य क्या था। इनका सही उद्देश्य नए ज्ञान का सृजन करना, ज्ञान को लिपिबद्ध करना स्मृति और श्रुति दोनों विधियों से और ज्ञान का प्रसार तर्क और न्याय के तत्वों का ध्यान रखना करना था। यूरोप में ईसाई मत में और इस्लाम में ऐसा हुआ तो परंतु काफी बाद में और चुनिंदा विधाओं में।

> द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया।

इनके मुकाबले में हिंदू ज्ञानकोष और वांग्मय में अत्यधिक विस्तार है जिसे यूरोपियन और अन्य अनेक भारत अध्येताओं ने स्वीकार किया है, सिवाय मैक्स म्युलर के जो पूरे भारत को ईसाईयत से सराबोर करना चाहते थे। भारत में जन्मे गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को मानने वाले दक्षिण एशिया के देशों के राजनीतिज्ञ बौद्ध मठों में जाकर राजसत्ता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद लेते हुए कभी नहीं देखे जाते सिवा ऐसे अवसर के जब या तो राजा का अभिषेक होता है या फिर किसी उत्सव के समय।

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं। यह भी विचित्र है कि इन कर्मकांडों में वैदिक और वैष्णव दोनों ही पद्धतियों से कार्य निष्पादन होता है। लोगों की आस्था अब मंदिरों-मठों में रहने वाले ज्ञानियों द्वारा ज्ञान सृजन, अन्वेषण और परंपरा से ज्ञान के आख्यान का मूल्य समझने की उतनी नहीं रही जितना कर्मकांड में दिखाई जाने वाली 'आस्था' के प्रति बढ़ गई प्रतीत होती है। आस्था भाव एक हद तक ही सही है, लेकिन मनुष्य को अगर यह पोंगापंथी बनाए और बारम्बार एक ही रिचुएल को करते रहने की उसके मन में आदत डाल दे तो इससे विचारों की उन्नति में बाधा उत्पन्न होती है। व्यक्ति में नया काम करने के लिए उत्साह नहीं रहता और वह डरपोक बनता है। 'धर्म', प्रकृति और मनुष्य समाज में जीने की एक तरह की अद्वितीय पद्धति है जिसका संप्रेषण भाव संस्कृतिनिष्ठ कार्य पद्धति में दिखाई देता है। पूजा-पाठ और कर्मकांड तो इस समग्र संस्कृति का एक छोटा सा अंश मात्र हैं। इसे ही प्रमुख बना देना अव्यावहारिक है। यह विचित्र ही नहीं, लेकिन सत्य बात है कि खेत या कहीं और श्रम करने वाला व्यक्ति पूजा-पाठ और कर्मकांड से अधिकतर दूर रहता है।

इतिहास बताता है कि धर्म के पारंपरिक स्वरूप के प्रति आस्था और भय का प्रभाव यूरोप के लोगों में भारत से भी अधिक बड़ा था, क्योंकि वहां के धर्माचार्यों ने इसे रहस्यमयी और क्रूर भी बनाया जैसा कि पूर्वी यूरोप के रोमानिया, बुल्गारिया और स्पेन के प्राचीन ईसाई मठों के इतिहास से मालूम होता है। हिंदुस्तान में 'धर्म' के प्रति, जैसा कि इसे प्रेक्षित किया जाता रहा, भय का भाव तो कभी था ही नहीं। 'निर्भय हो' कथन आचार्य वर्ग ने हमेशा प्रतिस्थापित और संप्रेषित किया। यह भाव तब पैदा हुआ जब विदेशी आक्रांताओं से मुकाबला करने और इन्हें देश की उत्तर-पश्चिमी सीमाओं से परे खदेड़ने में भारत बिल्कुल नाकामयाब हो गया। 'धर्म' के बारे में विवेचना, विमर्श और आलोचना की प्रवृत्ति को आघात पहुंचाया गया। आधुनिक भारत में क्षुद्र-प्रवृत्ति राजनीतिज्ञों ने मौके पर इस स्थिति का शोषण किया है। सरदार पटेल और नेहरू जैसे चंद राजनीतिज्ञ ही ऐसे हुए जिन्होंनें धर्म-संस्कृति से जुड़ी हुई संवेदना का शोषण करने की प्रवृत्ति से गुरेज किया।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया। ऐसे अवसर दुर्लभ की श्रेणी में आते हैं और आपत्ति से परे। राजनीति करने वालों की आम प्रवृत्ति या आमजन की आम दिनों वाली प्रवृत्ति से विलग भाव से इसमें देखने की जरूरत है। निहितार्थ, फिर भी दूरगामी प्रभाव वाले तो हैं हीं। आमजन को इस प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा। राजनीति करने वालों को भी चुनाव के दिनों में इस प्रवृत्ति के प्रदर्शन से तौबा करनी होगी। धर्माचार्यों और समाज के बौद्धिकों को वास्तविक ज्ञान प्रणाली से प्रशिक्षित बौद्धिक क्षमता के आधार पर बहुत सी बातों को नकारने की हिम्मत पैदा करनी होगी। हमारे ज्ञान ग्रंथों की व्यवस्था में ऐसे निर्देश नहीं है जिसके अंतर्गत आममन के भीतर धर्म-भीरू या देव-भीरू स्वभाव की उत्पत्ति की जाए। भारत में 'युगों' की बात भी बेमानी है, क्योंकि यह हमारे ही आचार्यों और गणितज्ञों -आर्यभट और भास्कर के अध्ययनों से मेल नहीं खाता। भारत में इन्हीं आचार्यों द्वारा काल गणना की सर्वमान्य वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार पुराणों में दी गई काल गणना, कथा-तत्व के नाते, सिर्फ एक 'फिक्शनल हिस्ट्री' है। क्या सतयुग में मनुष्य दुखी नहीं था? क्या सतयुग और त्रेतायुग में छल और हिंसा नहीं थी? पुराणों में अनेक कहानियां ऐसी हैं, जो मनुष्य मात्र में देवों और नरेशों के प्रति भय की उत्पत्ति करती हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर हिंदुओं, पारसियों, मुसलमानों और बौद्धों के 'धर्म' पर मीमांसक ग्रंथ अब उपलब्ध हैं। कुछ रोज से मैं सन् 1832 में प्रकाशित किताब 'ऑब्ज़र्वेशंस ऑन द मुसलमान्स ऑफ इंडिया -ए डिस्क्रिप्टिव ऑफ देयर मैनर्स, कस्टम्स, हैबिट्स एंड रिलिजियस ओपिनियन्स' ध्यानपूर्वक देख रहा हूं। इसे मीर हसन अली की बेगम साहिबा ने दो खंडों में तकरीबन ग्यारह सौ प्रकाशित पन्नों में उपलब्ध करवाया। इसकी भूमिका भारत में दशकों तक निवास करने वाले अंग्रेज स्कॉलर-ब्यूरोक्रेट विलियम क्रूक ने लिखी। हमारे देश में मुसलमानों की संस्कृति की जो झलक इसमें से निकलती है उसके अनुसार बहुत सी रवायतों, परंपराओं और कार्य पद्धतियों में वैज्ञानिकता का पुट है। धर्मांधता और अंधविश्वास बाद में कैसे निर्मित हुए, यह विश्लेषण की विषय वस्तु है। ऐसी ही पुस्तक हिंदुओं के बारे में उपलब्ध हैं जिनमें वैज्ञानिक तत्वों की व्याख्या के बारे अब बात नहीं होती। आमजन के गाइड वही हैं, जो अल्प-बौद्धिक हैं और धर्म-संस्कृति के गलत आख्यान देते हैं।

## प्रसंगवश

# परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि

चुनाव का चित्र अब स्पष्ट हो गया है। थोड़ा बहुत झोल-झक्कड़ है तो उसे भी समाप्त कर लिया जाएगा। प्यार मोहब्बत नाराजगी शुरु है। इधर से उधर, उधर से इधर आना-जाना भी चल रहा है। हर पार्टी ने कुछ नए जोड़े कुछ पुराने छोड़े। किसी का दिल जुड़ाया तो किसी का टूटा। कोई बल्ले-बल्ले उछल रहे हैं तो कोई छले जाने का दोष लगा रहे हैं। अपनी कमजोरी और खामियां कोई नहीं बता रहे। सब दूसरों में खोट निकाल रहे हैं। पांच सालों तक मटरगश्ती करने वाले नेताजी ने फिर से हाथ जोड़ना और दांत निपोरना शुरू कर दिया है। सांसदों का गोद लिया गांव आज भी बदहाल है, यह और बात है कि नेताजी सदा खुशहाल बने रहे। सीटी बज गई तो चुनावी दंगल के पहलवान ताल ठोंककर कूदने के लिए तत्पर हो गए। उतर अखाड़े कूदते, लेकर अपने दांव!/अपने-अपने पैंतरे, घोषित हुआ चुनाव!! केंद्रीय शासन पर काबिज भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया महागठबंधन बनाने का बिगुल फूंका तो गया, मगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसमें छेदकर दिया और उसकी हवा फुस्स से निकाल दी।


डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने लाल तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हड़बड़ाए हुए थे। मामला यहीं से गड़बड़ हो गया। नीतीश बाबू को सत्ता की कुर्सी बड़ी प्यारी लगती है। उसे छोड़ना भी नहीं चाहते हैं। अपने बिगड़ते हुए माथे का भी उन्हें ख्याल नहीं है। क्या से क्या बोल जाते हैं यह भी उन्हें पता नहीं रहता है, लेकिन यह सब उनकी महत्वाकांक्षा को मजबूती ही देता है तभी तो कभी नहीं बीजेपी समझौता कर सकती है जैसी घोषणा के बावजूद बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व सारी पुरानी बातों को भूलकर उनके साथ चिपक जाता है।

अल्टू-पल्टू बनी रही पार्टियां और नीतीश जी का पलटू राम नाम रख दिया, जबकि नीतीश जी तो मुख्यमंत्री पद पर स्थिर हैं, आज भी बने हुए हैं। पार्टियों की नीतियों की दुहाई देने वाले बड़े-बड़े सूरमा सिद्धांतों को ताक पर रखकर घुटने टेक देने में तनिक भी हिचकते नहीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा पर धूम धड़ाके के साथ निकलते रहे कांग्रेस के राजकुमार चाटुकारिता में बड़े-बड़े बोल और बयान देते रहे पाले-पोसे हुए तोते। प्रायोजित होती रही रैलियां। अधिकार और रोजगार की मांग पर बरसती रही लाठियां! परेशान होते रहे युवा और किसान! बदहाल रही जनता। परोसे जाते रहे भाषण और आश्वासन। बुला-बुलाकर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाया गया रुतबा, सुनाई गई विरुदावलियां। दुहाई दी गई भारत की महान जनता और संस्कृति की। सबने मूल समस्याओं को नजरअंदाज किया। धरती और प्रकृति जार-जार रो रही है और आकाश में नगाड़ों की धमक गूंज रही है। धरती के भगवान बेहाल हैं और आसमान में उड़ रहे हैं देवराज! सब अपनी-अपनी धुन में हैं। राजनीति में स्तर की बात सब करते हैं, मगर धज्जियां उड़ाते हुए जैसी भाषा और व्यवहार का प्रदर्शन होता है उसे क्या कहा जा सकता है? चुनावी समर में जिन वीर-बांकुरों की घोषणा हो गई वे उछल-उछलकर, मचल-मचल कर अपनी कर्मठता का बयान दे रहे हैं। अखाड़ा तैयार है। पहलवान ताल ठोंक रहे हैं। कई पहलवानों की लंगोट अदल-बदल गई है। राजनीति का सच तमाम नैतिकताओं के सच से सर्वथा अलग होता है। यहां के सारे कर्मकांड परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि के लिए किए जाते हैं। सामाजिक समरसता के नाम पर दंगे कराए जाते हैं, निर्माण के नाम पर ध्वंस का नजारा खड़ा किया जाता है। ईश्वर, अवतार, स्वतंत्रता सेनानी सबके सब चुनावी वैतरणी की नाव पर चढ़ते उतरते रहेंगे जिसके सम्मोहन में जनता फंस जाए वैसा ही तुरुप का पत्ता फेंका जाएगा।

मुखौटों का बाजार सज गया है। नेताओं का करबद्ध पोस्टर अखबारों से लेकर दीवारों तक पर टंग गया है। मीडिया की दुकानदारी में एक दूसरे की टांग खिंचाई चल रही है। प्रायोजित तू-तू मैं-मैं चालू है। भोली-भाली जनता सचमुच लड़ रही है। अपने-अपने नेता के नाम पर बरसों की सामाजिकता को तोड़ रही है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव सारी मर्यादाओं की धज्जियां देता है। देश का हर भाग उद्वेलित और आंदोलित हो गया है। जोड़-तोड़ का गणित बैठाया जा रहा है। कुबेर के खजाने खुल रहे हैं। यमराजों की लाठियां तेल पी रही हैं। नगाड़े बज रहे हैं, शोहदे उछल रहे हैं। कुछ रो रहे हैं तो कुछ ठहाकों में डूब गए हैं। देश की राजधानी में बैठने के लिए सब मचल रहे हैं। बहसें वादे नीतियां, सबकुछ है बकवास!/ सबकी है यह चाहना, दिल्ली हो आवास!!

# पर्यावरण हितैषी व्यवहार से ही कम होगा वायु प्रदूषण

स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट ने 2024 में एक बार फिर भारतीयों को प्रदूषण फैलाने वाली आदतों में सुधार करने पर सोचने-विचारने के लिए मजबूर किया है। वहीं केन्द्र व राज्य सरकारों को और कारगर नीतियां बनाने तथा उन्हें शक्ति से लागू करने पर ध्यान देने की ओर संकेत दिया है।

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार तो विश्व के 50 सबसे वायु प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत के हैं तथा भारत की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट के आधार पर भारत की 96 प्रतिशत आबादी 'खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों' में रह रही है। इस रिपोर्ट में प्रदूषित शहर उन्हें माना गया है, जहां 2.5 पीएम का औसत वार्षिक स्तर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा हैं। भारत में वायु प्रदूषण के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई देते हैं उनमें सम्मिलित हैं। भारतीयों द्वारा पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों का अधिक संख्या में इस्तेमाल करना, इसमें भी पुराने वाहनों की संख्या अच्छी खासी है। भारत सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई प्रयास किए हैं। जैसे नई स्क्रेप नीति लागू की है, ई-वाहनों के निर्माण तथा उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, सीएनजी आधारित चार पहिया वाहनों का चलन बढ़ा है, ऑड-ईवन नंबर वाले फार्मूला भी विकल्प के रूप में उपयोग में लाया जाता है (दिल्ली)।


डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

> वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। वायु प्रदूषण को कम करने वाली स्वदेशी तकनीक पर शोध निरंतर जारी है। आने वाले कुछ वर्षों में इसका अच्छा असर दिखना तय है। विकासशील राष्ट्र होने के कारण भारत में निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से निकलने वाले धूल के कणों की अधिक मात्रा वायु में प्रवेश कर 'परक्यूलेट मैटर' को बढ़ा रही है, वायु प्रदूषण का कारण बन रही है। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत के अधिकांश शहर अपने यहां जनसंख्या के अनुपात में आधारभूत सुविधाओं में विकास करने के लिए सड़क, पुल, मेट्रो को विकसित करने, बढ़ाने में लगे हुए हैं, मल-जल निकासी में सुधार कर रहे हैं, पेयजल व्यवस्था को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं, आवासीय एवं औद्योगिक भवन, कारखाने, रहवासी तथा औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि आदि करने के लिए संकल्पित हैं। शहरों में कचरे के निष्पादन हेतु चोरी छुपे उसे जलाना जारी है (यद्यपि नगरी प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध है, पुर्नचक्रीकरण पर बल दिया जा रहा है, कचरे से ईंधन गैस बनाने पर जोर है, व्यवस्था भी है और तकनीक भी भारत के पास है। इंदौर शहर इसका एक अच्छा उदाहरण है, किसानों द्वारा पराली का जलाना (पराली जलाना नहीं पड़े इसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था उपलब्ध है, पर ऐसा लगता है वह किसान फ्रैंडली नहीं है, इसीलिए शायद सभी भारतीय किसानों द्वारा उस तकनीक को उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।) भी वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है।

लकड़ी के लिए जंगल से पेड़-पौधों को चोरी-छुपे काटना जारी है। साथ ही जिस अनुपात में जंगलों से पेड़-पौधों की कटाई की जाती है, उस अनुपात में पेड़-पौधों लगाने की व्यवस्था माकूल दिखाई नहीं देती है। अभी भी जितना जंगल/वन क्षेत्र भारत के पास (कुल क्षेत्रफल के आधार पर) होना चाहिए, उपलब्ध नहीं है। कोयले से विद्युत उत्पादन, उद्योगों का संचालन और रेल परिवहन की निर्भरता धीरे-धीरे कम की जा रही है। बिजली उत्पादन के लिए भारत में सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है, आगामी कुछ वर्षों में इसका असर दिखना शुरू हो सकता है।

हर उद्योगों को चिमनी से निकलने वाले धुएं से वायु को प्रदूषित होने से रोकने वाली तकनीक का उपयोग करने हेतु संकल्प लेने की आवश्यकता है। मेरा तो यही मानना है कि भारत को स्विस रिपोर्ट के दबाव में अपने विकास कार्यों की रफ्तार को धीमी करने की आवश्यकता बिल्कुल नहीं है। हां वायु प्रदूषण को रोकने व कम करने के लिए प्रयास और तेज करने होंगे, डीजल-पेट्रोल की खपत को जितना कम किया जा सकता है कम करना होगा। ईंधन के ऐसे विकल्पों को बढ़ावा देना होगा, जो वायु को कम प्रदूषित करते हैं। साथ ही कुल क्षेत्रफल के अनुपात में आपेक्षित वन क्षेत्र के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करना होगा। यह सब संभव है जनसहयोग से, सुविधा भोगी आदतों में बदलाव से, पर्यावरण हितैषी व्यवहार से, प्रदूषण को कम करने के लिए बने नियम-कानून के पालन से।

## सोशल फोरम

# परंपराओं को अद्यतन कीजिए

हम अपनी परंपराओं पर गर्व करते हैं और उनमें किसी भी परिवर्तन का पुरजोर विरोध करते हैं, लेकिन देखा जाए तो हमारी सारी परंपरा समय, स्थान, काल और जरूरत के आधार पर विकसित होती हैं और समयानुसार बदलती भी रहती हैं। एक ही धर्म में दो अलग स्थानों पर दो अलग-अलग परंपराएं विकसित हो सकती हैं।


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हिमाचल के सिरमौर जिले में एक जनजाति है हाटी। इनके यहां एक परंपरा में एक घर में अगर दो या दो से अधिक भाई हैं तो उनकी एक ही पत्नी होती है। अब कहा जाता है कि ये इलाका इतना दुर्गम था कि स्त्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसा किया जाता था। एक और कारण भी गिनाया जाता है कि इन गरीब लोगों के पास काश्त के लिए कम जमीन थी। इसलिए जमीन का और बंटवारा न हो इसके लिए ये प्रथा शुरू की गई। ये सामान्य विवाह व्यवस्था से अलग परंपरा विकसित हुई।

एक शव के दाह संस्कार के लिए 40 मन लकड़ी लगती है, लेकिन मैंने पढ़ा था कि किसी इलाके में लकड़ी की कमी के कारण उपलों से दाह संस्कार संपन्न किया जाता है। एक समय था कि शादियां तीन चार दिन तक चलती थीं और मृत्यु पर तेरह दिन तक शोक मनाया जाता था। आज शादियां एक ही रात में संपन्न होती हैं और तेरह दिन शोक मनाने का समय अब घटता जा रहा है।

किसी समय बाल विवाह बहुत प्रचलित थे। फिर लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 12 वर्ष निर्धारित की गई। 1930 के शारदा एक्ट में इसे 14 वर्ष किया गया और फिर 18 वर्ष। हर बार जब उम्र बढ़ाई गई तो कुछ लोगों ने इसे अपने धर्म और परंपरा में गैर जरूरी हस्तक्षेप कह इसका विरोध किया। विरोध इतना प्रबल था कि आजादी के बाद नेहरू जी को एक हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट कर पास कराना पड़ा।

ऐसा दुनिया में कुछ भी नहीं जिसमें परिवर्तन न हुआ हो। ये जो हम सनातन, सनातन शब्द सब तरफ सुनते हैं तो सनातन भी उतना सनातन नहीं। सनातन यानी शाश्वत, आरंभ से बोलकर आज यहां कुछ भी नहीं है। सब कुछ यहां परिवर्तनशील है और लगातार बदल रहा है। इसलिए परंपराओं से बहुत ज्यादा मोह मत पालिए। हो सके तो बदलते समय के साथ परंपराओं को अद्यतन भी कीजिए। **-फेसबुक वॉल से**

# आयरलैंड के प्रथम समलैंगिक प्रधानमंत्री

पड़ोसी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की भांति भारतीय मूल के अशोक वराडकर आयरलैंड के प्रधानमंत्री थे। हाल ही में उन्होंने त्यागपत्र देकर सियासी बवंडर उठा दिया। पद छोड़ने का कारण उन्होंने दिया : "बेहतर व्यक्ति प्रधानमंत्री पद संभाले। सात साल तक पीएम रहने के बाद मेरी निजी अनुभूति है कि मैं सर्वाधिक श्रेष्ठ नेता नहीं हूं। आयरलैंड के लोग मुझसे बेहतर मुखिया बना सकते हैं।" यह 45 वर्षीय राजनेता सबसे कम उम्र (38) में प्रधानमंत्री निर्वाचित हो गए थे। वे आयरलैंड के प्रथम और दुनिया के पांचवें समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं। यूरोप के सबसे रूढ़िवादी देश माने जाने वाले आयरलैंड में वराडकर उदारवाद का चेहरा बनकर उभरे थे।


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

आयरलैंड में 1993 तक समलैंगिकता को अपराध माना जाता था, किंतु 2013 में एक जनमत संग्रह करवाया जिसके बाद वहां 2015 के मई महीने में समलैंगिक शादी को मान्यता दी। इसके कुछ महीने पहले जनवरी 2015 में वराडकर खुलकर सामने आए और उन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात सार्वजनिक तौर पर घोषित की। उस वक्त वो स्वास्थ्य मंत्री थे। उन्होंने कहा : "मैं गे हूं और ये कोई राज नहीं है। ये मेरी परिभाषा का हिस्सा नहीं है। न तो मैं आधा-भारतीय राजनेता हूं, न तो डॉक्टर राजनेता हूं और न ही गे राजनेता हूं। ये मेरे जीवन का हिस्सा है मेरे चरित्र का हिस्सा है।" वराडकर ने 2017 में पेशेवर आयरिश भाषा में एक कोर्स पूरा किया और अपने उपनाम, डी वरद के लिए एक आयरिश भाषा फॉर्म तैयार किया। उन्होंने कहा है : "आयरिश के प्रति मेरा दर्शन केवल इसे बोलना है। आयरिश बोलें! यह इसे पूर्ण करने के बारे में नहीं है। यह मजे करने और इसे बोलने का प्रयास करने के बारे में है।" वे दक्षिण भारत का उदाहरण देते हैं, जहां हिंदी भी तमिल के साथ बोली जाती है। डबलिन में जन्मे वरदकर बहुजातीय हैं। उनके पिता मुंबई से और मां डुंगरवन (काउंटी वॉटरफोर्ड) से हैं। उन्होंने ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में चिकित्सा का अध्ययन किया और अस्पताल में डॉक्टर बने। किशोरावस्था से ही फाइन गेल पार्टी के सदस्य रहे। लियो वराडकर अशोक और मिरियम (नी हॉवेल) वराडकर के इकलौते बेटे हैं। उनके पिता का जन्म मुंबई में हुआ था। वह डॉक्टर के रूप में काम करने के लिए 1960 के दशक में यूनाइटेड किंगडम चले गए थे। इनकी मां अपने भावी पति से स्लॉ में नर्स के रूप में काम करने के दौरान मिलीं। उन्होंने यूके में शादी कर ली। वराडकर ने 2000 के दशक के अंत में एक मुखर मनमौजी व्यक्ति के रूप में उभरे। उनकी "असामान्य" टिप्पणियों के कारण इवनिंग हेराल्ड ने उन्हें "गलतियां करने वाला" बताया। आयरिश टाइम्स के स्तंभकार स्टीफन कोलिन्स ने 2017 में वराडकर को "जनता, विशेषकर युवा मतदाताओं के सामने ऐसे पेश किया, जैसे कि वह राजनेता नहीं हैं"।

पत्रिका आयरिश परीक्षक 2010 में वराडकर को "रूढ़िवादी" बताया, जबकि उसी वर्ष पत्रिका हॉट प्रेस ने उनकी नीतिगत स्थिति को "कट्टरपंथी अधिकार" के रूप में वर्णित किया। हालांकि उसी लेख में उन्होंने खुद को "केंद्र-दक्षिणपंथी" बताया। वराडकर की राजनीतिक उपलब्धियां कई हैं। जिस वक्त वे पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, ब्रिटेन ब्रेक्सिट लागू करने की तैयारी में था। आयरलैंड उसके साथ सीमापार व्यापार को लेकर चर्चा कर रहा था। वराडकर के नेतृत्व में आयरलैंड ने ब्रिटेन से बात की ताकि दोनों के बीच सीमा पार लोगों के आने-जाने को लेकर सख्त पाबंदियां न लगाई जाएं। इसके बाद जब 2020 में चुनाव हुआ वराडकर देश के नए डिप्टी प्रधानमंत्री चुने गए। देश इस समय कोविड महमारी से जूझ रहा था। कोविड के वक्त निभाई अहम जिम्मेदारी आयरलैंड अपने उस नेता को याद रखेगा।

# परिवेश विज्ञान

परिवेश क्या है? परितः वेष्टनम्। जिस दृश्य और अदृश्य से हमारा जीवन चारों ओर से परिवेष्टित है, घिरा हुआ है, जिस ज्ञात और अज्ञात से हमारा जीवन चारों ओर से लिपटा हुआ है, वह अपनी समग्रता में हमारा परिवेश है। यह परिवेश हमारे बाहर ही नहीं है, यह समग्र परिवेश हम में ओतप्रोत है। हम में समाया हुआ है। हमारे शरीर में भी और मन में भी। इसीलिए परिवेश को जानना-समझना अत्यंत आवश्यक है।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह अंतरिक्ष, यह अनंत ब्रह्मांड मंडल, यह विराट प्रकृति हमारे जीवन से विच्छिन्न नहीं है। विराट प्रकृति अलग है और मनुष्य जीवन अलग है। ऐसा सोचना गलत है, असत्य और अवैज्ञानिक है। सच्चाई यह है कि विराट प्रकृति ही मनुष्य जीवन में अभिव्यक्त होती है। मनुष्य की जो शक्ति है, वह प्रकृति की ही शक्ति है। मनुष्य प्रकृति की ही रचना है। उसका समस्त जीवन-व्यवहार अंततः प्रकृति का ही व्यापार है, अंततः शब्द को ध्यान में रखिए। आकाश में ग्रह-नक्षत्र चल रहे हैं, धरती पर ऋतुचक्र चल रहा है, हवा बह रही है, बीज से वृक्ष बन रहा है, मेघ वर्षा कर रहा है, समुद्र तरंगित हो रहा है। तितली उड़ रही है, वैसे ही मनुष्य जीवन भी चल रहा है। यह सच है कि अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी एक प्राणी है, अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी जन्म लेता है, मरता है, खाता-पीता-सोता है, मूल-प्रवृत्तियों से संचालित होता है, लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि मनुष्य शरीर, मन और मस्तिष्क की विशिष्टता के कारण अन्य प्राणियों से भिन्न भी है। जैसे चूहा बिल बनाता है, पक्षी नीड़ बनाता है, मकड़ी जाला बुनती है। उसी प्रकार मनुष्य भी अपने जीवन-परिवेश की रचना करता है विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश।

असीम अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड मंडल जीवन का विराट प्राकृतिक परिवेश है और इसका अध्ययन प्राकृतिक विज्ञान करते हैं। विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश मनुष्य की रचना है। मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों की रचना है। इस परिवेश को समझने के लिए हम इसे भौतिक और मनोवैज्ञानिक दो वर्गों में वर्गीकृत कर सकते हैं। देह और मन।

## सार-संक्षेप



जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते अधिवक्ता।

### जिला बार एसोसिएशन : बृजेश अध्यक्ष, राजेश्वर महामंत्री निर्वाचित

**प्रतापगढ़ । अमृत विचार** : जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर बृजेश बहादुर सिंह गौतम व राजेश्वर प्रताप सिंह महामंत्री निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए फूल माला से स्वागत किया। जिला बार एसोसिएशन के सभागार में गुरूवार को मतदान हुआ। जिसमें 322 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर बृजेश बहादुर सिंह गौतम 131 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 13 वोटो से जीत हासिल किये। उनके प्रतिद्वंद्वदी ज्ञानेन्द्र सिंह को 118 मत प्राप्त हुए, वहीं शिवराम मिश्र को 67 मत पाकर तीसरे नम्बर पर रहे। जबकि 6 मत अवैध घोषित किये गये। महामंत्री पद पर राजेश्वर प्रताप सिंह 115 मत पाकर विजयी घोषित किए गए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वदी गुलाब सिंह को 78 मतों से ही संतोष करना पड़ा। कमलेश बहादुर 31 मत, लल्लन सिंह 56 मत, शेख बदरूद्दीन 25 मत, ज्ञानेन्द्र बिहारी श्रीवास्तव को 13 मत मिले। एल्डर कमेटी के प्रभारी अध्यक्ष जय नारायण सिंह ने बताया कि पूर्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विक्रम सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपेन्द्र प्रताप सिंह, करूणेश प्रताप सिंह व कमलेश कुमार, संयुक्त मंत्री के पद पर धर्मेन्द्र कुमार सिंह प्रकाशन, बृजेन्द्र बहादुर पाल व विवेक कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पद पर विकास कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में जिला बार के निर्वतमान अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, विजयपाल सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्रभान सिंह सोमवंशी, विजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। जूबाए अध्यक्ष रोहित शुक्ल, महामंत्री सन्तोष सिंह, वकील परिषद के अध्यक्ष आनन्द पाण्डेय, अधिवक्ता अश्वनी सिंह, पुष्पराज सिंह, सुधाकर सिंह, आलोक सिंह, अफसार अहमद, मो .इश्तियाक समेत अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए नवीन कार्यकारिणी को बधाई दी।

### सेना के अलंकरण समारोह में वीर सैनिकों को किया सम्मानित

**संवाददाता, प्रयागराज । अमृत विचार** : भारतीय सेना की उत्तरी कमान ने गुरूवार को जिले के सैन्य स्टेशन में आयोजित एक भव्य अलंकरण समारोह में अपने वीर और प्रतिष्ठित सैनिकों और यूनिटों को सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय के पीआरओ ग्रुप कैप्टन समीर गंगाखेड़कर ने बताया कि उत्तरी कमान देश की उत्तरी सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा संभाला है। इसका इतिहास ऑपरेशन मेघदूत, कारगिल युद्ध, आतंकवाद विरोधी अभियान, सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक और मानवीय सहायता और आपदा राहत संचालन एवं शांति मिशन जैसी कई उपलब्धियों का है। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार, जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, उत्तरी कमान, भारतीय सेना के अधिकारियों और सैनिकों को उनके कर्तव्य से परे बहादुरी के लिए वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया। यूनिटों को राष्ट्र की विशिष्ट सेवा, बहादुरी एवं उनकी असाधारण कार्य और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए जीओसी-इन-सी यूनिट प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया। समारोह में बड़ी संख्या में सैन्यकर्मी, प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति और पुरस्कार विजेताओं के परिवार भी शामिल हुए।

### विद्वत परिषद् ने जारी किया निर्णीत संवत 2081 का पर्व पत्र

**प्रयागराज । अमृत विचार** : विद्वत परिषद की ओर से निर्णीत नव संवतसर पर पर्वपत्र का लोकार्पण डॉ. रामलाल त्रिपाठी ज्योतिषविद मिर्जापुर, डॉ. शम्भुनाथ त्रिपाठी 'अंशुल', पं. किशोर पाठक, पं. मुकेश पाठक के करकमलों द्वारा सदस्यों के समक्ष संपन्न हुआ। समाहरो में पर्वपत्र की विषेशताओं पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया कि वार्षिक संदिग्ध पर्व एवं त्योहारों के सम्बन्ध में निर्विवाद जानकारी सार्वजनिक करने का दायित्व परिषद के महामंत्री पं. शीलधर मिश्र को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सदस्य उपस्तिथ रहे प. दिवाकर मिश्र, पं. पुलक मिश्र, पं. नितिन दुबे, पं. राजन दुबे, पं. महेश पति त्रिपाठी, पं. महेंद्र मिश्रा, पं. पियूष त्रिपाठी आदि उपस्तिथ रहे।

### टेरर फंडिंग के आरोपी संजय को भाजपा के मंच पर तरजीह

**प्रतापगढ़ । अमृत विचार** : भाजपा ने अपने एक कार्यक्रम में टेरर फंडिंग के एक आरोपी को मंच पर तरजीह दी। भाजपा प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद संगमलाल गुप्ता ने उसे पार्टी का गमछा पहनाया। इसे लेकर सियासी गलियारों के अलावा सोशल मीडिया पर किरकिरी हो रही है। वहीं विपक्षी भी एटीएस की कस्टडी के समय की फोटो वायरल कर सोशल मीडिया पर तंज कस रहे हैं। पृथ्वीगंज नगर पंचायत में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में निवर्तमान सांसद व भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता ने चेयरमैन नीलम सरोज को भाजपा की सदस्यता दिलाई। खास यह कि नीलम सरोज के देवर संजय सरोज को भी सांसद ने भाजपा का भगवा गमछा पहनाया। यूपी एटीएस ने आतंकी फंडिंग के एक बड़े नेटवर्क का 26 मार्च 2018 को खुलासा करते हुए पृथ्वीगंज भगेसरा के संजय सरोज समेत दस लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तत्कालीन आईजी एटीएस असीम अरुण ने दावा किया था कि यह नेटवर्क आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा के लिए फाइनेंसिंग का काम कर रहा था। गिरफ्तार लोगों में आठ यूपी व एमपी व बिहार से एक-एक थे। वहीं मामले में संगम लाल गुप्ता का कहना है कि नीलम का पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में संजय को गमछा पहना दिए होंगे टेरर फंडिंग से जुड़े होंने की जानकारी नहीं है।

# दिनदहाड़े फर्नीचर व्यवसायी की गोली मारकर हत्या, आक्रोश

## बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

संवाददाता, पट्टी प्रतापगढ़



फर्नीचर व्यवसायी की हत्या के बाद बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार** : अपने बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहे पट्टी रायपुर रोड स्थित फर्नीचर व्यवसायी 50 वर्षीय मो.नईम पुत्र मो.रजा को अज्ञात नकाबपोश बदमाशो ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश फरार हो गए। घटना से व्यापारियों में आक्रोश है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया। टीम गठित कर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।



मो. नईम (फाइल फोटो)

पट्टी के रायपुर निवासी नईम घर के बगल ही फर्नीचर का काम करते थे। वह कक्षा 11 में पढ़ने वाले अपने बेटे सैफ को छोड़ने स्कूल जा रहे थे। सुबह करीब 9.30 बजे जैसे ही पट्टी नगर पंचायत कार्यालय मोड़ पर पहुंचे तो अचानक बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाश आये और कुछ बात करने के लिए कहा। नईम ने जैसे ही बदमाशों से बात करना शुरू किए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दिए। दो गोली मिस हो गई, तीसरी सीने में लगी और वह गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी पट्टी ले जाया गया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पट्टी कोतवाल आलोक कुमार, सीओ पट्टी आनन्द भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई मो.नसीम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### पांच घंटे बाद पोस्टमार्टम के लिए गया शव

घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर व्यापारियों ने मृतक मो .नईम के शव को रख कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसडीएम देशदीपक सिंह, एएसपी दुर्गेश सिंह ने व्यापारियों से बात की लेकिन कोई बात मानने को तैयार नहीं हुआ। एसडीएम देशदीपक सिंह ने परिजनों व ग्रामीणों से मांग पत्र लेकर उसे पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। व्यापारियों ने विरोध में दुकानें बंद रखीं।

> अभी हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पायी है। बदमाशों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं। अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।
> – सतपाल अंतिल, एसपी प्रतापगढ़

# पेट्रोल पंप पर डीजल में पानी मिलाकर बेचने का लगाया आरोप

संवाददाता, प्रयागराज

**▸▸ अधिवक्ता ने किया हंगामा, मौके पर पहुंचे आपूर्ति अधिकारी और पुलिस, जांच को भेजा सैंपल**

**अमृत विचार** : सिविल लाइंस सुभाष चौराहे पर स्थित पेट्रोल पंप पर गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। ग्राहकों ने पेट्रोल और डीजल में पानी मिलाकर बेचने का आरोप लगाते शटर जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिस भी पहुंच गई। अधिकारियों ने भीड़ के सामने पैमाने में डीजल भरा तो एक लीटर डीजल में करीब 200 ग्राम पानी निकला। वहीं पेट्रोल पंप के संचालक ने कहा कि इंडियन आयल ही पानी मिलाकर आपूर्ति कर रहा है तो हमारी क्या गलती है।

हाईकोर्ट के अधिवक्ता संदीप मिश्रा ने बुधवार की रात अपनी कार में सिविल लाइंस पेट्रोल टंकी से डीजल भरवाकर प्रतापगढ़ गए थे। प्रतापगढ़ पहुंचने के बाद उनकी गाड़ी बंद हो गई। फिर गाड़ी दोबारा स्टार्ट नहीं हुई। जिस पर उन्हें तेल में मिलावट होने का शक जाहिर हुआ। गुरुवार को वह कई गाड़ियों में उसी टंकी से फिर से तेल भरवाया और सुभाष चौराहे पर ही चक्कर लगा रहे थे। कुछ देर के बाद उनकी गाड़ी फिर बंद हो गई। उन्होंने मिस्त्री बुलाकर जब गाड़ी को चेक कराया तो पता चला कि टंकी में पानी होने के कारण गाड़ी बंद हो गई। भुगतभोगी व्यक्ति पेट्रोल टंकी सील करने की मांग को लेकर पंप पर हंगामा करने लगे। इस मामले में वह सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज से शिकायत भी किया था, लेकिन उन्होंने इस मामले पर ध्यान नहीं दिया। उसके बाद मैं टंकी मालिक को फोन किया तो उन्होंने इस बात को स्वीकार किया, लेकिन उन्होंने ने कहा कि यह पानी में नहीं डीजल टैंकर वाले पहले से ही मिलाकर देते हैं। संदीप अधिवक्ता हैं। जिसके बाद सूचना पर पुलिस पहुंच गयी। आपूर्ति अधिकारी ने पेट्रोल पंप से सेंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है।



जिला कारागार निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी।

## जनपद न्यायाधीश ने डीएम व एसपी के साथ जिला कारागार का किया निरीक्षण

**संवाददाता, मिर्जापुर । अमृत विचार** : जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सहित अन्य पुलिस बल के साथ जिला कारागार पंहुचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार के बैरको में बन्द बन्दियों के झोला व बैग आदि को खंगाल कर देखा गया तत्पश्चात भोजनालय में पंहुचकर मौके पर बन रहे भोजन की गुणवत्ता को भी देखा गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा कारागार के अस्पताल में पहुंचकर बीमार रोगियो से वार्ता कर दवा, इलाज व मिल रही अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अपर जनपद न्यायाधीशध्जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लाल बाबू यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रत्नम श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर मनोज गुप्ता, जिला कारागार अधीक्षक उपस्थित रहें।

# 20 हजार यात्रियों के लिए बनेगा होल्डिंग एरिया

अयोध्या कार्यालय

**राममंदिर**

**▸▸ निर्माण समिति की बैठक में पांच अप्रैल तक सभी यात्री सुविधा वाले कार्यों को पूरा करने के निर्देश**

**अमृत विचार** : रामनवमी पर बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मंदिर परिसर में 25 हजार क्षमता वाले यात्री सुविधा केंद्र के निकट ही 20 हजार यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया तैयार किया जा रहा है। जिससे भीड़ का दबाव बढ़ने पर एक साथ 20 हजार श्रद्धालुओं को रोका जा सके।



चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र।

मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन गुरुवार को चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने निर्माणधीन मन्दिर के कार्यों को पूरा करने के साथ यात्री सुविधा केंद्र के निर्माण को लेकर समीक्षा की। इसके पूर्व अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। रामनवमी से पहले पांच अप्रैल तक यात्री सुविधा जैसी व्यवस्थाओं को पूरा करने का निर्देश दिया है। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा और एलएंडटी व टाटा के अधिकारी भी मौजूद रहे। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर पहले भी बड़ी संख्या में भीड़ आती रही है, लेकिन इस वर्ष कुछ विशेष रूप से भीड़ आएगी। इसके लिए राज्य सरकार जागरूक है और सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उसी के निर्देशानुसार न्यास भी व्यवस्था में लगा हुआ है। बैठक में 17 अप्रैल को देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु व पर्यटकों को राम मंदिर में सुगम दर्शन कराने की व्यवस्था बनाने को लेकर चर्चा हुई। 16, 17 और 18 अप्रैल को 24 घंटे के लिए रामलला का दर्शन कराने पर विचार हुआ।

## तीन चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के झरना गांव निवासी अवधेश कुमार सिंह ने तीन लोगों के विरुद्ध खलिहान में रखा सरसों चोरी से उठा ले जाने की तहरीर देकर मंगलवार की रात मुकदमा दर्ज कराया था। स्थानीय थाना क्षेत्र के झरना बडौहा गांव निवासी किसान अवधेश कुमार सिंह ने तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को घर से कुछ दूर पर खलिहान में रखा 10 बोरी सरसों रखा गया था कि रात्रि में गांव निवासी राहुल कुमार पटेल तथा कमलेश गौड़ निवासी बड़ौहा एवं पटपरा गांव निवासी सुरजीत पटेल उठा ले गए। किसान की तहरीर पर पुलिस तीन के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया। उपनिरीक्षक शैलेश कुमार की टीम ने तीनों आरोपियों को बुधवार सुबह देवरी बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पूर्व प्रधान पुत्र की रॉड से प्रहार कर हत्या

मवई, अयोध्या

**▸▸ हमलावर बाइक सवार तीनों फरार, जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार** : रूदौली सर्किल के बाबा बाज़ार थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े पूर्व ग्राम प्रधान के पुत्र की रॉड से प्रहार कर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों हमलवार अपनी बाइक पर सवार होकर मौके से भाग निकले। मौके की नजाकत को देखते हुए सर्किल के तीनों थानों की पुलिस फ़ोर्स को बुला लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

गनेशपुर गांव के पूर्व प्रधान हमीद का पुत्र सिकंदर अहमद (42) गुरुवार को गांव स्थित अपनी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर बैठा था। पास में ही उनके चाचा का लड़का अशरफ भी बैठा हुआ था। इसी दौरान सुबह करीब 11 बजे गांव का ही एक युवक अपने दो साथियों के साथ एक मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचा। हमलवारों ने लोहे की रॉड से सिकंदर पर सिर पर पीछे से प्रहार कर दिया। उसके चचेरे भाई अशरफ ने गुहार लगाई तो हमलावर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। परिजनों ने घायल को सीएचसी रूदौली पहुंचाया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सिकन्दर अहमद की मौत हो गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात को लेकर क्षेत्र में हलचल है और बाबा बाजार थाने के अलावा रुदौली कोतवाली व मवई थाने की पुलिस फोर्स मौके पर बुला ली गई। क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम ने बताया कि हमले में घायल युवक की जिला अस्पताल में मौत हुई है। मौके पर पुलिस फ़ोर्स तैनात कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। मामले में सभी पहलुओं की जाँच-पड़ताल कराई जा रही है। संदिग्ध युवक की तलाश कराई जा रही है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वर्ग पहेली-17

**बाएं से दाएं**

2. 1. मानव मुख से नि :सृत सार्थक शब्द, ध्वनि 2. बोलने या बातचीत करने की शक्ति, वाचा 3. मुंह के अंदर का वह लंबा चपटा मांस पिंड जिससे रसों का आस्वादन और उसकी सहायता से शब्दों का उच्चारण होता है, जिह्वा 4. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी, सरस्वती।

4. 1. अकथित, अनुक्त, अनभिव्यक्त 2. अवर्णित, अनुल्लिखित।

6. 1. पेड़ की टहनी या बांस आदि का किसी लंबी वस्तु के दबाव आदि से झुकना या मुड़ना, लचना 2. नखरे-नज़ाकत से स्त्रियों की कमर का बल-खाना।

7. पिया जाने वाला पदार्थ, पेय पदार्थ

8. 1. ढुलकने वाली वस्तु या चीज़, बेलन, बेलना 2. एक प्रकार का वाहन जिसका उपयोग भूमि समतल करने के लिए किया जाता है 3. बालों को घुंघराले करने का एक उपकरण।

9. 1. बादलों का समूह, मेघमाला 2. (संगीत) मेघ राग की एक रागिनी।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां दवाओं का निर्माण अथवा बिक्री होती है

3. 1. मोहित करना, रिझाना 2. मन में अपने प्रति चाह उत्पन्न करना, ललचाना 3. बहकाना।

4. 1. अकड़ने की क्रिया या भाव, ऐंठ, तनाव 2. घमंड, अहंकार, दर्प, हेकड़ी 3. ठंड आदि के कारण अंगों में होने वाली अकड़ाहट, कड़ापन, तनाव 4. स्वाभिमान, गर्व 5. ज़िद, हठ, ढिठाई 6. हिमाकत। (मु.)-जाना : ज़िद या हठ पर अड़ जाना, सूखकर कड़ा हो जाना। -दिखाना : अभिमान प्रदर्शित करना।

5. 1. कार्य पूरा करने का साधन, अभीष्ट सिद्ध करने का साधन, प्रयास 2. उपाय, उद्योग, युक्ति, तरकीब 3. प्रबंध, इंतज़ाम 4. सुझाव।

7. पिटारी, छोटी पिटारी।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | |
| 3 | | | | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | | | 5 | ■ | 6 | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | | |
| 7 | ■ | ■ | ■ | 8 | 9 | | |
| 10 | | ■ | 11 | | | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली -16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 सु | ■ | ■ | ■ | 2 दू | ध |
| 3 खु | र | खु | रा | ना | ■ | ■ |
| ■ | धा | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 4 आ | मि | ष | भो | 5 जी | ■ | 6 ध |
| ■ | नी | ■ | ■ | वां | ■ | नु |
| 7 मी | ■ | ■ | ■ | 8 त | 9 लु | आ |
| 10 त | ली | ■ | 11 अं | क | क | ■ |

## सुडोकू -96

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 6 | | 8 | 5 | | |
| | 2 | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 6 | | 7 | 8 | | | | 3 | |
| | | 2 | | | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| | | 8 | | 5 | 2 | | | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 6 | | | 7 |

### सुडोकू -95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |

# रामलला का आशीर्वाद लेने पहुंचे लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाड़ी

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार** : प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आकर श्रीराम के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेने की इच्छा पूरी हो गई। भगवान राम की जन्मभूमि में कुछ ऐसा विशेष है जो केवल महसूस किया जा सकता है, व्यक्त नहीं किया जा सकता। ये बातें गुरुवार को साउथ अफ्रीका के क्रिकेट खिलाड़ी व लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के स्पिनर गेंदबाज केशव महराज गुरुवार ने कहीं। वो लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के कोच जस्टिन लैंगर व जॉन्टी रॉड्स के साथ रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। सभी ने कहा कि 24 मार्च को आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में सीजन की शुरुआत से पूर्व आज हमने रामलला के दर्शनकर आशीर्वाद लिया है।



साउथ अफ्रीका के क्रिकेटर केशव महाराज।

### 3:56 मिनट का वीडियो वायरल

रामलला के दरबार से 3 :56 मिनट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के खिलाड़ी एक बस से अयोध्या पहुंचे दिखाई पड़ रहे हैं। वीडियो में टीम से जुड़े कई खिलाड़ी व लोग मौजूद दिखे। सभी रामलला से प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। हालांकि इस संबंध में अभी कोई भी अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

# त्योहारों को लेकर डीएम और कमिश्नर ने बैठक कर दिये निर्देश

**संवाददाता, प्रयागराज । अमृत विचार** : पुलिस आयुक्त रमित शर्मा व जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में होली पर्व एवं आगामी अन्य त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में अपने-अपने सुझाव रखे। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिया। बैठक में पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं एसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण करने रहकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिया है।

**▸▸ मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ जांच की कार्यवाही**

परम्परागत ढंग से ही त्यौहारों को मनाया जाये। उन्होंने संवेदनशील स्थानों का विशेष रूप से भ्रमण किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं सभी एसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले होलिका दहन स्थलों का भ्रमण का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी (फूड आफिसर) को निर्देशित किया है कि मिलावटी खाद्य पदार्थों पर निगरानी रखे, किसी भी दशा में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री न होने पाये, मिलावटी खाद्य-पदार्थों की बिक्री करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाये।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी पूर्ण रात्रि।

**मेष** – आज आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम शुरू कर सकते हैं। महिलाओं को यात्रा आदि के दौरान कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का बोझ कम होगा। भाई-बहनों के मध्य प्रेम भाव बढ़ेगा।

**वृष** – आज व्यापार को गतिशील रखने के लिए बड़ा निवेश करना पड़ेगा। घर के लोगों से नाराजगी हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन समय पर कर लेना चाहिए। मित्रों के साथ अनबन होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** – आज स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। दूसरे शहरों में रहने वाले लोग अपने शहरों की यात्रा कर सकते हैं। नई संपत्ति की खरीदी करने का विचार बना सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी जिसका परिणाम सार्थक ही होगा। आडंबर और दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में आपको प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी।

**सिंह** – आज कारोबार में आपको बड़े अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। युवा अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। आप सबके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिससे आप सबके चहेते बन जाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। कानून विरुद्ध जाकर भी कोई काम करना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऑफिस कनिष्ठों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आज तय समय पर अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यापार में अचानक धन लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज पुरानी संपत्ति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेनदेन में चूक हो सकती है। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। व्यक्तिगत समस्याओं का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है।

**धनु** – आज घर में मेहमान आ सकते हैं। मनोरंजन युक्त चर्चाओं का आनंद उठाएंगे। परिजन आपका सम्मान करेंगे। धर्म को लेकर मन में कुछ गलत बातें मन में आ सकती हैं। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मकर** – आज दूसरों के कार्यों में अनर्गल हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है। अपनी क्षमताओं का दुरुपयोग न करें। वैवाहिक संबंधों को लेकर थोड़े भावुक रहेंगे। आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए।

**कुंभ** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को मीडिया में प्रसिद्धि मिल सकती है। समझदारी पूर्वक लिए गए निर्णय भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं।

**मीन** – आज कुछ लोग आपकी खुशियों और सफलता से ईर्ष्या करेंगे। रक्तचाप के रोगियों को थोड़ी भी असहजता महसूस हो तो कृपया तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। महिला वर्ग अपने काम को लेकर कुछ तनाव में हो सकता है।

## आज का पंचांग

(कुंडली: गु. 1; बु., रा., सू. 12; श., मं., शु. 11; 10; 2; 3; 9; 6; 4; के.; 8; चं. 5; 7)

**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 23 मार्च 04 .28 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
नजर के सामने – सुबह : 11.00
तकदीर का तमाशा – रात : 07 .00

SONY PIX
टैक्सी ड्राइवर – सुबह : 09 .55
स्पाइडर मैन 2 – रात : 09 .00

SONY MAX
पटेल की पंजाबी शादी – सुबह : 10 .52
आशिकी – रात : 07 .00

ZEE CINEMA
तरला – सुबह : 10 .05
जब हैरी मेट सेजल – रात : 08 .30

colors CINEPLEX
महान – सुबह : 10 .30
दिल – रात : 07 .04

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

# अयोध्या मुद्दे से मिशन-80 को हकीकत में बदलने की तैयारी

**40 साल पहले कांग्रेस के नाम 83 सीटें जीतने का करिश्मा**

**अब प्रदेश की सभी सीटें जीतने का भाजपा बना रही माहौल**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** कांग्रेस के पक्ष में 40 साल पहले की सहानुभूति लहर से इसबार अयोध्या मुद्दे की बराबरी करना बड़ी चुनौती होगी। तब कांग्रेस ने देश की कुल 518 सीटों में 415 और उत्तर-प्रदेश (उत्तरांचल सहित) की कुल 85 मे से 83 लोकसभा सीटें जीतने का रिकार्ड बनाया। अब भाजपा और संघ अयोध्या मुद्दे से मिशनः 80 को हकीकत में बदलने का माहौल बनाने में जुटी हैं। मगर हर नारा हकीकत में बदले, यह मुमकिन नहीं।

देश के लिए 1984 का दौर बहुत कठिन था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर, 1984 को नई दिल्ली के सफदरगंज रोड स्थित उनके आवास पर सुबह 9:30 ताबड़तोड़ गोलियां दागकर हत्या कर दी गई थी, पूरे देश में गम और गुस्सा का माहौल था। राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के दो महीने के भीतर ही 1984 का लोकसभा चुनाव हुआ। दिसंबर 1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव एक साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 49.1 प्रतिशत पहुंचा। विपक्ष को जमानत बचानी मुश्किल हो गई, भाजपा दो सीटों पर सिमट गई, भाजपा के लगभग 50 फीसदी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। उसे प्राप्त वोटों का प्रतिशत 7.74 रहा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को इस चुनाव में 22 सीटों के साथ 5.87 फीसदी वोट मिले थे। भारतीय कम्युनिस्ट (भाकपा) 2.71 प्रतिशत वोट पाकर 6 सीटों पर जीती थी। 1984 के कांग्रेस के करिश्मे को आज तक कोई नहीं दोहरा पाया है।

लेकिन अगले पांच साल बाद से लेकर देश की राजनीति में इतने बदलाव आए कि अब 2024 के लोकसभा चुनाव में पांच सदी की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर का उद्घाटन लहर बना रहा है। भाजपा और संघ इसे भारत की अस्मिता और गौरव से जोड़कर पूरे देश में मतों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश में जुटे हैं।

सवाल उठता है कि क्या भाजपा उप्र. की सभी 80 सीटें जीतने के संकल्प को पूरा कर पाएगी? चुनाव विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा नीत राजग तब की सहानुभूति लहर से इतर मनमोहन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की मदद से 2014 में उप्र. 73 सीटें हासिल कर चुकी है। यही नहीं, 2019 में कांग्रेस को 1984 में मिले मत प्रतिशत को भी पीछे छोड़ चुकी है। ऐसे में मिशन 80 कठिन जरूर है, पर नामुमकिन कतई नहीं है।

### रालोद और सुभासपा भी है अब एनडीए का हिस्सा

समाजवादी पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पांच सीटें हासिल की थीं। तब बसपा और रालोद के साथ गठबंधन था। पश्चिम में सपा की मददगार रही रालोद एनडीए का हिस्सा हो गया है। बसपा फिलहाल अकेले चुनाव लड़ रही है। 2019 के बाद से पूर्वांचल में सपा की मजबूत मददगार रही सुभासपा भी एनडीए का हिस्सा बन गई है। नोनिया चौहान बिरादरी में पकड़ रखने वाले दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में लौट आए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान दारा सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

### बसपा का एकला चलो कहीं फायदा तो कहीं नुकसान

राजग व इंडिया गठबंधन की आमने-सामने की लड़ाई में बसपा का अकेले मैदान में होना कई जगह लड़ाई को त्रिकोणीय बनाएगा। बसपा के टिकटों के लिहाज से इस त्रिकोण का ज्यादा लाभ एनडीए के खाते में जा सकता है।

### कांग्रेस परिवार से प्रत्याशी आए तो मजबूत किलेबंदी

अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस इस बार भी कड़ी टक्कर दे सकती है, यदि गांधी परिवार से प्रत्याशी आए। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा को पांच, बसपा को 10 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट अमेठी तक केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी से हार गए थे। सिर्फ रायबरेली से सोनिया गांधी एक मात्रा कांग्रेस से जीत सकीं थी। पिछले विधानसभा चुनाव तक इन जिलों में कांग्रेस के भी विधायक हुआ करते थे। वर्तमान में पार्टी का एक भी विधायक नहीं है। ऐसे में सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली में भी सपा के विधायकों से बड़ी उम्मीद रही होगी। मगर, भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में सपा के असरदार माने जाने वाले दो विधायकों-पूर्व मंत्री मनोज पांडेय और राकेश प्रताप सिंह को अपने पाले में लाकर तहलका मचा दिया। पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की पत्नी महाराजी प्रजापति वोट देने ही नहीं पहुंचीं। ऐसे में कांग्रेस के लिए अब अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार को उतारना किसी चुनौती से कम भी नहीं है।

### हिंदू मतों के ध्रुवीकरण पर टिकी भाजपा की आस

चुनाव मैदान में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भावनाओं का उभार साफ दिख रहा है। ज्ञानवापी और मथुरा का प्रचार भी खूब हो रहा है। सीएए से ध्रुवीकरण करने की पूरी कोशिश दिख रही है। साथ ही सरकारी धन खर्च करके मोदी की गांरटी रथ के जरिए लाभार्थियों से सीधा संवाद करके गरीब-पिछड़ों को जमकर साधा गया। साथ ही इसबार विपक्ष में कांग्रेस-सपा का 2019 के मुकाबले सपा-बसपा-रालोद गठबंधन से कमजोर हालत में दिख रहा है। ऐसे में 80 में 80 न सही, लेकिन 1984 में जिस तरह 85 में 83 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं, उस तरह का परिणाम नजर आए तो चौंकना भी नहीं चाहिए।

## राजीव गांधी ने ही दिखाई थी सियासत को रामपथ की राह

- 1989 के लोकसभा चुनाव का अभियान अयोध्या से शुरू किया था और मुद्दा बनाया था रामराज्य

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या



**अमृत विचार :** राजनीति की प्रयोगशाला के तौर पर अयोध्या कोई पहली बार अब वोट की सियासत के केंद्र में नहीं आई है। इससे पहले भी राम की अयोध्या ने इस तरह के सियासी मेले और झमेले देखे हैं। आज भले ही भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव की पटकथा अयोध्या से लिखने के प्रयास में दिख रही हो, लेकिन देश की सियासत को रामपथ की राह दिखाने का काम राजीव गांधी ने किया था। 1989 के लोकसभा चुनाव के अभियान की शुरुआत उन्होंने न सिर्फ अयोध्या से की थी, बल्कि रामराज्य को उस चुनाव का मुद्दा भी बना दिया था। यह अलग बात है कि कांग्रेस इस मामले में चूक गई और उसे बहुमत नहीं मिला। केंद्र में बीपी सिंह की भाजपा और कुछ अन्य दलों की समर्पित सरकार बन गई। दरअसल देश के सियासी एजेंडे में राम मंदिर और अयोध्या खुल करके आया वर्ष 1986 में जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की वीर बहादुर सिंह सरकार थी। इसी साल फैजाबाद (अब अयोध्या) के जिलाधिकारी और एसएसपी के बयान और सहमति के आधार पर तत्कालीन जिला जज की अदालत ने विवादित रामजन्मभूमि का ताला खोल दिया था। लोकसभा का 1989 का चुनाव आया तो कांग्रेस ने अयोध्या से ही चुनाव अभियान की शुरुआत की। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की कैंटोनमेंट मैदान में पहली चुनावी रैली हुई। यहीं से राजीव गांधी ने अपने भाषण में देश में रामराज्य लाने की बात कही और मन्दिर/मस्जिद विवाद के मामले में कहा कि इसको सभी पक्षों की सहमति से हल करने का प्रयास किया जाएगा। एक तरफ जहां कांग्रेस ने यह दांव खेला वहीं दूसरी तरफ पहले से ही रामजन्मभूमि का मुक्ति का आंदोलन चला रही भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस ने कांग्रेस से इस मुद्दे को छीन लेने के लिए प्रस्तावित राम मंदिर के शिलान्यास की घोषणा कर दी। 1989 लोकसभा का आम चुनाव 22 व 26 नवंबर को होना था। इससे पहले 9 नवंबर 1989 को विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में रामजन्मभूमि मन्दिर का शिलान्यास कर दिया। जिसमें तमाम राजनीतिक हस्तियों सहित हजारों की तादात में साधु-संत शामिल हुए और राम मंदिर की नींव की पहली ईंट विहिप से जुड़े तबके एक दलित युवक कामेश्वर चौपाल के हाथों रखवाई गई। इसके पीछे भाजपा और विहिप की मंशा कांग्रेस के परंपरागत दलित वोट को छीन लेना भी था। और चुनाव परिणाम जब आये तो ऐसा दिखा भी। कांग्रेस सबसे बड़ा दल जरूर बनी लेकिन बहुमत से बहुत दूर रही। तब दूसरी सबसे बड़ी पार्टी जनता दल जो राष्ट्रीय मोर्चा का नेतृत्व करती थी, उसे अवसर दिया गया और वीपी सिंह देश के प्रधानमंत्री बन गए। तब उनके नेतृत्व की सरकार को भारतीय जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों ने बाहर से समर्थन दिया था। कांग्रेस के रणनीतिकारों में शुमार रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी आत्मकथा में बताया है कि दरअसल, 1989 के चुनाव अभियान की शुरुआत कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान के नागौर से करना तय किया था। कारण यह था कि 1949 में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गांधी जयंती के मौके पर इसी नागौर से ही पंचायती राज व्यवस्था लागू की थी। कांग्रेस पार्टी ने 1989 के चुनाव का मुख्य मुद्दा भी पंचायत राज ही तय कर रखा था। लेकिन हुआ ठीक इसके उलट। न तो पंचायत राज के मुद्दे को लेकर कांग्रेस चुनाव में आगे आई और न ही चुनाव अभियान का श्रीगणेश नागौर से किया गया। मणिशंकर अय्यर अपनी आत्मकथा में आगे कहते हैं कि राजीव गांधी की फैजाबाद की पहली चुनावी रैली के भाषण का जो नोट्स था उसमें भी राम मंदिर या रामराज्य का बिंदु नहीं था। उनका कहना था कि राजीव गांधी के कुछ करीबी सलाहकार और खासकर शीला दीक्षित की राय पर अयोध्या से चुनाव अभियान का श्रीगणेश करने और पंचायती राज की जगह रामराज्य को मुख्य मुद्दा बनाया गया। मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि काश ऐसा न हुआ होता तो 1989 में कांग्रेस भले ही सरकार न बना पाती लेकिन सीटें इतनी कम न होतीं।

कांग्रेस की यह रणनीतिक चूक थी। अब 2024 के आम चुनाव में भाजपा की कोशिश तो राम मंदिर के निर्माण को केंद्र में रखकर चुनाव मैदान फतह करने की लगती है। लेकिन वहीं बहुत सारे सियासी पण्डितों और राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर बन रहे राम मंदिर का मुद्दा चुनाव का मुख्य मुद्दा नहीं बन पाएगा, लेकिन इसका पर्याप्त प्रभाव चुनाव परिणाम पर असर जरूर डालेगा।



## चुनाव कमाल का...

- देश में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या हर चुनाव के बाद बढ़ती ही जा रही है। नेशनल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2004 में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या 128 थी जो वर्ष 2009 में 162 और 2014 में 185 और वर्ष 2019 में बढ़कर 233 हो गई। जहाँ एक ओर वर्ष 2009 में गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या 76 थी, वहीं 2019 में यह बढ़कर 159 हो गई। इस प्रकार 2009-19 के बीच गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या में कुल 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट में गंभीर आपराधिक मामलों में बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध आदि को शामिल किया गया है।






मैं वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करूंगा। इसके लिए काफी उत्साहित हूं। लोकतंत्र के पर्व में सभी को अपने मतदान का उपयोग करना चाहिए। लेकिन सोच समझकर ही मतदान करूंगा। मतदान के द्वारा ही हम अपने मन के प्रत्याशी का चयन कर सकते हैं। शिक्षा और बेरोजगारी पर जो बात करेगा, उसे ही मतदान करेंगे।

**अभिमन्यु सोनी पुत्र दीपक सोनी**
गुदड़ी मोहल्ला, विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच।

## होली के रंग में भंग डाल सकती है चुनाव की आचार संहिता

- नेताजी को महंगी पड़ सकती है होली की दावत
- हिदायतः चुनावी गतिविधियों पर रखे पैनी नजर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचारः** सावधान हो जाइए। होली है, लेकिन आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। नेताजी को इस बार दावत देना महंगी पड़ सकता है। यह वोट के लिए प्रलोभन और उकसाने के दायरे में होगा। कार्रवाई हो सकती है। आयोग से ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने के आदेश हैं। तीसरी नजर देख रही है। जिले में निगरानी टीमें सक्रिय हैं। हिदायत है ऐसी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सियासी दलों में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की होड़ लग गई है। ऐन-केन प्रकारेण चुनाव फतह की रणनीति है। वोट के लिए अंदरखाने में तरह-तरह की रणनीति बनाए जाने की खबर है। चुनाव के ठीक पहले होली पड़ गई। गिफ्ट और दावत देकर मतदाताओं को पक्ष में करने का प्रयास हो सकता है। चुनाव से इतर होली पर जश्न मनाने, नेताजी के साथ दावत उड़ाने की परंपरा पुरानी है, लेकिन इस बार ये महंगा पड़ सकता है। आयोग की जारी गाइडलाइन के अनुसार चुनाव के दौरान किसी भी मतदाता को रुपये, शराब या उपहार सहित दूसरे प्रलोभन के जरिए वोट लेने की कोशिश, पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए उकसाना या प्रेरित करना, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। इसके लिए दंड भी भुगतना पड़ सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में किसी भी मतदाता को वोट के लिए प्रलोभन देना दंडनीय अपराध है। होली में शराब, पैसा या गिफ्ट देना इसके दायरे में होगा। निगरानी टीमें लगाई गई है। पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई होगी।

### गतिविधियों पर नजर रखेंगी 15 टीमें

जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए विधानसभा वार 15 टीमें लगाई है। इनको सक्रिय कर दिया गया है। यह होली के दौरान ऐसी गतिविधियों पर नजर रखेंगी। जिला निवार्चन अधिकारी नितीश कुमार ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### उल्लंघन पर हो सकती है 1 साल की सजा

आदर्श आचार संहिता के दौरान पक्ष या विपक्ष में वोट करने या न करने के लिए प्रलोभन देकर उकसाना या प्रेरित करना, मतदाता को रुपये, शराब या उपहार का प्रलोभन देना, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के तहत अपराध है। इसका उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 के तहत एक वर्ष की जेल हो सकती है।

### कंट्रोल रूम में करें शिकायत

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कोई भी व्यक्ति जिला प्रशासन से बनाए गए कंट्रोल रूम के फोन नंबर-05278-297499 पर शिकायत कर सकता है। कार्रवाई होगी।

## उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के 10 नाम तय

- राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, हरिद्वार से हरीश रावत, गुड़गांव से राज बब्बर, जालंधर व श्रीगंगानगर से चन्नी की उम्मीदवारी पर विचार

**ब्यूरो, नई दिल्ली अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नामांकन शुरू होने के दूसरे दिन भी भाजपा एवं कांग्रेस कई उम्मीदवारों पर देर शाम तक मंथन करती रही। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्रीय चुनाव समिति का ठप्पा लगने के बाद सूची जारी होगी। इसी तरह गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी से विचार विमर्श कर उत्तर प्रदेश के 10 नाम तय कर दिए, घोषणा बाद में होगी। मध्य प्रदेश से दिग्विजय सिंह, उत्तराखंड से हरीश रावत, जालंधर से चरणजीत सिंह चन्नी व हरियाणा से राज बब्बर की उम्मीदवारी पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक कानपुर से आलोक मिश्रा, झांसी से प्रदीप जैन, बाराबंकी से तनुज पूनिया, बनारस से अजय राय, फतेहपुर सीकरी से रामनिवास सिकरवार, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह, बांसगांव से सजल प्रसाद, सहारनपुर से ईमरान मसूद की दावेदारी को केंद्रीय चुनाव समिति ने अंतिम रूप दे दिया है। उत्तर प्रदेश की अमेठी एवं रायबरेली सीट पर सबसे ज्यादा परेशानी आ रही है। वहां के लोगों ने केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष प्रियंका गांधी को किसी एक सीट से उम्मीदवार बनाने की मांग की है। जबकि प्रियंका ने चुनाव लड़ने से परहेज कर देशव्यापी चुनाव अभियान में मुख्य भूमिका निभाने का फैसला लिया है।

## लखनऊ की पूर्वी सीट पर रस्साकशी

- किसका होगा टिकट और कितनों का गिरेगा विकेट
- चुनावी पिच पर भाजपा और सपा के पदाधिकारियों ने शुरू की भागदौड़
- आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद पूर्व विधानसभा की सीट है रिक्त



आशुतोष टंडन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा के साथ ही विधानसभा के उपचुनाव की रणभेरी भी बज चुकी है। पूर्व विधानसभा रिक्त है और भाजपा के कई पदाधिकारी इस सीट पर भाग्य आजमा कर विधानसभा पहुंचने की जुगत में है। हालांकि अभी भाजपा, कांग्रेस, बसपा व इंडिया गठबंधन के किसी दल ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

लखनऊ पूर्व की विधानसभा सीट आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद खाली हो गई थी। इस सीट पर भी 20 मई को मतदान होना है। इस विधानसभा का अभी तीन वर्ष का कार्यकाल शेष है। उपचुनाव को लेकर भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी टिकट की दौड़ में शामिल हो गए हैं। उपचुनाव के लिए पार्टियां जल्द ही उम्मीदवार घोषित कर सकती है। सत्ताधारी दल भाजपा की ओर से कई नेता टिकट के लिए ताल ठोंक रहे हैं। पूर्व मंत्री कलराज मिश्र के पुत्र अमित मिश्र, ओपी श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, संजय सिंह और अमित टंडन आदि के नाम चल रहे हैं।

कुछ महिला पदाधिकारी भी इस दौड़ में शामिल हैं। हालांकि अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है मगर लोग दिल्ली दरबार तक दौड़ लगा रहे हैं। पार्टी उपचुनाव हर कीमत पर जीतना चाहती है इसलिए चेहरा भी सोच समझकर चुना जाएगा। सूत्रों की मानें तो प्रत्याशी चयन में महानगर भाजपा के पदाधिकारियों से भी राय ली जा सकती है। चेहरे तय करने से पहले मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय सांसद से भी सलाह ली जाएगी। अभी तक पैनल में किसी का नाम नहीं भेजा गया है। माना जा रहा है कि होली के बाद इस पर कवायद शुरू होगी। इस सीट के लिए अभी कांग्रेस और बसपा ने अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। जबकि समाजवादी पार्टी से टिकट के लिए आशुतोष वर्मा, रमेश श्रीवास्तव और अनुराग भदौरिया का नाम चल रहा है।

### नगाड़ा बजवाया और घोड़ा दौड़ाया तो पड़ेगा भारी

**गोंडा, अमृत विचार।** अभी तक नगाड़ा बजवाना, घोड़े से प्रचार करना खर्च में शामिल नहीं था। अक्सर प्रत्याशी जब नामांकन करने जाते थे तो उनके साथ नगाड़ा या अन्य बजाने का साधन रहता था। किसी का यदि चुनाव चिह्न होता था तो भी उम्मीदवार खर्च से बच जाते थे। लेकिन आयोग ने नगाड़ा या ढोल बजवाने पर 500 रुपए का खर्च उम्मीदवार के खर्च में जुड़ेगा। इसी तरह घोड़े का प्रयोग करने पर या उससे प्रचार करने पर भी घोड़े का भी 1100 रुपए का खर्च जुड़ेगा। चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी अक्सर भ्रमण के दौरान वोट मांगते समय छोटे बच्चों को पुचकारते व दुलारते दिख जाते हैं। कभी उन्हें टाफी, चाकलेट या अन्य वस्तुएं देते दिख जाते थे। इससे प्रचार में उन्हें बल भी मिलता था, लेकिन अब ऐसा नहीं कर सकेंगे। ऐसा करेंगे तो बाल संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा।

## सपा के सामने राजा भैया का विजय रथ रोकने की चुनौती

### 4 बार से हैं सांसद, पिछले दो चुनावों में बड़े अंतर से मिली है जीत

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचारः** 18 वें लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने गोंडा संसदीय सीट पर अपना पत्ता खोल दिया है। एक बार फिर से वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया पर भरोसा जताया है। कीर्तिवर्धन सिंह इसके पहले वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में पार्टी प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल कर चुके हैं। इस बार वह हैट्रिक पर हैं और चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। उनके पास राम मंदिर निर्माण के साथ मोदी की गारंटी भी है। जिसके दम पर वह पूरे आत्मविश्वास में हैं।

राजा भैया के साथ गौरा विधायक प्रभात वर्मा, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री भी लगातार मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। सपा ने इस बार यहां से नए चेहरे श्रेया वर्मा पर दांव लगाया है। श्रेया खुद भले ही राजनीति में नई हों लेकिन राजनीति से उनका पुराना तालुल्क रहा है। श्रेया के बाबा स्व बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं और उनकी गिनती प्रदेश के बड़े नेताओं में की जाती रही है। स्व बेनी प्रसाद वर्ष 2009 में गोंडा संसदीय सीट से कांग्रेस पार्टी के सांसद रह चुके हैं।

श्रेया की जीत का गणित सजातीय मतदाताओं की बड़ी तादात व बाबा के नाम पर टिका है। श्रेया के साथ सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, पूर्व मंत्री स्व पंडित सिंह के भतीजे व सदर सीट से सपा प्रत्याशी रहे सूरज सिंह पूरे दमखम के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हैं। घर घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। सहयोगी दल कांग्रेस भी सपा प्रत्याशी के पक्ष में जोर लगा रही है। सपा की श्रेया वर्मा के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। उनकी यह चुनौती राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी के सामने कितना असर दिखा पाती है यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।



कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा



श्रेया वर्मा, सपा

### पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन

**2019 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह | बीजेपी | 5,08,190 |
| पंडित सिंह | सपा | 3,41,830 |
| कृष्णा पटेल | कांग्रेस | 25,686 |

**2014 चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| कीर्ति वर्धन सिंह | बीजेपी | 359643 |
| नंदिता शुक्ला | सपा | 199227 |
| अकबर अहमद डंपी | बसपा | 116178 |
| बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस | 102254 |

### महासमर-2024

**कब कौन बना सांसद**

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1971 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |

## एक करोड़ मतदाता बढ़े मगर घट गए पोलिंग बूथ

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** बीते 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में प्रदेश में करीब एक करोड़ प्रदेश में बढ़ी है, मगर पोलिंग बूथों की संख्या घट गई है। इससे राज्य निर्वाचन आयोग के दावे, कि किसी भी मतदाता को वोट देने के लिए दो किमी से ज्यादा की दूरी नही तय करनी पड़ेगी और एक बूथ पर औसतन 944 मतदाताओं को वोट डालने का प्रबन्ध किया गया है, सवाल उठने लगे हैं। अधिक मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग समेत सभी राजनैतिक प्रयास रहते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाताओं की सुविधाओं को निष्पक्ष मतदान कराने के लिए नियम व निर्देश तैयार करता है। उक्त क्रम में ही दस्तक दे चुके लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने 15 करोड़ 34 लाख मतदाताओं के लिए एक लाख 62 हजार 41 बूथ बनाने का निर्णय लिया है, जबकि गत 2019 के चुनाव में 14 करोड़ 58 लाख 58 हजार 553 मतदाताओं के लिए एक लाख 63 हजार 448 पोलिंग बूथ बनाये गये थे। जोकि इस बार बनने वाले पोलिंग बूथों से 1407 ज्यादा हैं। निर्वाचन आयोग की यह चुनौती प्रथम चरण के 19 अप्रैल को संपन्न होने वाले मतदान के दिन साबित होंगे। बुधवार से प्रदेश के नौ जिलों में एक करोड़ 43 लाख 39 हजार 21 मतदाताओं के लिए सात हजार 693 मतदान केन्द्रों पर 14 हजार 842 पोलिंग बूथ बनाने की तैयारी हो चुकी है। जबकि ईसीआई के आंकड़ों के अनुसार गत लोकसभा चुनाव में डेढ़ करोड़ मतदाताओं के लिए 16,581 मतदान स्थल बनाए गए थे।

### दिव्यांग बढ़े, किन्नर मतदाताओं की संख्या घटी

**अमृत विचार।** इस बार लोकसभा चुनाव में किन्नर मतदाताओं की संख्या घटी है, मगर दिव्यांग मतदाताओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 8374 किन्नर मतदाताओं की संख्या इस बार 6,638 रह गई है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 12,51,827 पहुंच गई है, जो कि गत चुनाव में 7,86,542 थी। हालांकि निर्वाचन आयोग ने 85 साल से ज्यादा उम्र और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता रखने वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

# नई दिल्ली में हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम

- देश के सर्वाधिक अति विशिष्ट संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली सीट पर अटल, आडवाणी के बाद सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी मैदान में

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

देश की सबसे वीवीआईपी संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली को सुचेता कृपलानी के बाद भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। यहां से दो बार अटल बिहारी वाजपेई, दो बार लाल कृष्ण आडवाणी संसद पहुंचे। लेकिन हैट्रिक लगाने का श्रेय वाजपेई सरकार के सबसे विवादित एवं ईमानदार मंत्री जगमोहन के नाम जाता है। उन्होंने 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत हासिल की और आखरी बार मजदूर नेता ललित माकन के भतीजे व कांग्रेस के युवा उम्मीदवार अजय माखन से चुनाव हार गए थे।



कहां जा रहा था कि जगमोहन के बाद आर्य समाज की समर्पित कार्यकर्ता व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी 2024 में हैट्रिक लगाएंगी लेकिन भाजपा हाई कमान ने उनका टिकट काट दिया और पार्टी की हाई प्रोफाइल नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है। यदि बांसुरी चुनाव जीत गईं तो वे तीसरी महिला होंगी जो नई दिल्ली से संसद पहुंचेंगी।

नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अति विशिष्ट लोग जैसे राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री भारत के मुख्य न्यायाधीश व कई बड़े नेता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। इसी संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, विदेश एवं गृह



मंत्रालय हैं। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी के बाद इस सीट से लगातार भाजपा के अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज चुनाव जीते रहे हैं। यहां तक कि आडवाणी को पराजित करने के लिए 1991 में कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को उम्मीदवार बनाया था। यह देख आडवाणी ने नई दिल्ली के अलावा गांधीनगर से भी चुनाव लड़ा और राजेश खन्ना को मात्र 17 हजार वोटो से पराजित कर पाए थे। बाद में आडवाणी ने नई दिल्ली सीट से इस्तीफा देकर गांधीनगर की सदस्यता ग्रहण की थी।

जिससे नई दिल्ली के मतदाता नाराज हो गए और उन्होंने 1992 के उपचुनाव में राजेश खन्ना को जिता दिया। हालांकि भाजपा ने खन्ना के खिलाफ पहली बार फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मैदान में उतारा था, लेकिन आडवाणी से नाराज मतदाताओं ने राजेश खन्ना को विजयी बनाया था। 1996 में भाजपा ने इस सीट से जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एवं राज्यसभा सदस्य जगमोहन को पहली बार लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। वैष्णव देवी में जगमोहन के शानदार कार्यों को देख मतदाताओं ने राजेश खन्ना को 58 हजार वोटो से पराजित किया था। उसके बाद इस सीट से जगमोहन लगातार तीन बार विजयी हुए। चौथी बार कांग्रेस के अजय माकन (सीएनजी मैन) से वे चुनाव इसलिए हार गए क्योंकि दिल्ली में सीएनजी लाने का श्रेय जनता ने तत्कालीन परिवहन मंत्री माकन को दिया था।

अजय माकन भी नई दिल्ली से हैट्रिक लगाने में विफल रहे क्योंकि 2014 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मीनाक्षी लेखी से वे पराजित हो गए थे। इसी तरह मीनाक्षी भी हैट्रिक लगाने से इसलिए वंचित रह गई क्योंकि बांसुरी स्वराज को बीजेपी ने इस बार उम्मीदवार बनाया है। हालांकि बांसुरी का बीजेपी कार्यकर्ता के रूप में ज्यादा योगदान नहीं है। उनकी पहचान उनकी मां सुषमा स्वराज की वजह से है और यदि वह चुनाव जीतती हैं तो नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से संसद पहुंचने वाली वे तीसरी महिला होंगी।



**नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम**

| वर्ष | विजयी सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | सुचेता कृपलानी | किसान मजदूर प्रजा पार्टी |
| 1957 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1977 | अटल बिहारी वाजपेई | भाजपा |
| 1980 | अटल बिहारी वाजपेई | भाजपा |
| 1989 | लालकृष्ण आडवाणी | भाजपा |
| 1991 | लालकृष्ण आडवाणी | भाजपा |
| 1992 | राजेश खन्ना | कांग्रेस |
| 1996 | जगमोहन | भाजपा |
| 1998 | जगमोहन | भाजपा |
| 1999 | जगमोहन | भाजपा |
| 2004 | अजय माकन | कांग्रेस |
| 2009 | अजय माकन | कांग्रेस |
| 2014 | मीनाक्षी लेखी | भाजपा |
| 2019 | मीनाक्षी लेखी | भाजपा |

## चुनाव कमाल का...

- 21 मई 1991 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की वोटिंग के पहले दौर के ठीक एक दिन बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद जून के मध्य तक चुनाव को स्थगित कर दिया गया। पंजाब में लोकसभा चुनाव बाद में कराए गए, जबकि जम्मू-कश्मीर में आम चुनाव हुए ही नहीं।
- जून में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें कांग्रेस को सबसे ज्यादा 232 सीटें मिलीं। भारतीय जनता पार्टी 120 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही। जनता दल को सिर्फ 59 सीटें मिलीं। 21 जून 1991 को कांग्रेस के पी.वी. नरसिंहराव ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- 1996 में 11वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। 161 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इस चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 140 सीटें मिली और पार्टी दक्षिण में भी पिछड़ गई।
- अटल बिहारी वाजपेयी ने 16 मई को प्रधानमंत्री का पद संभाला लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण 13 दिन ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठ पाए।
- 1996 में जनता दल के नेता एचडी देवेगौडा ने एक जून को संयुक्त मोर्चा गठबंधन सरकार का गठन किया, लेकिन उनकी सरकार भी 18 महीने ही चली।
- देवेगौड़ा के कार्यकाल में ही विदेश मंत्री रहे इन्द्र कुमार गुजराल ने अगले प्रधानमंत्री के रूप में 1997 में पदभार संभाला। कांग्रेस इस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही थी।

## चुनावी तीर



पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश पर हैं। भाजपा की साजिश और षड्यंत्र से हमें सतर्क रहना है। हमें ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के साथ-साथ बूथ की सुरक्षा को लेकर भी सावधान रहना है। भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी के मामले में बेनकाब हो चुकी है। भाजपा हारेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी, किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा।

**- अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख



1952 को छोड़कर पहली बार आप इतना लंबा चुनाव देख रहे हैं। आजादी के बाद पहले चुनाव में बहुत सी चीजों को समायोजित करना था, लेकिन अब तकनीक के साथ यह अवधि कम होनी चाहिए थी। लंबी अवधि के चलते एक चरण में मतदान चलता है और दूसरे चरण में चुनाव प्रचार चल रहा होता है। इससे सत्ता दल को फायदा और विपक्ष को नुकसान होता है।

**-सीताराम येचुरी,** महासचिव, माकपा

# हैवीवेट प्रत्याशियों की तलाश में उलझी हाई प्रोफाइल प्रयागराज सीट

**1996** में भाजपा का खाता खोलने के साथ ही डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने लगाई थी यहां से जीत की हैट्रिक तो बीते तीन दशक से जीत के लिए तरस रही है कांग्रेस

- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा और जनेश्वर मिश्र के अलावा अमिताभ बच्चन भी यहां से संसद पहुंचे

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार:** संगम नगरी प्रयागराज में लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण में 25 मई को 18,07,886 मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। 2019 के पिछले चुनाव की तुलना में इस बार यहां 1,14,439 मतदाता बढ़ गए हैं। हाई प्रोफाइल गिने जाने वाले प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधान सभा सीटें मेजा, करछना, बारा, कोरांव और प्रयागराज दक्षिणी शामिल है। इनमें बारा और कोरांव एससी सुरक्षित सीट हैं। वर्तमान में तीन विधानसभा सीटों करछना, कोरांव और प्रयागराज दक्षिण में भाजपा तो मेजा में समाजवादी पार्टी और बारा में अपना दल का कब्जा है। वर्तमान में यहां से भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी सांसद हैं। उन्होंने 2019 के चिनाव में सपा के राजेंद्र सिंह पटेल को 1,83,876 मतों से पराजित किया था। रीता बुहगुणा को 4,93,204 और राजेंद्र सिंह को 3,09,328 वोट मिले थे। लेकिन भाजपा ने इस बार रीता बहुगुणा जोशी की प्रत्याशिता को जहां होल्ड पर रखा है, वहीं सपा से गठबंधन के बाद हिस्से में आई इस सीट पर कांग्रेस किसी हैवीवेट प्रत्याशी की तलाश में है।

प्रयागराज वह लोकसभा क्षेत्र है, जहां से वर्ष 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निधन के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस से सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को हराकर जीत हासिल की थी। इस लोकसभा क्षेत्र में आजादी के बाद से कांग्रेस का ही कब्जा रहा। सबसे पहले 1952 में कांग्रेस के श्रीप्रकाश सांसद चुने गए। 1957 तथा 1962 के लोकसभा चुनाव में यहां से पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री, 1967 में उनके पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री, 1971 में हेमवती नंदन बहुगुणा कांग्रेस से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। लेकिन 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर उतरे छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र ने इतिहास बदल दिया। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार कमला बहुगुणा को हरा दिया। हालांकि अगले ही चुनाव 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जीत हासिल करके कांग्रेस की वापसी करा दी। 1984 में यहां से सांसद चुने गए अमिताभ बच्चन ने जब बोफोर्स कांड में नाम आने पर संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और 1988 में उपचुनाव हुआ तो विश्वनाथ प्रताप सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की। 1989 में जनता दल से जनेश्वर मिश्र दूसरी बार और साल 1991 में हुए चुनाव में सरोज दुबे ने जीत हासिल की। प्रयागराज में भाजपा को पहली जीत 1996 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने दिलाई। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में भी डॉ. जोशी ने जीत हासिल करके हैट्रिक लगाई। लेकिन 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर अपना खाता खोला। सपा प्रत्याशी रेवती रमण सिंह ने लगातार दो चुनावों 2004 और 2009 में जीत हासिल की। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के श्यामाचरण गुप्ता ने सपा से यह सीट छीन ली। 2019 में भाजपा ने कांग्रेस से आईं रीता बहुगुणा जोशी को टिकट दिया और वह विजयी रहीं।

### अभी किसी दल ने नहीं खोले पत्ते, एक दूसरे के प्रत्याशी का इंतजार

प्रयागराज सीट पर भाजपा ने अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, हालांकि पार्टी का संसदीय बोर्ड प्रत्याशी के नाम को लेकर मंथन कर चुका है। निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी के साथ नंद गोपाल नंदी और उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी का नाम दावेदार के रूप में सबसे आगे है। नंदी प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, जबकि उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी वर्तमान में प्रयागराज की महापौर हैं। उधर, सपा-कांग्रेस गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के हिस्से में आयी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस यहां से एक बार फिर किसी दमदार बाहरी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी 1984 के बाद से प्रयागराज में जीत के लिए तरस रही है। कांग्रेस ने पिछले चार चुनावों में इस सीट पर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देकर आजमाया, लेकिन कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाया। 2014 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े बसपा से आए नंद गोपाल गुप्ता ने एक लाख से अधिक वोट पाए लेकिन जमानत नहीं बची और चौथे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2019 में भाजपा से आए योगेश शुक्ला को कांग्रेस ने टिकट दिया पर उन्हें 31956 ही वोट मिले। 2009 में श्याम कृष्ण पांडेय को 33027 और 2004 में सत्य प्रकाश मालवीय को 40545 वोट मिले थे। इन चारों चुनाव में कांग्रेस तीसरे या चौथे स्थान पर रही और जमानत नहीं बचा सकी। इस बीच सपा के कद्दावर नेता रेवती रमण सिंह कांग्रेस और बसपा दोनों के संपर्क में हैं। वह अपने पुत्र उज्ज्वल रमण के टिकट के लिए प्रयासरत हैं। रेवती रमण प्रयागराज से दो बार सांसद और करछना से आठ बार विधायक रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की ही तरह बसपा ने भी अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।




### जातीय समीकरणों के लिहाज से गठबंधन प्रत्याशी को मौका

प्रयागराज लोकसभा सीट पर ब्राह्मण और ओबीसी मतदाता जीत की पटकथा लिखते रहे हैं। लेकिन मोदी लहर के बाद यह समीकरण टूट सा चुका है। एक अनुमान के मुताबिक इस सीट पर 2.40 लाख ब्राह्मण, करीब सवा दो लाख कुर्मी, दो लाख मुस्लिम, डेढ़ लाख से अधिक वैश्य और सवा लाख से ज्यादा यादव वोटर हैं। राजपूत और भूमिहार मतदाता एक लाख से ऊपर गिने जाते हैं। इसी तरह 85 हजार मौर्य और कुशवाहा, एक लाख कोल, सवा लाख निषाद-बिंद, 1.15 लाख विश्वकर्मा और प्रजापति मतदाताओं के साथ 40 से 45 हजार पाल बिरादरी का वोट माना जाता है।

**पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस | अपना दल |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 35.3 | 37.4 | 10.0 | 3.3 | 9.7 |
| 2019 लोस | 56.1 | 35.2 | -- | 3.6 | -- |
| 2017 विस | 43.1 | 25.7 | 17.1 | 5.3 | -- |
| 2014 लोस | 35.2 | 28.2 | 18.2 | 11.5 | -- |



# अखिलेश का पल्लवी से समझौता टूटा, सुनील सिंह से नाता जोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बीच जहां एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पल्लवी पटेल के कदमताल न करने की बात सामने आ गई वहीं, दूसरी ओर सपा को रालोद के जाने के बाद लोक दल का साथ मिल गया है। अपना दल कमेरावादी सपा से अलग होकर अपने प्रत्याशी उतार रही है। इसी पार्टी की नेता पल्लवी पटेल भी सपा उम्मीदवार के मुकाबले मैदान में उतरने को तैयार है।

लोक दल के प्रमुख सुनील सिंह ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की। सुनील सिंह ने इस दौरान जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को डुप्लीकेट पार्टी करार दिया। इस मौके पर सपा प्रमुख ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की असली पार्टी लोकदल सपा के साथ आ गई है। वहीं, अखिलेश यादव ने भी सुनील को धन्यवाद देते हुए कहा कि असली लोक दल सपा के साथ है।

बीते दिनों राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने सपा से गठबंधन तोड़कर भाजपा के साथ आए थे, अब अपना दल (कमेरावादी) ने भी सपा गठबंधन से अलग होकर अपना रास्ता चुन लिया है। इसकी औपचारिक घोषणा गुरुवार खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकार-वार्ता में की।



- सपा व अपना दल कमेरावादी का गठबंधन 2022 के विधानसभा चुनाव में था, 2024 के लिए कोई गठबंधन नहीं

### भाजपा ने चंदा वसूली कर ली इसलिए विपक्षियों के अकाउंट सीज हो रहे

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि, भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। अखिलेश का यह भी आरोप है कि भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि, चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। सपा प्रमुख के मुताबिक, जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट भी सीज कर रही है क्योंकि उसकी चोरी उजागर हो गयी है। अखिलेश गुरुवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद मीडिया के सामने विचार प्रकट कर रहे थे।

### सपा में खुले है वरुण गांधी के लिए दरवाजे

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीलीभीत लोकसभा सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार भले उतार दिया हो लेकिन वरूण गांधी के लिए रास्ते अब भी खोल रखे हैं। दरअसल, वरुण के सपा से चुनाव लड़ने की खबरों के बीच अखिलेश यादव ने बुधवार को पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बावजूद इसके पार्टी की ओर से ऐसे संकेत मिले हैं कि वरूण आगे आएं तो सपा टिकट बदल देगी। सपा का पीलीभीत से उम्मीदवार बनने के बाद भगवत सरन से जब मीडिया प्रतिनिधियों ने सवाल किया कि, अगर वरुण गांधी को भाजपा से टिकट नही मिला और उन्होंने सपा से टिकट मांगा तो वो क्या करेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हाई कमान ने उन्हें टिकट दिया तो वो अपनी सीट खुशी-खुशी छोड़ देंगे।हालांकि वरुण गांधी ने पीलीभीत से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है। अगर भाजपा से उनका टिकट कटा तो वह निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं।



# स्थानीय विजेता तो दूर, कल्याण भी नहीं तोड़ पाए महादीपक का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** राजनीति में धुरंधर परिणाम आए। बदलाव भी हुए। सबने अपने अपने रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया, लेकिन मोदी की सुनामी रही हो या पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की खुद चुनाव मैदान में उतरें हुए हों, वे भी वर्ष 1977 का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। उस समय सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने ऐसा मतदान किया कि अब तक रिकॉर्ड तोड़ना तो दूर कोई छू न सका।

वर्ष 1977 के इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल लगाने के बाद वर्ष 1977 में लोकसभा के लिए आम चुनाव हुए। इस आम चुनाव में देश में कांग्रेस विरोधी लहर चली। इस लहर से एटा लोकसभा सीट भी अछूती नहीं बची। इस चुनाव में एटा लोकसभा में कई रिकार्ड बने। इस चुनाव में हुआ 66.96 प्रतिशत मतदान एटा लोकसभा के रिकार्ड में दर्ज है। इस चुनाव में एक रिकार्ड ऐसा भी बना जो आज तक नहीं टूटा। इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की। इसके बाद कई बार प्रत्याशियों ने अच्छे मत प्रतिशत से जीत हासिल की, लेकिन यह रिकार्ड नहीं टूटा। यहां तक की महादीपक सिंह शाक्य ने 1996 में व 1998 में भाजपा के टिकट से चुनाव जीता, लेकिन वह भी अपने 1977 के अपने रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव, 2009 के चुनाव में सपा समर्थन से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, 2014 के चुनाव में भाजपा से राजवीर सिंह ने अच्छे वोट प्रतिशत प्राप्त कर जीत हासिल की, लेकिन वह भी इस रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2019 में देश भर में मोदी की सुनामी में भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह फिर से अच्छे वोटों से चुनाव जीतें है, लेकिन वे इस चुनाव में भी 1977 में बने रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सके।

**40% से अधिक वोट पाकर जीतने वाले प्रत्याशी**

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी का नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1952 | रोहन लाल चतुर्वेदी | कांग्रेस | 40.52 |
| 1977 | महादीपक सिंह शाक्य | बीएलडी | 71.94 |
| 1996 | महादीपक सिंह शाक्य | भाजपा | 46.50 |
| 1998 | महादीपक सिंह शाक्य | भाजपा | 44.28 |
| 2004 | देवेंद्र सिंह यादव | सपा | 47.03 |
| 2009 | कल्याण सिंह | सपा समर्थित | 48.57 |
| 2014 | राजवीर सिंह | भाजपा | 51.28 |
| 2019 | राजवीर सिंह | भाजपा | 54.56 |

**1977** के चुनाव में सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने दिलाई थी ऐतिहासिक जीत, तब से लेकर अब तक टोकना तो दूर कोई छू भी न सका आंकड़ा



### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए फिक्की-आईबीए बैंकर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

## बैंकों के एनपीए में पिछले 6 माह में आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है।

उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित

**निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घट गया**



कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा।

सर्वेक्षण में कहा गया, प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है। किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है।

### बैंकों तक सबकी पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार की ओर से दिशा-निर्देशों का मसौदा जारी

सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। इसके मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं। निर्देशों में एटीएम और स्वयं-सहायता मशीनों के लिए पहुंच प्रावधानों का विवरण दिया गया है।

### देश के नियोक्ताओं को नहीं मिल रहे एआई दक्ष कामगार

**नई दिल्ली।** देश में हर दस में से नौ से ज्यादा नियोक्ता नियुक्तियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कौशल को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन 79 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपनी जरूरत के मुताबिक एआई कौशल वाले लोग नहीं मिल पा रहे हैं जबकि एआई कौशल से काम करने वाले लोगों का वेतन 54 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और एआई अपनाने में होती वृद्धि के साथ करियर में तेजी आ सकती है। एमेज़ॉन डॉटकॉम कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज अपनी नई शोध जारी की है, जिसमें सामने आया है कि जब एआई का पूरा उपयोग होने लगेगा, तब एआई कौशल और विशेषज्ञता वाले लोगों के वेतन में 54 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है जबकि आईटी (65 प्रतिशत), शोध एवं विकास (62 प्रतिशत) में वेतन में सर्वाधिक वृद्धि होती है।

## डिजिटलीकरण के जोखिमों के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आरबीआई डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने दी सलाह**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। स्वामीनाथन ने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा-विकास वास्तव में स्वागत योग्य हैं।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

## भारत का कोयला आयात अप्रैल-जनवरी अवधि में बढ़कर 21.22 करोड़ टन हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में देश में कोयला आयात सालाना आधार पर 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है।

अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.73 करोड़ टन था, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 4.60 करोड़ टन से अधिक है। प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से जनवरी में कोयला आयात बढ़कर 1.98 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 1.69 करोड़ टन से अधिक था। जनवरी, 2024 में कुल कोयला आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.21 करोड़ टन रहा है।

### सेंट्रल बैंक के प्रबंध निदेशक एम वी राव आईबीए चेयरमैन बने

**मुंबई।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एम वी राव को बृहस्पतिवार को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

आईबीए की प्रबंध समिति ने बृहस्पतिवार को हुई अपनी बैठक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा, इंडियन बैंक के प्रबंध एवं सीईओ एस एल जैन और सिटी यूनियन बैंक के प्रबंध और सीईओ एन कामाकोडी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना है।

## सेंसेक्स 539 अंक चढ़कर 72,641 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

- **निफ्टी में भी 172 अंक की बढ़त रही, एनटीपीसी टॉप गेनर रहा**



वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.85 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजारों को वैश्विक बाजारों के रुख से मजबूती मिली। फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के दीर्घकालिक लक्ष्य से ऊपर रहने के बावजूद इस साल ब्याज दरों में तीन कटौती की राह पर चलने का संकेत दिया है।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### एसएससी कांस्टेबल भर्ती की 30 को होगी दोबारा परीक्षा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल और असम राइफल्स में राइफलमैन की भर्ती के लिए 16,185 अभ्यर्थियों के वास्ते 30 मार्च को दोबारा परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), सचिवालय सुरक्षा बल (एसएसएफ) में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की गई थी।

#### कैंसर, कफ सिरप समेत 23 दवाओं के नमूने फेल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बनीं दर्द निवारक कैंसर, एलर्जी, कफ सिरफ, बैक्टीरिया संक्रमण की 23 समेत देशभर की 58 दवाइयों के नमूने फेल हो गए। केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने आज यह जानकारी दी। संगठन ने 676 दवाइयों के नमूने फरवरी में लिए थे। सीडीएससीओ से मिली जानकारी के अनुसार बद्दी की नेक्सकेम बॉयोटेक कंपनी की दर्द की दवा एसेपिक, पांवटा की लेबोरेट फार्मा की संक्रमण की दवा एमोक्सिलिन, परवाणू की हनुचौंम लैबोरेटरी की कैल्शियम और विटामिन डी-3, बेहोशी की दवा व इंजेक्शन आदि मानकों पर खरी नहीं उतरी।

## बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को नोटिस

### सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी-दो सदस्यों पर हमला गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया के साथ की गई कथित हाथापाई का बृहस्पतिवार को संज्ञान लिया और जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी किया। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने घटना पर स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया। घटना बुधवार को जिला अदालत में हुई जहां वकील हड़ताल पर थे।

सिंह ने शीर्ष अदालत को बताया कि वकीलों ने कथित तौर पर

**वरिष्ठ वकील के साथ हाथापाई का मामला**



दुर्व्यवहार किया और भाटिया का 'कॉलर बैंड' छीन लिया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुईं और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। पीठ ने कहा-ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह न्यायालय रिकॉर्ड पर रखी गई बात को स्वीकार न करे। आमतौर पर, हम याचिका पर जोर देते हैं। लेकिन उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के दो सदस्यों पर हमला गंभीर है। हम रजिस्ट्रार को स्वतः संज्ञान रिट याचिका दर्ज करने का निर्देश देते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

शीर्ष अदालत ने जिला न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज अगले आदेश तक सुरक्षित रहे और घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पीठ ने कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि बार के सदस्यों की हड़ताल से उन वादियों पर असर पड़ता है जो न्याय प्रणाली में अहम हितधारक हैं। उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने भी भाटिया के साथ गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में एक वकील द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की है।

एससीबीए ने न्यायालय को बताया कि उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन अदालत कक्ष के अंदर मौजूद एक वकील द्वारा किए गए इस गंभीर दुर्व्यवहार का संज्ञान लेता है और संबंधित वकील के ऐसे गैर-पेशेवर और गैर कानूनी कृत्य की कड़ी निंदा करता है जो संपूर्ण कानूनी बिरादरी को बदनाम करता है। एससीबीए ने कहा कि वह जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी समिति से उक्त वकील की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

### आधार कार्ड निष्क्रिय किए जाने के आरोप पर केंद्र से जवाब-तलब

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र को उस जनहित याचिका पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा लोगों के आधार कार्ड निष्क्रिय करने का आरोप लगाया गया है।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अशोक चक्रवर्ती ने जनहित याचिका के सुनवाई योग्य होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि याचिका में इस तरह की कार्रवाई से प्रभावित किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत मामले का हवाला नहीं दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र को जनहित याचिका में लगाए गए आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## पतंजलि आयुर्वेद ने अपने भ्रामक और झूठे विज्ञापन पर मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बिना शर्त लगाई गुहार**



'भ्रामक' विज्ञापन जारी करने के मामले में अदालत की अवमानना नोटिस का सामना कर रहे पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना शर्त माफी की गुहार लगाई है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एलोपैथी दवा को बदनाम करने के लिए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने उन्हें 19 मार्च को फटकार लगाई थी और दो अप्रैल को रामदेव और बालकृष्ण को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। उससे पहले शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर बालकृष्ण ने कहा है कि वह कानून के शासन का सर्वोच्च सम्मान करते हैं और उसका पालन करने के लिए बाध्य है।

उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विज्ञापन में केवल सामान्य बयान शामिल थे, उसमें अनजाने में आपत्तिजनक वाक्य भी शामिल हो गए। ऐसा इस वजह से हुआ कि कंपनी के मीडिया विभाग के कर्मियों को अदालत के आदेश के बारे में जानकारी नहीं थी।

### यूनियन बैंक में धोखाधड़ी : सीबीआई ने स्वास्तिक कंपनी के परिसरों की ली तलाशी

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 48.06 करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने जयपुर में स्वास्तिक कॉपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के परिसरों में पांच स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिजली वितरण ट्रांसफार्मर के निर्माण और मरम्मत के कारोबार में लगी कंपनी और उसके निदेशकों और गारंटरों पर कथित तौर पर बैंक को धोखा देने का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने कहा कि सीबीआई ने प्राथमिकी में कंपनी के निदेशकों/गारंटर संदीप जैन और इंद्र जैन, पूर्व निदेशक/गारंटर नीलम जैन, गारंटर शरद कुमार बाकलीवाल और अन्य अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों को नामित किया है।

## गैस रिसाव से आग लगी, तीन बच्चों सहित पांच की मौत

जयपुर, एजेंसी

- **राजस्थान में हुई घटना में एक परिवार के लोग जल गए**

जयपुर में बृहस्पतिवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में युवा दंपत्ति व उसके तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार सुबह उस समय हुई जब राजेश यादव (25) सिलेंडर बदल रहा था। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी और अचानक आग भभक उठी। उन्होंने बताया कि किराए के कमरे में राजेश यादव, उनकी पत्नी रूबी (24), उनकी बेटियां ईशु (7) व खुशमनी (4) और बेटा दिलखुश (2) मौजूद थे और उनमें से कोई भी बाहर नहीं निकल सका। आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और सभी लोग जिंदा जल गए। थानाधिकारी ने बताया कि इस मकान में 17-18 कमरे हैं। इनमें से एक कमरे में राजेश का परिवार पिछले चार महीने से रह रहा था। यह परिवार मूल रूप से मोतिहारी, बिहार का रहने वाला था। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश एक फैक्ट्री में काम करता था। उसने सुबह अपना सिलेंडर भरवाया था और उसे बदल रहा था तभी अचानक यह हादसा हुआ।

## उत्तर-पूर्व दिल्ली में इमारत ढह जाने से दो लोगों की गई जान, एक अन्य घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्व दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत ढह जाने से एक जींस कारखाने के दो कर्मचारियों की मौत हो गई, और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जींस कारखाने के तीनों कर्मचारी दो मंजिला इमारत के भूतल पर काम कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय टिर्की ने बताया-देर रात 2.16 बजे दो मंजिला इमारत के गिर जाने की सूचना मिली। यह एक पुरानी इमारत थी।'' उन्होंने कहा कि इस भवन की पहली मंजिल खाली थी और भूतल पर जींस का कपड़ा काटने का काम हो रहा था। एक अन्य अधिकारी ने कहा-मलबे में दबे तीन कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और जीटीबी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया।

## आनंद ने खरगे को लिखा-जाति जनगणना सही नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शर्मा ने पार्टी के रुख किया विरोध**
- **कहा-देश में इससे बेरोजगारी और असमानता खत्म नहीं होगी**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने जाति जनगणना पर पार्टी के आधिकारिक रुख का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि समावेशी दृष्टिकोण रखने वाली इस पार्टी का अपने पुराने रुख से विचलित होना इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी की विरासत का अपमान है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे गए पत्र में यह भी कहा कि जाति जनगणना देश में व्याप्त असमानताओं और बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए रामबाण नहीं हो सकती।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य शर्मा ने जाति जनगणना के मुद्दे पर पार्टी से अलग रुख ऐसे समय अपनाया है जब लोकसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है और पार्टी ने इस चुनाव में जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' की बात की है उनमें से एक जाति जनगणना भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पिछले कई महीनों से जाति जनगणना और सामाजिक न्याय को विषय को जोर-शोर से उठा रहे हैं। शर्मा ने खरगे को लिखे लिखे पत्र में कहा-राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना चुनावी विमर्श में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभरा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन ने इसका समर्थन किया है। गठबंधन में वे दल भी शामिल हैं जिन्होंने लंबे समय से जाति आधारित राजनीति की है। हालांकि, सामाजिक न्याय पर कांग्रेस की नीति भारतीय समाज की जटिलताओं की परिपक्व समझ पर आधारित है।

### तमिलनाडु में ईडी ने विजयभास्कर के आवास पर मारा छापा

**पुडुकोट्टई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को अलग-अलग धन शोधन मामलों में तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के इलुप्पुर में वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर के आवास तथा चेन्नई स्थित एक रियल एस्टेट समूह के परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों के सिलसिले में लगभग 25 स्थानों की तलाशी ली। अन्नाद्रमुक शासन के दौरान 2011 से 2021 तक स्वास्थ्य विभाग संभालने वाले विजयभास्कर अधिक संपत्ति के मामले का सामना कर रहे थे।

## कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने ली थी 50 लाख की रिश्वत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **चीनी नागरिकों के वीजा मामले में ईडी ने दाखिल किए आरोप पत्र**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुनः वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी।

ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिये एक कंपनी में निवेश की गयी, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं। एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है। कार्ति ने कहा कि उनके वकील सुनवाई के दौरान अदालत में इन आरोपों का जवाब देंगे। संघीय एजेंसी ने कार्ति चिदंबरम, उनके द्वारा प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, उनके कथित करीबी सहयोगी और अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए है।

चीनी कर्मचारी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में तैनात थे। दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत ने 19 मार्च को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। अदालत ने कार्ति चिदंबरम सहित आरोपपत्र में नामजद सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। अन्य आरोपियों में पद्म दुगर, विकास मखरिया, मंसूर सिद्दीकी और दुगर हाउसिंग लिमिटेड शामिल हैं। ईडी ने कहा कि जांच में पता चला कि कार्ति चिदंबरम ने पंजाब के मनसा में बिजली परियोजना स्थापित कर रही तलवंडी साबो पावर लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा चीनी वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी प्राप्त करने के लिए अपने करीबी सहयोगी एस भास्कररमन के माध्यम से 50 लाख रुपये की अवैध रिश्वत ली थी। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया है कि कंपनी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी लेने के लिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया, जहां उनके पिता गृह मंत्री (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम) थे।

# क्रिकेट के जलसे में दिखेगा भारत के सितारों का जलवा

**चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी**

**पांच खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत सकी है**

**महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा पांच बार आईपीएल खिताब जीतने वाले कप्तान**

**दो बार की विजेता केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर**

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिये काफी होंगी। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी, जिसके लिये वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिये शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी हैं। वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिये मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। आरसीबी के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनायें लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिये दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिये पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।




## खेल डायरी

### अशोक, परमजीत पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई

**नयी दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ढाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

### एडम जम्पा ने आईपीएल 2024 से नाम लिया वापस

**नयी दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स टीम के ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जम्पा के मैनेजर ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते कहा कि वह आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे। जम्पा को नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में रिटेन किया था। पिछले वर्ष खेले एकदिवसीय विश्वकप के बाद से जम्पा का कार्यक्रम व्यस्त रहा।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सईद अहमद का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाये थे। उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिये थे। उन्होंने 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के जरिये पदार्पण किया था।

## गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी जिससे बतौर खिलाड़ी भी इस सत्र में उनके खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई है। आईपीएल ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है। आईपीएल ने ट्रॉफी के साथ सभी कप्तानों की तस्वीर जारी करते हुए लिखा, ''पेश है चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़।'' सीएसके ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ''एम एस धोनी ने चेन्नई



सुपर किंग्स की कप्तानी टाटा आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले रूतुराज गायकवाड़ को दी। रूतुराज 2019 से चेन्नई टीम का अहम हिस्सा है और आईपीएल में 52 मैच खेल चुका है।'' ऐसी अटकलें हैं कि धोनी इस सत्र के बाद संभवतः खेल से विदा लेंगे लिहाजा उनकी मौजूदगी में टीम इस बदलाव की जरूरत महसूस कर रही होगी।

### मिथुन, निखिल और कृष्ण मोहन चयनकर्ता बनने की दौड़ में

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है।

## ओलंपिक में शरत होंगे भारत के ध्वजवाहक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे, जबकि दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को गुरुवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने यह घोषणा करते हुए बयान में कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 'ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।' छह बार की विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त



किया गया है। आईओए ने कहा, ''मैरीकॉम का खेलों के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने का ज्ञान है।'' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग भारतीय टीम का संचालन करेंगे।

### अंश 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

**मुंबई।** ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया।



# बॉलीवुड हलचल

## हॉरर कॉमेडी होगी श्रेयस और तुषार की फिल्म 'कपकपी'



**मुंबई, एजेंसी।** रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' सीरीज की धमाकेदार जोड़ी श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। उनकी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। 'क्या कूल हैं हम' और 'अपना सपना मनी मनी' जैसी कॉमेडी फिल्मों के फेमस डायरेक्टर संगीत सिवन इस फिल्म में हंसी के साथ-साथ कुछ डर और रोमांच भी दिखाने वाले हैं। 'कपकपी' जयेश पटेल द्वारा ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस होगी। फिल्म की कहानी सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने लिखी है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें, फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट अब तक नहीं हुई है। श्रेयस तलपड़े ने 'कपकपी' को लेकर कहा- 'कपकपी' मेरी बाकी फिल्मों से काफी अलग है। उन्होंने बताया कि आजकल, कई थ्रिलर, डार्क या देशभक्ति वाली फिल्मों का चलन बढ़ गया है तो हम दर्शकों के लिए एक वास्तविक हॉरर कॉमेडी फिल्म लाए हैं। जो दर्शकों को हंसाकर लोट-पोट कर देगी। तुषार कपूर और श्रेयस तलपड़े के अलावा फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धी इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा और अभिषेक कुमार सहित कई मंझे हुए एक्टर्स नजर आएंगे।



## एक्ट्रेस सपना चौहान परेशान होकर बोलीं- 'आहि रे दिदिया'

**मुंबई, एजेंसी।** देशभर में होली का खुमार सर चढ़कर बोलता है। लोग इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस कड़ी में भोजपुरी स्टार्स भी पीछे नहीं हैं। वो एक महीने पहले से ही रंगों से सराबोर माहौल बनाए हुए हैं। एक के बाद एक गाने धमाकेदार गाने रिलीज कर रहे हैं। इसी बीच अब भोजपुरी के यंग स्टार अंकुश राजा का नया गाना रिलीज होते ही छा गया है। ये एक होली स्पेशल गीत है। इसका टाइटल 'आहि रे दिदिया' है। अंकुश के इस वीडियो को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाना इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। इसमें अंकुश के साथ एक्ट्रेस सपना चौहान हैं। उन्होंने साली का रोल प्ले किया है। ऐसे में होली के मौके पर अंकुश साली को पाकर खुशी झूम उठे हैं और वो होली मनाने के लिए उतावले हुए जा रहे हैं। इसमें दोनों एक्टर्स के बीच कमाल की केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने के लिए मिल रहे हैं। लहंगे में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

## चोली के पीछे... गाने में बेबो का डांस देख भड़के लोग

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना 'चोली के पीछे क्या है' रिलीज हो गया है। सुपरहिट फिल्म खलनायक में माधुरी दीक्षित पर गाना 'चोली के पीछे क्या है...' फिल्माया गया था अब इसे फिर से रीक्रिएट किया गया है जो कुछ लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आया है। माधुरी के फैन इस गाने को लेकर काफी नाराज नजर आ रहे हैं। फिल्म 'क्रू' में यह गाना करीना कपूर पर फिल्माया गया है। इस गाने के म्यूजिक को अक्षय और आईपी ने रीक्रिएट किया है। गायक दिलजीत दोसांझ, आईपी सिंह, अल्का याग्निक और ईला अरुण हैं। लिरिक्स भी आईपी सिंह ने लिखे हैं। इस गाने में करीना ने धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को टक्कर देने की कोशिश तो की पर वह कामयाब नहीं हो पाई। इस गाने में करीना कपूर खान पिंक रेशमी साड़ी में अपना बोल्ड लुक दिखाती नजर आ रही हैं। वहीं रियल गाने की बात करें तो इसमें डांस क्वीन माधुरी दीक्षित का जबरदस्त डांस देखने को मिला था। यह गाना आज भी लोगों की यादों में सिर्फ इसलिए बसा है, क्योंकि इसे शानदार तरीके से कंपोज किया गया। 'चोली के पीछे' गाने को प्रसिद्ध गीतकार आनंद बख्शी ने लिखा था जबकि अनुभवी संगीत निर्देशकों की जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने इसका संगीत दिया था।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# भारत-अमेरिका संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

- पेंटागन के शीर्ष अधिकारी ने कहा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मजबूत संबंध होना बहुत जरूरी

अमेरिका के शीर्ष रक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। आज के समय में यह संबंध पहले से अधिक मजबूत हैं। साथ ही अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि रूस के साथ संबंध होने के कारण भारत के पास कई विकल्प हैं।

सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं कहना चाहूंगा कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत होते जा रहे हैं। एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण के लिए यह बहुत जरूरी है।' बता दें, रैटनर रैंकिंग सदस्य एडम स्मिथ के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा, हम कई क्षेत्रों में संबंध को मजबूत कर रहे हैं। हमने जेट इंजन को लेकर कुछ प्रगति की है। इसके अलावा हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं हैं, जो उन संबंधों को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

स्मिथ ने कहा, 'मैं उन्हें महत्वपूर्ण समझता हूं, लेकिन मैं निश्चित रूप से भागीदार नहीं बनूंगा क्योंकि उनका संबंध रूस के साथ है और इससे उनके पास विकल्प ज्यादा हैं। उनके दुनिया भर में हमारे कई विरोधियों के साथ संबंध हैं।

### भारत के साथ 20 अरब डॉलर का है रक्षा सहयोग



एली एस रैटनर ने कहा, हमारा रक्षा व्यापार अब 20 अरब डॉलर का है और भारत ने हाल ही में 30 एमक्यू9बी और बीएस खरीदने का एलान किया है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को दिखाता है।

### पन्नू मामलाः भारत के साथ मिलकर काम कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के मामले पर अमेरिका ने एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है। बाइडन प्रशासन ने कहा कि गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के पीछे के लोगों को जिम्मेदार ठहराने के लिए अमेरिका, भारत के साथ काम कर रहा है। पिछले साल नवंबर महीने में भारतीय नागरिक, निखिल गुप्ता पर संघीय अभियोजकों द्वारा पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया था, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि गुप्ता एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम कर रहा था और न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले पन्नू को मारने के लिए एक हत्यारे को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने पर सहमत हुआ था। आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। बुधवार को कांग्रेस की सुनवाई के दौरान दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के सदस्यों से कहा, "दोनों देशों के बीच यह एक गंभीर मुद्दा है। न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार में काम करने वाले किसी व्यक्ति के आदेश पर एक भारतीय नागरिक ने अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक को मारने का प्रयास किया है।

# लाइफ इंश्योरेंस सरेंडर अमूमन घाटे का सौदा

*जीवन बीमा पॉलिसी पसंद नहीं आने पर आप इसे सरेंडर कर सकते हैं। इसके बाद प्रीमियम के रूप में चुकाई गई राशि वापस मिल सकती है। लेकिन ये आखिरी विकल्प होना चाहिए। इसका असर परिवार के बाकी सदस्यों पर पड़ सकता है। जानें कैसे...*



### क्या लगते हैं कागजात

एक पॉलिसी सरेंडर रिक्वेस्ट भरना होगा और बीमा कंपनी को जमा करना होगा। आवेदन के साथ मूल पॉलिसी दस्तावेज, एक रद चेक और केवाईसी दस्तावेजों की एक सेल्फ अटेस्टेड कॉपी जोड़ना होगा। फॉर्म में सरेंडर का कारण भी बताना पड़ सकता है। एक बार सरेंडर आवेदन जमा करने के बाद इसे 7-10 कार्य दिवसों के भीतर प्रोसेस में लाया जाता है।

### देखें कि कितना प्रीमियम वापस मिलेगा



किसी पॉलिसी को सरेंडर करने पर आम तौर पर पेनल्टी लगती है और संचित मूल्य (एग्क्यूमुलेटेड वैल्यू) का नुकसान हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई पारंपरिक पॉलिसी पहले साल सरेंडर की जाती है तो पॉलिसीधारक को कुछ नहीं मिलेगा। यदि पॉलिसी दूसरे साल सरेंडर की जाती है, तो सिर्फ 30% प्रीमियम वापस मिलेगा। चौथे से सातवें साल पॉलिसी सरेंडर करने पर 50% प्रीमियम वापस मिल सकता है। यदि पॉलिसी 9 साल बाद सरेंडर की जाती है तो सालाना प्रीमियम का 90% वापस मिल जाएगा। पॉलिसी सरेंडर करने का मतलब डेथ बेनिफिट को खत्म करना है।

### इन चार पहलुओं पर जरूर करें विचार

1. अपनी माली हालत आंके। वैकल्पिक समाधान तलाशें। पैसे की जरूरत हो तो आप पॉलिसी लोन या आंशिक निकासी जैसे विकल्प भी अपना सकते हैं। 22. पॉलिसी सरेंडर करने से आपके वित्तीय लक्ष्यों- पर लंबी अवधि में होने वाले असर का आकलन करें। देखें कि सरेंडर वैल्यू बीमा कवरेज के नुकसान और भविष्य की जरूरतों की पर्याप्त पूर्ति करती है या नहीं। 3. पॉलिसी सरेंडर करने से जुड़े टैक्स संबंधी प्रभाव जांच लें। बीमा के प्रकार और अवधि के आधार पर पॉलिसी सरेंडर करने से टैक्सेबल इनकम हो सकती है। 4. जीवन बीमाधारक की मृत्यु पर बीमा पॉलिसी द्वारा प्रदान किया गया डेथ बेनिफिट खोई आमदनी के नुकसान की भरपाई कर सकता है। मॉर्गेज पेमेंट को कवर कर सकता है, बच्चों की शिक्षा, अन्य जरूरी खर्चों की पूर्ति कर सकता है।

## एक नजर

### भारतीय दूतावास ने लापता भारतीय छात्र की शुरू की तलाश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने इस महीने की शुरुआत में लापता हुए 25 भारतीय छात्र की तलाश करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ तलाश शुरू की है। बता दें, मामले का खुलासा तब हुआ जब हैदराबाद में बैठे छात्र के परिजनों से फिरौती की मांग की गई, और बताया कि मोहम्मद अब्दुल अराफात का अपहरण हो गया है। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह परिवार और अमेरिका में अधिकारियों के संपर्क में हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

### अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' आज होगा लॉन्च



**श्रीहरिकोटा।** देश का निजी स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस का 580 किलो का रॉकेट अग्निबाण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से शुक्रवार को लॉन्च किया जाएगा। अपनी पहली उड़ान में यह बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले पृथ्वी से 20 किमी ऊपर जाएगा। ये 7 किग्रा पेलोड ले जा सकता है।

### खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, दो की मौत, 22 घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षा बलों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ। विस्फोटक लदे वाहन ने सुरक्षा बलों के काफिले में शामिल गाड़ियों को टक्कर मार दी। हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 22 घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले की है। पुलिस ने कहा- जान गंवाने वाले दो व्यक्तियों को सुरक्षा बल का जवान माना जा रहा है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

### सेना में भर्ती से छूट खत्म किए जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

**यरूशलम।** इजराइल में रूढ़िवादी यहूदी बच्चों ने



सरकार के उस प्रस्ताव के विरोध में सूली लेकर प्रदर्शन किया, जिसमें कट्टर यहूदियों को सेना में अनिवार्य सेवा से छूट है। सरकार इस छूट को खत्म करने जा रही है। इसके विरोध में देशभर में प्रदर्शन चल रहे हैं।

# अमेरिका ने चीन को लगाई लताड़ अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा

## कहा- सीमा पर किसी भी तरह के बदलाव का सख्ती से विरोध करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

हाल के दिनों में चीन की तरफ से जिस तरह से अरूणाचल प्रदेश को लेकर बयानबाजी बढ़ी है, उसको देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय का तेवर भी तल्ख हुआ है।



अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के पहले विदेश मंत्रालय ने और उसके बाद वहां के रक्षा मंत्रालय की तरफ से नागवार गुजरने वाली टिप्पणियां की हैं।

इस बीच अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश सीमा मामले में भारत का साथ देते हुए चीन को कड़ी चेतावनी दी है। दरअसल, अमेरिका ने कहा कि हम अरुणाचल को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार के हिस्सा पर चीन के दावे को गलत ठहराते हैं। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन के किसी भी एकतरफा प्रयास का वो दृढ़ता से विरोध करते हैं। चीन ने हाल ही में अरुणाचल को अपना हिस्सा बताया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद राज्य पर दावा किया था। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम सैन्य या नागरिक द्वारा घुसपैठ या अतिक्रमण का पूरा विरोध करते हैं। बता दें कि 9 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। ये सुरंग रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी।

### अरुणाचल क्षेत्र को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है चीन



इस सप्ताह की शुरुआत में, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है और बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता। इसी बयान पर अब अमेरिका ने चीन को लताड़ लगाई है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है और इसी दावों के तहत नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम जंगनान भी रखा है।

### भारत ने हमेशा चीन के दावे को किया है खारिज

चीन के बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा था- पीएम मोदी समय-समय पर राज्यों का दौरा करते रहते हैं। ऐसे दौरों या विकास योजनाओं का विरोध नहीं किया जा सकता। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। हम चीन के सामने यह बात पहले भी कई बार रख चुके हैं।

### चीन ने कहा था- रिश्तों पर सीमा विवाद का असर नहीं

14 मार्च को वांग वेनबिन ने कहा था- भारत-चीन सीम विवाद दोनों देशों के बायलैटरल रिलेशन्स का प्रतिनिधित्व नहीं करता। हमें एक-दूसरे पर भरोसा करने की जरूरत है। इससे हमारे बीच गलतफहमी दूर होगी और हमारे रिश्ते मजबूत होंगे।

### ताइवान में चीनी लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ

**ताइपे।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। बुधवार और गुरुवार को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 32 चीनी लड़ाकू विमान 20 से 21 मार्च को ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के पांच युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए। रक्षा मंत्रालय का दावा है कि चीनी 32 विमानों में से 20 युद्धक विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को लांघा और दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिणपूर्वी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए।

## पाकिस्तान ने 1.1 अरब डालर की मदद को लेकर आईएमएफ से किया समझौता

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर है। तीन अरब डालर के बेलआउट पैकेज को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच एक कर्मचारी स्तर समझौता हुआ है, इससे 1.1 अरब डालर की अंतिम किस्त जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। अब इस पर आइएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी मिलनी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की टीम नाथन पार्टर के नेतृत्व में 14 से 19 मार्च तक इस्लामाबाद में रही। टीम ने इस दौरान आईएमएफ समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक कार्यक्रम की दूसरी और अंतिम समीक्षा की। आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल पाकिस्तान के लिए तीन अरब डालर की स्टैंड-बाय व्यवस्था को मंजूरी दी थी। आइएमएफ ने कहा कि समझौता हाल के महीनों में पाकिस्तान के स्टेट बैंक और कार्यवाहक सरकार द्वारा मजबूत कार्यक्रम कार्यान्वयन को मान्यता देता है।

## रूस ने कीव पर दागीं 31 मिसाइलें, 13 घायल

कीव, एजेंसी



रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। दोनों देश इस जंग की आग में सालों से जल रहे हैं। महीनों से दोनों देश एक दूसरे से नरमी से पेश आ रहे थे और युद्धविराम चल रहा था लेकिन एक बार फिर रूस ने हमला कर यह बता दिया है कि यह युद्ध अभी थमा नहीं है।

रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी पर गुरुवार को क्रूज और 31 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। यह हमला पिछले 44 दिनों में पहली बार रूस द्वारा शुरू किया गया। रूस के इस हमले के कारण कीव निवासियों की सुबह की शुरुआत जोरदार विस्फोटों की आवाज से हुई।

यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक बच्चे सहित 13 लोग घायल हो गए और दर्जनों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। कीव सिटी प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा, शहर के ऊपर लगभग 31 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया गया।

### चिता की राख से होली....





**वाराणसी :** काशी में गले में नरमुंड की माला पहनकर तांडव करता दिखा तो कोई दांतों तले हड्डी दबाकर नाचता रहा। गुरुवार को मर्णिकर्णिका घाट पर भस्म की होली में खूब नाचे भूत-पिशाच। मसाने की होली खेलने के लिए महाश्मशान पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। बता दें, पूरे देश में रंगों और गुलालों से होली खेली जाती है, लेकिन शिव की नगरी काशी में चिता की राख के साथ भी होली खेली जाती है। काशीवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी जमकर झूमे।

## ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के आरोपी खालिस्तान समर्थक को जेल

**लंदन, एजेंसी।** पश्चिमी लंदन में पिछले साल भारत के स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय उच्चायोग में आयोजित समारोह में हमले में लिप्त खालिस्तानी समर्थक को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

बता दें, भारतीय मूल के दो पुरुषों और एक महिला पुलिस अधिकारी पर हमला करने के मामले में दोषी ठहराये खालिस्तानी को 28 महीने कैद की सजा सुनाई गई है। गुरप्रीत सिंह (26) को आशीष शर्मा और नानक सिंह और पुलिस कांस्टेबल जस्टिन निकोल फैरेल पर हमले के आरोप में जनवरी में दोषी ठहराया गया था। गुरप्रीत सिंह को बुधवार को आइलवर्थ क्राउन अदालत में पेश किया गया। बता दें, यह घटना पिछले साल 15 अगस्त की रात को साउथहॉल में भारत के स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई थी। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि गुरप्रीत सिंह को 12 जनवरी को मामले में दोषी ठहराया गया था और अब उसे 28 महीने की कैद की सजा सुनाई गई है।

## बॉडी मसाज उपकरण को एडल्ट नहीं मान सकते: बम्बई हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

- कोर्ट ने खेप को जब्त करने के आदेश को किया निरस्त, कहा- आयात पर बैन नहीं

बम्बई हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति किशोर संत की खंडपीठ ने कहा कि बॉडी मसाजकर को एडल्ट / वयस्क लोगों के इस्तेमाल वाली वस्तु- सेक्स टॉय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि बॉडी मसाजर को आयात के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची में भी शामिल नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने बुधवार को पारित आदेश में सीमा शुल्क विभाग की तरफ से जब्त बॉडी मसाजर की खेप को छोड़ने का निर्देश देते हुए, खेप को जब्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने साफ किया कि एक बॉडी मसाजर को वयस्क सेक्स टॉय के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, इसे केवल सीमा शुल्क आयुक्त की कल्पना माना जाएगा। बता दें, सीमा शुल्क आयुक्त ने मुंबई में बॉडी मसाजर की खेप जब्त की थी। उन्होंने दावा करते हुए सामान जब्त किया था कि बॉडी मसाजर्स का इस्तेमाल वयस्क सेक्स खिलौनों के रूप में किया जा सकता है। आयुक्त ने कहा था सरकार ने ऐसी वस्तुओं को आयात के लिए प्रतिबंधित किया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने सीमा शुल्क आयुक्त की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। अर्जी में मई, 2023 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती दी गई थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपने आदेश से सीमा शुल्क विभाग के बॉडी मसाजर्स वाली खेप को जब्त करने के आदेश को रद कर दिया था। आयुक्त ने अप्रैल, 2022 में बॉडी मसाजर्स वाली खेप को यह कहते हुए मंजूरी देने से इनकार कर दिया था कि ये उपकरण वयस्क सेक्स खिलौने थे।

**विज्ञान** छिपे राज उजागर कर सकता है यह पिंड, क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की निरंतर जारी है खोज

# अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जो मानव की आकृति लिए प्राचीन बर्फ खुद में समेटे हुए है। वैज्ञानिक इसे हिममानव कह रहे हैं, जो अंतरिक्ष में गड़े राज उजागर कर सकता है। धूमकेतुओं का जल से गहरा रिश्ता है।

दरअसल पृथ्वी पर जल कहां से आया, इस पहेली का समाधान धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों पर ठहरता है। मगर पुख्ता सबूत अभी तक सामने नही आ सकें हैं। जिस कारण धूमकेतु और क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की रिसर्च निरंतर जारी हैं। अब हालही में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जिसमें प्राचीन बर्फ का बड़ा भंडार है। यह ठोस बर्फ उस समय की है, जब हमारा सौर मंडल जन्म ले रहा था। इस खोज से हमारी पृथ्वी पर जल का स्रोत उजागर हो सकता है। इस धूमकेतु को अरोकोथ (स्पेस स्नोमैन) नाम दिया गया है। इसका आकार इंसान की तरह होने के कारण इसे हिममानव कहा जा रहा है। इस खोज से धूमकेतुओं के व्यवहार को भी गहराई से समझा जा सकता है।

अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी गई है, जब धूमकेतु बड़े विस्फोट के साथ विध्वंश हो जाते हैं। सूर्य के करीब से गुजरने पर यह घटना होती है। धूमकेतु में ठोस बर्फ जमा होने के कारण विस्फोट होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। यह खोज न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने की है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार अंतरिक्ष हिममानव कुइपर बेल्ट का सदस्य है। यह बेल्ट हमारे सौर मंडल के बाहरी क्षेत्रों में नेपच्यून की कक्षा से बाहर है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी जा चुकी है, असामान्य हों।



हिममानव के समान धूमकेतु की तस्वीर।

### धूमकेतुओं में छिपे हैं अनेक रहस्य

धूमकेतु सौर मंडल के वह छोटे सदस्य हैं, जिनकी उत्पत्ति 4.5 अरब साल पहले ग्रहों के निर्माण के दौरान हुई। यह सौर मंडल के निर्माण के अवशेष हैं। बड़ी बात यह है कि यह सौर मंडल की उत्पत्ति समेत उन रहस्यों को उजागर कर सकते हैं, जो आज भी हमारी समझ से परे हैं। जिस कारण यह शोध का केंद्र रहे हैं। इन धूमकेतुओं पर शोध भी आसान हो है।

## अफगानिस्तान में बम विस्फोट, 3 की मौत 12 लोग घायल

**कंधार।** अफगानिस्तान के शहर कंधार में गुरुवार को एक आत्मघाती बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। एक प्रांतीय अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंधार शहर देश पर शासन करने वाले तालिबान अधिकारियों का गढ़ माना जाता है।

विस्फोट की जिम्मेदारी का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया है। वहीं, 11 मार्च को मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान की शुरुआत के बाद से देश भर में कई विस्फोटों की सूचना मिली है, तालिबान अधिकारियों ने कुछ की पुष्टि की है। कंधार प्रांत के सूचना एवं संस्कृति निदेशक इनामुल्लाह समांगानी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शहर में एक आत्मघाती हमला हुआ जिसमें तीन हमवतन मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए।

# मंदिरों पर टैक्स संबंधी बिल राज्यपाल ने लौटाया

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक सरकार से मांगा स्पष्टीकरण, सुप्रीम कोर्ट में लंबित है मामला

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक सरकार के मंदिरों पर टैक्स लगाने वाले बिल को सरकार को वापस लौटा दिया है। राज्यपाल ने विधेयक में और ज्यादा स्पष्टीकरण के साथ फिर से देने का निर्देश दिया है। इस विधेयक में मंदिरों की कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान है। भाजपा द्वारा इस विधेयक का विरोध किया जा रहा है।

राजभवन की तरफ से कहा गया है कि साल 2011 और 2012 में जो कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पेश किया गया था, उस पर हाईकोर्ट की धारवाड़ पीठ ने रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। राजभवन की तरफ से कहा गया है कि उसके बाद से मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में इस पर स्पष्टता जरूरी है कि



क्या मामले के लंबित रहने के दौरान उसमें संशोधन किया जा सकता है या नहीं, खासकर जब पूरे विधेयक पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने राज्य के मंदिरों पर टैक्स लगाने के लिए कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया था। इस विधेयक के तहत राज्य के जिन मंदिरों की सालाना कमाई 10 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये के बीच में है, उनसे सरकार पांच प्रतिशत टैक्स वसूलेगी। वहीं जिन मंदिरों की सालाना कमाई एक करोड़ रुपये से अधिक है, उन पर सरकार 10 प्रतिशत टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। यह विधेयक विधानसभा के दोनों सदनों से पारित हो चुका है, लेकिन अब राज्यपाल ने इस पर और स्पष्टीकरण देने की मांग करते हुए विधेयक को लौटा दिया है।

कर्नाटक में 34 हजार से ज्यादा मंदिर सरकार के अधीन हैं। सरकार ज्यादा आमदनी वाले मंदिरों से पैसा लेकर आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की भलाई में खर्च करती है। सरकार का तर्क है कि वह मंदिरों से होने वाली कमाई को बढ़ाना चाहती है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की पर्याप्त मदद हो सके। वहीं भाजपा का विरोध है कि सरकार सिर्फ हिंदू मंदिरों पर ही टैक्स क्यों लगा रही है, साथ ही भाजपा और संतों की मांग है कि सरकार पुजारियों को बजट से पैसा क्यों नहीं दे सकती।